वर्ष : 17 अंक : 258 लखनऊ शनिवार, 27 सितंबर, 2025 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

नगर संस्करण **

www.vishwavarta.com

# विश्ववार्ता

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

मौसम

सूर्योदय : 5:46
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम : 31:00°
न्यूनतम : 26:00°

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड

मूल्य ₹4



ॐ देवी कात्यायन्यै नमः॥
या देवी सर्वभूतेषु माँ कात्यायनी रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥

निजीकरण के टेंडर की प्रक्रिया तेज होने की... 2 | लद्दाख के लिए पूर्ण राज्य का दर्जा 6 | स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जायेगा मिग-21 .. 12 | मां कात्यायनी

## एडमिशन लेते ही आयेगी स्कॉलरशिप



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** योगी सरकार ने छात्रवृत्ति वितरण व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए समय से पहले देने का ऐलान किया। शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में 3.96 लाख छात्र-छात्राओं को 89.96 करोड़ की छात्रवृत्ति ट्रांसफर की। सीएम योगी ने कहा- 2017 तक पिछली सरकारों ने छात्र-छात्राओं के साथ गलत किया। उन्हें स्कॉलरशिप न समय से मिली और न ही पूरी मिली। हमारी सरकार ने समय से पहले छात्रवृत्ति देने की शुरुआत कर दी है। आने वाले समय में एडमिशन लेते ही स्कॉलरशिप खाते में आ जाएगी। पूर्व में फरवरी-मार्च में दी जाने वाली छात्रवृत्ति अब सितंबर में वितरित होगी। राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि यह कदम छात्रों के लिए दीपावली गिफ्ट जैसा है, जिससे वो समय पर पढ़ाई के लिए आर्थिक मदद ले सकेंगे।

सरकार के अनुसार 2024 में 59 लाख छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति मिली थी। वर्ष 2025 में यह संख्या बढ़कर 70 लाख से अधिक होने की संभावना है। इससे पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्रों को व्यापक रूप से लाभ मिलेगा।

पिछड़ा वर्ग कल्याण, समाज कल्याण और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने मिलकर योजना का क्रियान्वयन तेज किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में यह रणनीति तैयार हुई, ताकि छात्रों को नवरात्र के पावन अवसर पर ही राशि हस्तांतरित हो सके।

सीएम योगी ने कहा- हमें बंटना नहीं है, हम एकजुट रहकर बेहतर शिक्षा के लिए हर छात्र को स्कूल तक पहुंचाना है। ₹याद रखना, इन विभाजनकारी ताकतों ने देश को गुलाम बनाया था। अब नए भारत के लिए प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में जो काम चल रहा है, उस आत्मनिर्भर विकसित भारत के लिए जो अभियान चल रहा है, उसके लिए ये फिर से बाधक बन रही हैं।

# यूपी में तीन नयी निजी यूनिवर्सिटी खुलेंगी

## एक और एक्सप्रेस-वे को मंजूरी, बैठक में 22 प्रस्ताव किये गये पारित

**विश्ववार्ता ब्यूरो**



**यूपी कैबिनेट के महत्वपूर्ण निर्णय**

- औद्योगिक विकास विभाग/- सेमी कंडक्टर के सम्बंध में प्रस्ताव को मंजूरी
- उच्च शिक्षा विभाग/- निजी विवि प्रस्ताव
- ठाकुर युवराज सिंह विवि,फतेहपुर को आशय पत्र निर्गत हेतु मंजूरी
- गांधी विवि झांसी को आशय पत्र निर्गत हेतु मंजूरी
- राधागोविन्द विवि,चंदौसी को संचालन अधिकार प्रस्ताव हेतु स्वीकृति
- उत्तरप्रदेश जिला खनिज फाऊंडेशन न्यास तृतीय संशोधन नियमावली 2025 को कैबिनेट को स्वीकृति
- खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत धान क्रय नीति निर्धारण को स्वीकृति,1 अक्टूबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक पश्चिमी उत्तरप्रदेश में,15 अक्टूबर से 28 फरवरी 2026 तक पूर्वी उत्तरप्रदेश में धान क्रय किया जाएगा,इस वर्ष कॉमन धान का क्रय 2369/क्विंटल मूल्य निर्धारित,ग्रेड ए धान के लिए 2389/क्विंटल मूल्य

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को लोकभवन, लखनऊ में आयोजित कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ बनाने के उद्देश्य से तीन नये निजी विश्वविद्यालय स्थापित किए जाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। बैठक में कुल 22 प्रस्ताव पारित किये गये। दूसरा महत्वपूर्ण प्रस्ताव आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से गंगा एक्सप्रेसवे तक वाया फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेसवे निर्माण करने का था।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि सम्भल जनपद के चन्दौसी क्षेत्र में राधा गोविंद विश्वविद्यालय की स्थापना के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान करते हुए ₹उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (पंचम संशोधन) अध्यादेश, 2025₹ लाने का निर्णय लिया गया है। सोनल एजुकेशनल सोसाइटी, मथुरा द्वारा प्रायोजित यह विश्वविद्यालय ग्राम अकरौली एवं रसूलपुर कैली, चन्दौसी, सम्भल में 22.05 एकड़ भूमि पर स्थापित होगा।

उन्होंने कहा कि इसके साथ ही झांसी जनपद में गांधी विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु उसकी प्रायोजक संस्था 'संत माँ कर्मा मानव संवर्द्धन ट्रस्ट' को आशय-पत्र निर्गत किया गया है। यह विश्वविद्यालय झांसी विकास प्राधिकरण क्षेत्र के ग्राम अम्बाबाय और रुद्र करारी में 20.21 एकड़ भूमि पर स्थापित किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि तीसरे प्रस्ताव के अन्तर्गत फतेहपुर जनपद में ठाकुर युगराज सिंह विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए प्रायोजक संस्था ₹एंग्लो संस्कृत कॉलेज, फतेहपुर₹ को आशय-पत्र जारी किया गया है। यह विश्वविद्यालय नगर पालिका परिषद, फतेहपुर के अन्तर्गत ग्राम-कस्बा फतेहपुर दक्षिणी में 20.45 एकड़ भूमि पर प्रस्तावित है।

योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि 'उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019' एवं 'निजी विश्वविद्यालय (स्थापना) नियमावली, 2021' के तहत नियमानुसार प्रक्रिया पूरी करने के बाद विश्वविद्यालयों का संचालन आरम्भ किया जाएगा। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने बताया कि देश का सर्वाधिक एक्सप्रेसवे निर्माण वाला राज्य बनने की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश में शुक्रवार को मंत्रिपरिषद द्वारा एक और लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई। जिसके निर्माण से प्रयागराज को मेरठ से जोड़ने वाला गंगा एक्सप्रेसवे लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे के साथ ही बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे से भी जुड़ जाएगा। नन्दी ने कहा कि आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से गंगा एक्सप्रेसवे तक वाया फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण होने से सीधा लाभ प्रदेश के छह जनपदों इटावा, मैनपुरी, कन्नौज, फर्रुखाबाद, शाहजहांपुर और हरदोई के लोगों को होगा।

# बरेली में जुमे की नमाज के बाद बवाल, तोड़फोड़, लाठीचार्ज

## मौलाना तकीर रजा हिरासत में, पूरे यूपी में पुलिस दिन भर अलर्ट पर रही

**विश्ववार्ता संवाददाता**





**बरेली।** यूपी के बरेली में शुक्रवार को बवाल हो गया। जुमे की नमाज के बाद बड़ी संख्या में लोग आई लव मोहम्मद लिखी तख्तियां ओर पोस्टर लेकर सड़कों पर निकल पड़े और नारेबाजी करते हुए इस्लामिया ग्राउंड व खलील स्कूल चौक की ओर बढ़े। जैसे ही भीड़ इन इलाकों में पहुंची, माहौल गर्मा गया। पुलिस ने भीड़ को रोकने की कोशिश की लेकिन लोग बेकाबू हो गए। इसी बीच किसी ने पुलिस पर पथराव कर दिया। इसके बाद स्थिति और बिगड़ गई। पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए भीड़ पर लाठीचार्ज कर दिया गया। अचानक हुई इस कार्रवाई से मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई और पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। फिलहाल, पुलिस ने मौलाना तौकीर रजा को हिरासत में ले लिया है। मौलाना तौकीर रजा इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के अध्यक्ष है। इन पर 2010 में बरेली में दंगा करवाने का भी आरोप है। मामला अभी कोर्ट में है। इस मुद्दे पर आज पूरे यूपी में पुलिस अलर्ट रही।

शुक्रवार को नमाज खत्म होने के बाद बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए और नारेबाजी करते हुए खलील तिराहा पहुंचे। जब इन लोगों ने इस्लामिया की ओर जाने का प्रयास किया, तो मौके पर मौजूद पुलिस बल ने उन्हें बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। पुलिस के रोकने पर भीड़ हिंसक हो गई और उन्होंने पुलिस पर पथराव शुरू कर दिया। इस दौरान उपद्रवियों ने कम से कम दो मोटरसाइकिलों में तोड़फोड़ की और एक दुकान को भी निशाना बनाया। स्थिति को नियंत्रण में लाने और उपद्रव को शांत करने के लिए पुलिस को मजबूरन लाठीचार्ज करना पड़ा। लाठीचार्ज के बाद भीड़ तितर-बितर हो गई।

उपद्रव वाले क्षेत्र, खलील तिराहा के करीब 200 मीटर के दायरे में चप्पलें, जूते और पत्थर बिखरे पड़े दिखाई दिए, जो बवाल की गंभीरता को दर्शाते हैं। हालात बिगड़ने की सूचना मिलते ही डीआईजी अजय साहनी, एसपी सिटी सहित पुलिस और प्रशासनिक विभाग के आला अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे।

## भारत ने सुपर ओवर में श्रीलंका को हराया

**दुबई।** भारत ने एशिया कप 2025 में अपना अजेय अभियान जारी रखा है। टीम ने आखिरी सुपर-4 मैच में श्रीलंका को सुपर ओवर में हराया। इसमें भारत को 3 रन का टारगेट मिला था, जिसे भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहली बार हासिल कर लिया। शुक्रवार रात को भारतीय टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 202 रन बनाए। जवाब में श्रीलंकाई टीम ने भी 20 ओवर में 5 विकेट पर 202 रन बनाए। ऐसे में फैसला सुपर ओवर में हुआ। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में 203 रन का टारगेट चेज कर रही श्रीलंकाई टीम से पथुम निसांका ने 58 बॉल पर 107 रन की पारी खेली। उन्होंने कुसल परेरा (58 रन) के साथ 127 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी ने मैच टाई कराया। इससे पहले भारतीय टीम ने मौजूदा एशिया कप में पहली बार 200 रन से ज्यादा का स्कोर बनाया था। ओपनर अभिषेक शर्मा ने 31 बॉल पर 61 रन बनाए।


## राहुल गांधी को यूपी हाई कोर्ट से लगा तगड़ा झटका

### सिखों पर टिप्पणी : वाराणसी कोर्ट में केस चलेगा

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से झटका लगा है। अब उनके खिलाफ सिखों पर टिप्पणी मामले में वाराणसी कोर्ट में मुकदमा चलेगा। दरअसल, पिछले साल अमेरिका दौरे पर राहुल गांधी ने कहा था- लड़ाई इस बात की है कि क्या एक सिख को भारत में पगड़ी और कड़ा पहनने का अधिकार है।

राहुल के इस बयान के खिलाफ नागेश्वर मिश्रा ने वाराणसी की मजिस्ट्रेट कोर्ट में याचिका दायर की, लेकिन कोर्ट ने खारिज कर दिया। इसके बाद उन्होंने एमपी/एमएलए कोर्ट में दोबारा याचिका दायर की, जिसे 21 जुलाई, 2025 को कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। एमपी/एमएलए कोर्ट के फैसले के खिलाफ राहुल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। 3 सितंबर को बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। 10 सितंबर, 2024 को अमेरिका में राहुल ने कहा था- भारत में सिख समुदाय के बीच इस बात की चिंता है कि उन्हें पगड़ी, कड़ा पहनने की इजाजत दी जाएगी या नहीं? क्या वे गुरुद्वारे जा सकेंगे? ये चिंता सिर्फ सिखों की नहीं, बल्कि सभी धर्मों के लिए है। देश सबका है, यह बीजेपी नहीं मानती। भारत एक संघ है। संविधान में साफ लिखा है। भारत एक संघ राज्य है, जिसमें विभिन्न इतिहास, परंपराएं, संगीत और नृत्य शामिल हैं। बीजेपी कहती है कि ये संघ नहीं है, ये अलग है।



आरएसएस भारत को नहीं समझता। आरएसएस कहता है कि कुछ राज्य दूसरे राज्यों से कमतर हैं। कुछ भाषाएं दूसरी भाषाओं से, कुछ धर्म दूसरे धर्मों से, कुछ समुदाय दूसरे समुदाय से कम हैं। हर राज्य का अपना इतिहास, परंपरा है। आरएसएस की विचारधारा में तमिल, मराठी, बंगाली, मणिपुरी हैं, ये कमतर भाषाएं हैं। इसी बात पर लड़ाई है। आरएसएस भारत को नहीं समझता।

राहुल गांधी ने 15 जुलाई को लखनऊ कोर्ट में सरेंडर किया था। वाराणसी निवासी नागेश्वर मिश्रा ने राहुल के बयान के खिलाफ सारनाथ थाने में एफआईआर दर्ज कराने के लिए शिकायत दी थी, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं हुई। इस पर उन्होंने अदालत में केस दाखिल किया। मजिस्ट्रेट (द्वितीय) ने 28 नवंबर 2024 को यह कहते हुए केस खारिज कर दिया कि मामला अमेरिका में दिए गए भाषण से जुड़ा है। यह उनके क्षेत्राधिकार से बाहर है। इसके बाद नागेश्वर मिश्रा ने एमपी/एमएलए कोर्ट में निगरानी याचिका दाखिल की, जिसे 21 जुलाई 2025 को अदालत ने स्वीकार कर लिया। 26 दिन पहले कोर्ट के फैसले के खिलाफ राहुल गांधी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

राहुल गांधी ने 25 अगस्त को एमपी/एमएलए कोर्ट के समक्ष दायर लिखित जवाब दाखिल किया था। कहा था- नागेश्वर मिश्रा द्वारा दायर पुनर्विचार याचिका राजनीति से प्रेरित है। उनके खिलाफ कोई आपराधिक कार्रवाई शुरू करने का कोई कानूनी आधार नहीं है। उन्होंने खुद को 'सच्चा देशभक्त' बताते हुए कहा- सिख समुदाय सहित सभी धर्मों और समुदायों के प्रति उनके मन में गहरा सम्मान है।

उनकी टिप्पणी वास्तव में 'सिख समुदाय के हित में और उनके योगदान को उजागर करने के लिए₹ थी। राहुल गांधी ने तर्क दिया था- अमेरिका यात्रा के दौरान दिया गया बयान विशेष समुदाय (सिखों) पर पूरे विश्व में हो रहे अत्याचारों के संबंध में है, जो सिख समुदाय के खिलाफ नहीं है, बल्कि सिख समुदाय के सम्मान और उनके हित में दिया गया। बयान भारत के बाहर दिया गया, इसमें ऐसा कुछ भी नहीं है, जिससे सिख समुदाय का अपमान हुआ हो।

## समान नागरिक संहिता वक्त की जरूरत

### पर्सनल लॉ में बाल विवाह की परमिशन, लेकिन पॉक्सो में क्राइम

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को देश में समान नागरिक संहिता लागू करने की वकालत की। कोर्ट ने कहा कि पर्सनल लॉ बाल विवाह की परमिशन देता है, जबकि पॉक्सो एक्ट, बीएनएस में यही अपराध है। इन कानूनों के बीच बार-बार होने वाले टकराव को देखते हुए इसकी कानूनी रूप से स्पष्ट व्याख्या जरूरी है।

जस्टिस अरुण मोंगा ने पूछा कि अक्सर हम इस दुविधा में आ जाते हैं कि क्या समाज को लंबे समय से चले आ रहे पर्सनल लॉ का पालन करने के लिए अपराधी बनाया जाना चाहिए। जस्टिस मोंगा ने कहा कि क्या अब यूसीसी की तरफ बढ़ने का समय नहीं आ गया है। जिसमें एक ऐसा ढांचा बनाया जाए, ताकि पर्सनल लॉ जैसे कानून राष्ट्रीय कानूनों पर हावी न हों।



दिल्ली हाईकोर्ट की यह टिप्पणी नाबालिग लड़की से शादी करने के आरोपी हामिद रजा की जमानत याचिका से जुड़े केस की सुनवाई के दौरान सामने आई। हामिद पर आईपीसी की धारा 376 और पॉक्सो एक्ट के तहत आरोप है कि उसने नाबालिग लड़की से शादी की। रजा के खिलाफ एफआईआर लड़की के सौतेले पिता ने की थी। हालांकि कोर्ट ने कहा कि मौजूदा मामले में, नाबालिग रजा की गिरफ्तारी से पहले उसके साथ रह रही थी। उसके पिता ने अपना अपराध छिपाने के लिए एफआईआर की थी। हामिद रजा को जमानत दे दी।

उत्तराखंड यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन चुका है। 27 जनवरी 2025 में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इसका ऐलान किया था। यूसीसी लागू होने के बाद से उत्तराखंड में हलाला, बहुविवाह, तीन तलाक पर पूरी तरह रोक लग गई है। उत्तराखंड, गोवा के बाद पहला राज्य है, जहां यूसीसी लागू हुआ। भले ही गोवा में पहले से ही यूसीसी लागू है, लेकिन वहां इसे पुर्तगाली सिविल कोड के तहत लागू किया गया था। उत्तराखंड आजादी के बाद समान नागरिक संहिता लागू करने वाला पहला राज्य बना है।

इस्लामी पर्सनल लॉ किसी लड़की के यौवन शुरू होने पर शादी की परमिशन देता है। जिसे 15 साल माना जाता है, जबकि आईपीसी-बीएनएस और पॉक्सो एक्ट नाबालिगों की शादी या यौन संबंधों पर प्रतिबंध लगाते हैं।

## चैतन्यानंद को अग्रिम जमानत नहीं, कोर्ट में याचिका खारिज

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश के एक मामले में स्वयंभू धर्मगुरु चैतन्यानंद सरस्वती की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर ने कहा कि मौजूदा मामले की जांच अभी शुरुआती चरण में है। जांच अधिकारी को धोखाधड़ी, ठगी, साजिश और धन के दुरुपयोग की पूरी श्रृंखला का पता लगाने के लिए आरोपी से हिरासत में पूछताछ की जरूरत है। आईओ के अनुसार, आरोपी अपने दिए गए पते पर मौजूद नहीं है और उसका मोबाइल फोन भी बंद है। न्यायाधीश ने आगे कहा कि आरोपों की गंभीरता और अपराध की गंभीरता को देखते हुए यह न्यायालय आरोपी को अग्रिम जमानत देने के पक्ष में नहीं है। इसलिए, वर्तमान जमानत याचिका खारिज की जाती है।



» न्यायालय ने कहा- हिरासत में पूछताछ जरूरी

स्वयंभू धर्मगुरु पर दिल्ली के एक निजी प्रबंधन संस्थान की 17 छात्राओं का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने का भी एक मामला दर्ज किया गया है। उसके बाद से वह फरार चल रहा है। पुलिस ने उसके खिलाफ लुक आउट नोटिस भी जारी किया है ताकि वह देश छोड़कर भाग न सके।

## लेह हिंसा में सोनम वांगचुक गिरफ्तार

### लगातार तीसरे दिन कर्फ्यू, स्कूल-कॉलेज भी बंद रहे

**एजेंसी**

**लेह।** लद्दाख के सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को शुक्रवार को अरेस्ट कर लिया गया। उसे जोधपुर जेल ले जाये गया है। सरकार ने वांगचुक को लेह में दो दिन पहले हुई हिंसा का जिम्मेदार माना था। हालांकि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि उनकी गिरफ्तारी किस मामले में हुई है। वांगचुक की अरेस्टिंग के बाद लेह में इंटरनेट बंद कर दिया गया है।

लेह में 24 सितंबर को हुई हिंसा के बाद से लगातार तीसरे दिन कर्फ्यू जारी है। स्कूल-कॉलेज शनिवार तक बंद हैं। लेह में पूर्ण राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़की थी। इसमें 4 युवाओं की मौत हुई थी। 80 घायल हो गए थे, इनमें 40 पुलिसकर्मी शामिल हैं। अब तक 60 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं।



गृह मंत्रालय ने वांगचुक की एक संस्था स्टूडेंट्स एजुकेशनल एंड कल्चरल मूवमेंट ऑफ लद्दाख का विदेशी फंडिंग लाइसेंस रद्द कर दिया है। विदेशी अनुदान या दान के लिए एनजीओ को विदेशी अशंदान (विनियमन) एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन करवाना पड़ता है। जिसमें पाया गया कि संस्था ने फंडिंग का गलत इस्तेमाल किया। सीबीआई ने वांगचुक की एक और एनजीओ हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ ऑल्टरनेटिव्स लद्दाख के खिलाफ भी विदेशी फंडिंग मामले में भी जांच शुरू कर दी है। एचआईएएस पर भी विदेशी चंदा कानून के उल्लंघन का आरोप है। सीबीआई टीम एनजीओ के अकाउंट्स और रिकॉर्ड की जांच कर रही है।

सीबीआअ को केवल 2022 से 2024 तक के खातों की जांच करनी थी, लेकिन अब वे 2020 और 2021 के रिकॉर्ड भी देखने लगे हैं। यहां तक कि शिकायत से बाहर के स्कूलों से भी दस्तावेज मांगे जा रहे हैं। पहले स्थानीय पुलिस ने उन पर राजद्रोह का केस लगाया। एक पुरानी चार साल पहले की शिकायत भी दोबारा खोली गई है, जिसमें मजदूरों को वेतन न देने का आरोप था। सरकार ने एचआईएल को दी गई जमीन का पट्टा यह कहकर रद्द कर दिया कि लीज की रकम जमा नहीं की गई, जबकि उनके पास दस्तावेज हैं कि सरकार ने ही फीस न लेने की बात कही थी।

## शिवपाल की प्रसपा समेत 21 दलों को नोटिस

**लखनऊ।** सपा नेता शिवपाल यादव की प्रगतिशील समाजवादी पार्टी समेत लखनऊ में रजिस्टर्ड 21 राजनीतिक दलों ने राज्य निर्वाचन आयोग को चुनाव खर्च का ब्योरा नहीं दिया है। इन सबको कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इन दलों ने पिछले तीन वित्तीय वर्षों के वार्षिक खातों का विवरण जमा नहीं किया था। आयोग ने इन्हें 3 अक्टूबर तक जवाब देने का मौका दिया है। वाजिब जवाब नहीं देने पर मान्यता रद्द करने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है।

जिन दलों को नोटिस जारी हुआ है, उनमें अखंड राष्ट्रवादी पार्टी, ऑल इंडिया राजीव कांग्रेस पार्टी, एकलव्य समाज पार्टी, किशोर राज पार्टी, लोकदल, लोक गठबंधन पार्टी, मानवतावादी क्रांति दल, मानववादी पार्टी, नागरिक एकता पार्टी, नैतिक पार्टी, प्रगतिशील समाजवादी पार्टी आदि पार्टी शामिल हैं।

# यूएन में कश्मीर पर बौखलाहट दिखाने वाले तुर्की को भारत ने लताड़ा

## कश्मीर पर किसी की मध्यस्थता स्वीकार नहीं

**एजेंसी**

**न्यूयार्क।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र में कश्मीर मुद्दा उठाकर अपनी बौखलाहट दिखाने वाले तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन को भारत ने अच्छी तरह से लताड़ लगाई है। सरकार ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर पर अपना रुख दृढ़ता से दोहराया और स्पष्ट किया कि यह मामला पूरी तरह से द्विपक्षीय है और इसमें किसी बाहरी पक्ष की भागीदारी की आवश्यकता नहीं है। मीडिया को संबोधित करते हुए, विदेश मंत्रालय (MEA) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस बात पर जोर दिया कि नई दिल्ली के रुख में कोई बदलाव नहीं आया है।



जायसवाल ने जोर देकर कहा, ₹कश्मीर मुद्दे पर हमारा रुख बिल्कुल स्पष्ट है, इसमें कोई बदलाव नहीं आया है। जहां तक मध्यस्थता का सवाल है, भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय मुद्दों पर किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता की कोई जरूरत नहीं है।₹ यूएनजीए में अपने संबोधन में, एर्दोगन ने कहा था कि तुर्की भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम समझौते से खुश है और उन्होंने कश्मीर मामले को संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों के आधार पर बातचीत के जरिए सुलझाने पर जोर दिया। यह टिप्पणी इस्लामाबाद के समर्थन में उनके पहले के रुख को दोहराती है, जिसमें पाकिस्तान की उनकी पिछली यात्रा भी शामिल है, जिसकी उस समय भारत ने तीखी आलोचना की थी।

इस टिप्पणी को खारिज करते हुए जायसवाल ने अच्छी तरह से सुनाया और कहा, ₹हम भारत के आंतरिक मामलों पर इस तरह की आपत्तिजनक टिप्पणियों को अस्वीकार करते हैं। हमने तुर्की के राजदूत के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। भारत की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता पर इस तरह के अनुचित बयान अस्वीकार्य हैं।₹ जायसवाल ने यह भी बताया कि जम्मू-कश्मीर की मूल समस्या पाकिस्तान के आचरण से उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा, ₹बेहतर होता अगर भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद का इस्तेमाल करने की

## खुलेआम झूठ बोलते पकड़े गए शहबाज शरीफ

**एजेंसी**

**न्यूयार्क।** 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान बुरी तरह मात खाने वाले पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ एक बार फिर से झूठ फैलाते हुए पकड़े गए हैं। इस बार संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच के जरिए शरीफ झूठा दावा कर रहे थे। साफ-साफ झूठ बोलते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी फाइटर जेट्स ने भारत के सात विमानों को कबाड़ में बदल दिया। हालांकि, सच्चाई यह है कि मई के पहले हफ्ते में हुए संघर्ष के दौरान भारत ने पाकिस्तान के कई फाइटर जेट्स मार गिराए थे और सीजफायर करने के लिए पाकिस्तान को भारत के सामने गिड़गिड़ाना पड़ा था। शरीफ ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा, ₹हमारे बाजों (पायलट्स) ने उड़ान भरी और सात



भारतीय विमानों को कबाड़ में बदल दिया।₹ पाकिस्तान अक्सर दावा करता रहा है कि उसने पांच भारतीय वायु सेना के विमानों को मार गिराया है, लेकिन भारत ने इन दावों को बार-बार निराधार बताकर खारिज कर दिया है, और पाकिस्तान ने इन दावों के समर्थन में कोई सबूत नहीं दिया है। भारतीय एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने पिछले महीने कहा था कि भारतीय विमानों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पांच पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों और एक बड़े विमान को मार गिराया था।

शहबाज शरीफ ने कहा, ₹इस साल मई में, मेरे देश को पूर्वी मोर्चे से बिना उकसावे के आक्रमण का सामना करना पड़ा। हमारी प्रतिक्रिया आत्मरक्षा के अनुसार थी। हमने उन्हें वापस भेज दिया।₹ ऑपरेशन सिंदूर, पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में 7 मई, 2025 को भारत द्वारा शुरू किया गया एक सैन्य अभियान था। पहलगाम आतंकी हमले में भारतीय धरती पर 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई थी। इस हमले की पाकिस्तान के आतंकी संगठन टीआरएफ ने जिम्मेदारी ली थी। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान बातचीत और कूटनीति के माध्यम से विवादों के शांतिपूर्ण समाधान में विश्वास करता है।

## रूसी तेल खरीद पर रोक लगी तो गम्भीर परिणा

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा कि रूस से कच्चे तेल की खरीद पर कोई प्रतिबंध नहीं है और आपूर्ति बाधित होने पर दुनिया को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। ईरान और वेनेजुएला का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय के एक जिम्मेदार सदस्य के रूप में हमेशा पाबंदियों का अनुपालन किया है। अमेरिका के भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क के अलावा रूस से कच्चा तेल एवं हथियार खरीदने पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाने के संदर्भ में मंत्री ने यह बात कही। अमेरिका और भारत के बीच व्यापार नीतियों पर जारी महत्वपूर्ण वार्ता के बीच संवाददाताओं से बातचीत में पुरी ने कहा कि रूस हर दिन करीब एक करोड़ बैरल के साथ विश्व स्तर पर कच्चे तेल का दूसरा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बना हुआ है।

## एक नजर

### आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान से पार्टी देगी संदेश हर घर स्वदेशी- घर-घर स्वदेशी

**लखनऊ।** सशक्त और समृद्ध भारत निर्माण के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा 25 सितंबर से 25 दिसंबर तक ₹आत्मनिर्भर भारत संकल्प₹ अभियान चलाया जाएगा। जिसकी लखनऊ महानगर कार्यशाला का आयोजन हलवासिया कोर्ट हजरतगंज में किया गया। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की अध्यक्षता आयोजित कार्यशाला में मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष त्र्यंबक त्रिपाठी, राज्यसभा सांसद बृजलाल उपस्थित रहे। त्रयंबक त्रिपाठी ने कहा कि अभियान के माध्यम से पार्टी द्वारा देश के हर नागरिक को स्वदेशी उत्पादों के उपयोग और स्वदेशी जीवन मूल्यों को अपनाने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा।आत्मनिर्भर भारत के तहत हम स्वयं और अपने परिवार को भी आत्मनिर्भर बना रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी के संकल्प के अनुसार देश को आत्मनिर्भर भारत बनाकर देश को संपूर्ण दुनिया में सशक्त भारत का निर्माण करना है प्रधानमंत्री जी ने पूरे देश से लोकल फार वोकल का आह्वान किया था और पूरा देश उनके साथ खड़ा है। जिस चीन में दिवाली में एक भी घर में दीपक नहीं जलता लेकिन दिवाली पर उसके बने झालर, मूर्तियां और होली में पिचकारियों की खरीद करके उसका पूरा लाभ चीन को दे रहे थे। वैश्विक परिदृश्य में कभी हमारा मूल्यांकन पाकिस्तान के साथ होता था हमारा देश आर्थिक व्यवस्था में 10वें स्थान पर भी नहीं था आज विश्व में चौथे स्थान पर है। अब आज हमारी तुलना अमेरिका और चीन से होती है ऐसा तभी संभव हुआ है जब हमने प्रधानमंत्री जी की स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को अंगीकार किया है। आत्मनिर्भर भारत मोदी जी का संकल्प है। 28 से 30 सितंबर के मध्य प्रदेश स्तरीय प्रेस वार्ता और मंडल स्तर की कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। 7/8 अक्टूबर को जिला स्तर पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया जाएगा। 16 से 30 अक्टूबर तक युवा और महिला सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर महिलाओं और युवाओं को सीधे लाभ से जोड़ना है। सोशल इन्फ्लूलेंसर को आमंत्रित करके उसे एंबेसडर बनना है और उनसे स्वदेशी उत्पादकों का प्रचार करवाना है। आत्मनिर्भर भारत सिग्नेचर वॉल पर स्वदेशी उपयोग का लिखित में संकल्प कराना है। 1 से 15 नवंबर तक प्रोफेशनल सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा जिसमें व्यापारी, शिक्षक, लघु उद्योग, विधि एवं चिकित्सा प्रकोष्ठों के साथ संबंधित प्रतिनिधियों और जनप्रतिनिधियों को जोड़कर सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। प्रधानमंत्री जी का मानना है कि जिस उत्पाद को बनाने में हमारे श्रमिकों का पसीना बहा है, भारत की मिट्टी में वस्तु का निर्माण हुआ है ऐसे स्वदेशी उत्पादों के विक्रय और उपयोग के लिए सभी को जागरूक करना है। युवा मोर्चा द्वारा सभी कॉलेजों में स्वदेशी संकल्प सेमीनार आयोजित किये जाएंगे। स्वदेशी बनाम विदेशी पर संगोष्ठी आयोजित करके चर्चा करानी है। प्रत्येक कॉलेज से आत्मनिर्भर भारत एंबेसडर चुनकर अभियान का प्रतिनिधि बनाना है। यह सभी कार्य जिला और उसके बाद मंडल स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत आज हम स्वदेशी उत्पादों का हजारों करोड़ का एक्सपोर्ट कर रहे हैं। 16 से 30 नवंबर तक स्वदेशी मेला, मंडल स्तरीय युवा और महिला सम्मेलन, एक से 15 दिसंबर तक स्ट्रीट वेंडर और छोटे दुकानदार व स्थानीय कारीगर सम्मेलन और उसके साथ में भारत संकल्प रथ और पदयात्राओं का आयोजन भी किया जाएगा। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि बैठक में सुधीर हलवासिया, रमेश तूफानी , महामंत्री राम अवतार कनौजिया, उपाध्यक्ष राकेश सिंह, अभिषेक खरे , मानवेंद्र सिंह, चेतन सिंह बिष्ट, राकेश गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### विधानसभा में तीन पूर्व उपाध्यक्षों के चित्रों का किया महाना ने लोकार्पण



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने आज विधान सभा भवन स्थित राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन हाल में विधान सभा के तीन पूर्व उपाध्यक्षों जगन्नाथ प्रसाद, यादवेन्द्र सिंह उर्फ लल्लन तथा वकार अहमद शाह के तैलचित्रों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर तीनों पूर्व उपाध्यक्षों के परिजन भी उपस्थित रहे।मा. अध्यक्ष ने कहा कि इन महान नेताओं ने लोकतांत्रिक परम्पराओं को सुदृढ़ करने में अमूल्य योगदान दिया है। उनके आदर्श और कार्य भावी पीढ़ियों को सदैव मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। विधान सभा का गौरवपूर्ण इतिहास इनके योगदान के बिना अधूरा है। जगन्नाथ प्रसाद धौरहरा (जिला खीरी) से 1952 से 1962 तक, 1967 से 1968 तक तथा 1977 में विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए और 13 मई 1978 को विधान सभा के उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए।

### 8 साल में जो हुआ, पहले सिर्फ सपना था



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के गाँव अब सिर्फ बदलाव की उम्मीद नहीं कर रहे, बल्कि बदलाव की जीती-जागती मिसाल बन गए हैं। विकसित यूपी@2047 संवाद श्रृंखला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हुए वर्चुअल संवाद में ग्राम प्रधानों ने बताया कि बीते आठ वर्षों में जिस विकास को उन्होंने देखा, वह कभी सिर्फ एक सपना था। आज वही सपना हकीकत बनकर गाँव-गाँव में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास भर रहा है। श्रावस्ती जिले के इकौना विकास खंड की ग्राम पंचायत टड़वा महंत के प्रधान शिवकुमार राजभर ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के अभियान से पूरा गांव जुड़ गया है। उन्होंने उत्साहित होकर बताया कि मुख्यमंत्री जी अगले दिन उनके गांव आ रहे हैं और हर घर में उल्लास का माहौल है। इसी उत्साह की झलक कौशांबी जिले में भी दिखी। मंझनपुर विकास खंड की ग्राम पंचायत उखैया खास की प्रधान सीमा निर्मल ने बताया कि स्वयं सहायता समूहों ने महिलाओं की जिंदगी बदल दी है। उन्होंने कहा कि पंचायत की बैठकों का संचालन वह स्वयं करती हैं और बीसी सखी गांव-गांव जाकर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही हैं। बरेली जिले की बिथरी चैनपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत भरतौल की प्रधान प्रवेश ने कहा कि उनके गांव में सबसे पहले मॉडल राशन की दुकान खोली गई थी। आज भरतौल मॉडल ग्राम के रूप में जाना जाता है और गांव की महिलाएं आत्मनिर्भरता की दिशा में लगातार काम कर रही हैं।

# निजीकरण के टेंडर की प्रक्रिया तेज होने की आहट के बीच संघर्ष समिति ने जारी किया एलर्ट

## निजीकरण का टेण्डर होने पर अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार और सामूहिक जेल भरो आंदोलन

» निजीकरण के आरएफपी डाक्यूमेंट पर कोई निर्णय लेने के पहले विद्युत नियामक आयोग से संघर्ष समिति ने किया वार्ता का अनुरोध




विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उ.प्र. ने विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन से मांग की है कि पॉवर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा तैयार किये गए निजीकरण के आर.एफ.पी. डाक्यूमेंट को विद्युत नियामक आयोग कोई मंजूरी न दे और इस मामले में संघर्ष समिति को अपना पक्ष रखने हेतु विद्युत नियामक आयोग वार्ता हेतु समय दें। संघर्ष समिति ने निजीकरण की गतिविधियां तेज होते देख बिजली कर्मचारियों को सचेत करते हुए एलर्ट जारी किया है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का टेण्डर होने के बाद अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार और सामूहिक जेल भरो आंदोलन की पूरी तैयारी रखी जाय। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उ.प्र. के केंद्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि निजीकरण होने के बाद बिजली कर्मचारियों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा अतः निजीकरण के आर.एफ.पी. डाक्यूमेंट पर कोई भी अभिमत देने के पहले विद्युत नियामक आयोग को संघर्ष समिति से वार्ता करनी चाहिए। संघर्ष समिति ने इस बावत नियामक आयोग के चेयरमैन को पत्र भेजकर वार्ता का समय मांगा है। संघर्ष समिति का कहना है कि निजीकरण के बाद लगभग 50 हजार संविदा कर्मियों की छटनी हो जायेगी और लगभग 16 हजार 500 नियमित कर्मचारियों की नौकरी खतरे में पड़ जायेगी। कॉमन केडर के अभियंताओं और जूनियर इंजीनियरों पर नौकरी जाने और पदावनति का खतरा उत्पन्न होगा। ऐसी स्थिति में निजीकरण से सबसे अधिक दुष्प्रभाव बिजली कर्मियों पर पड़ने जा रहा है। अतः बिना बिजली कर्मियों का पक्ष सुने नियामक आयोग को कोई निर्णय नहीं करना चाहिए अपितु सीधे सीघे पॉवर कार्पोरेशन द्वारा भेजे गये आर.एफ.पी. डाक्यूमेंट को निरस्त कर देना चाहिए। संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियो ने पॉवर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा जोर जबरदस्ती से निजीकरण की प्रक्रिया आगे बढ़ाये जाने के घटनाक्रमों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। संघर्ष समिति ने प्रदेश के सभी बिजली कर्मियों, संविदा कर्मियों, जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओं को एलर्ट जारी करते हुए आह्वान किया है कि यदि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का टेण्डर किया जाता है तो बिजली कर्मी अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार और सामूहिक जेल भरो आंदोलन के लिये तैयार रहें। संघर्ष समिति ने कहा कि आ.एफ.पी. डाक्यूमेंट कुछ निजी घरानों की मदद करने के लिए बनाया गया है। अब यह स्पष्ट हो गया है कि ऑल इंडिया डिस्कॉम एसोशिएशन की पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की प्रक्रिया में खुलेआम दखलंदाजी है। निजीकरण में ऑल इंडिया डिस्कॉम एसोशिएशन सरकार और निजी घरानों के बीच बिचौलिया की भूमिका का निर्वाह कर रही है। संघर्ष समिति के आह्वान पर आज लगातार 303 वें दिन भी बिजली कर्मियों ने सभी जनपदों और परियोजनाओं पर व्यापक विरोध प्रदर्शन जारी रखा।

### 25 शक्तिपीठों व देवी मंदिरों में देवी गायन एवं दुर्गा सप्तशती का पाठ होगा

**लखनऊ।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए मिशन शक्ति विशेष अभियान के 6वें चरण के अंतर्गत प्रदेश के चयनित मंदिरों में कराये जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर आने वाले व्यय की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इसके तहत 25 शक्तिपीठ स्थलों/देवी मंदिरों पर देवी गीतों की परम्परा पर आधारित देवी गीत गायन एवं दुर्गा सप्तशती का पाठ आयोजन कराया जायेगा। इस पर लगभग 1 करोड़ 45 लाख रुपये का व्यय अनुमानित है।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि शारदीय नवरात्रि के अंतर्गत शक्ति आराधना का आयोजन कराया जायेगा। उनमें माँ विंध्यवासिनी देवी (विंध्याचल), मिर्जापुर ज्वाला देवी जनपद सोनभद्र, सीता समाहित स्थल भदोही, आलोपी देवी जनपद प्रयागराज, कंदवासिनी देवी जनपद कौशाम्बी, पाटेश्वरी देवी/देवीपाटन जनपद बलरामपुर, ललिता देवी (नैमिषारण्य), जनपद सीतापुर, शाकुम्भरी देवी जनपद सहारनपुर, कात्यायनी देवी जनपद मथुरा, माँ शीतला चौकिया धाम जौनपुर, बेलहा देवी जनपद प्रतापगढ़, विशालाक्षी देवी जनपद वाराणसी शामिल हैं। इसी प्रकार चण्डिका देवी उन्नाव, देवकाली मंदिर औरैया, माँ तरकुलहा देवी धाम गोरखपुर, माँ शीतला माता स्थल मऊ, ललिता देवी प्रयागराज, शिवानी देवी चित्रकूट, गायत्री शक्तिपीठ हमीरपुर, बैरागढ़ माता कोंच जालौन, कुष्माण्डा देवी घाटमपुर जनपद कानपुर देहात, शीतला माता मंदिर मैनपुरी, चामुण्डा माता मंदिर जनपद फिरोजाबाद, चन्द्रिका देवी मंदिर व संकटा देवी मंदिर लखनऊ में देवी गीत गायन कराया जायेगा।

# 69 छात्र अब तक सफल, बढ़ रहा संस्कृत का आकर्षण



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भाषा विभाग के अधीन उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा सिविल सेवा परीक्षा योजना की प्रवेश परीक्षा रविवार को बाबूगंज स्थित रामाधीन इंटर कॉलेज में सम्पन्न हुई। इस परीक्षा में लगभग 450 अभ्यर्थी शामिल हुए, जबकि 850 से अधिक छात्रों ने आवेदन किया था। योगी सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उन छात्रों को मिलता है जो सिविल सेवा परीक्षा में संस्कृत साहित्य को वैकल्पिक विषय के रूप में चुनते हैं। उन्हें निःशुल्क शिक्षा, अध्ययन सामग्री के साथ तीन हजार रुपये मासिक छात्रवृत्ति उपलब्ध कराई जाती है। छात्रों का चयन प्रवेश परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर किया जाता है तथा इस योजना की कक्षाएँ हिंदी और अंग्रेज़ी दोनों माध्यमों में संचालित होती हैं। ऑनलाइन क्लास और टेस्ट सीरीज की सुविधा भी छात्रों को प्रदान की जाती है। 2019 से संचालित इस योजना के अंतर्गत अब तक छह सत्र पूरे हो चुके हैं और सातवें सत्र के लिए यह परीक्षा आयोजित की गई। योजना के संयोजक डॉ. शीलवन्त सिंह ने जानकारी दी कि अब तक इस योजना से लाभान्वित होकर 4 छात्र आईएएस, 22 छात्र पीसीएस और 43 छात्र विभिन्न प्रशासनिक सेवाओं में चयनित हो चुके हैं। कुल मिलाकर 69 छात्र इस योजना के माध्यम से सफल हुए हैं। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी दिनेश मिश्र ने बताया कि पिछले छह वर्षों में संस्कृत विषय को लेकर सिविल सेवा की तैयारी करने वाले छात्रों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और आज न सिर्फ उत्तर प्रदेश बल्कि देश के लगभग 18 राज्यों के छात्र इस योजना का लाभ ले रहे हैं। आज सम्पन्न हुई परीक्षा में उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, राजस्थान, झारखंड, मध्य प्रदेश, हरियाणा, केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु से भी अभ्यर्थी शामिल हुए। विशेष रूप से दक्षिण भारत से छात्रों की संख्या लगातार बढ़ रही है। यह योजना संस्कृत विषय से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए निःशुल्क रूप से संचालित की जा रही है और प्रारंभिक परीक्षा से लेकर साक्षात्कार तक समग्र तैयारी कराई जाती है। विशेषज्ञों का मानना है कि योगी सरकार की यह पहल न केवल प्रदेश बल्कि देश भर में संस्कृत विषय को लेकर सिविल सेवा अभ्यर्थियों के बीच नई उम्मीद और आकर्षण पैदा कर रही है।

### मुख्य सेविकाएँ बनीं बदलाव की अग्रदूत : लीना

**लखनऊ।** नारी स्वावलंबन आज के समाज की सबसे बड़ी आवश्यकता है, क्योंकि इसके बिना वास्तविक विकास और प्रगति की कल्पना अधूरी है। जब महिला आत्मनिर्भर होती है, तो वह न केवल अपने परिवार की रीढ़ बनती है, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र की प्रगति में सक्रिय भूमिका निभाती है। स्वावलंबन का अर्थ केवल आर्थिक स्वतंत्रता नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, शिक्षा, स्वास्थ्य, निर्णय लेने की क्षमता और सामाजिक सहभागिता भी है। शिक्षित महिला परिवार और समाज को नई दिशा देने में सक्षम होती है। रोजगार और उद्यमिता के अवसर मिलने पर महिला न केवल अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करती है, बल्कि समाज में भी रोजगार सृजन का माध्यम बनती है। स्वावलंबन एक महिला में आत्मसम्मान लाता है। यही नहीं, वह अगली पीढ़ी को भी समानता, परिश्रम और आत्मनिर्भरता का संस्कार देती है। नारी स्वावलंबन केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक आवश्यकता और राष्ट्र निर्माण का मजबूत स्तंभ है। प्रदेश में संचालित मिशन शक्ति योजना महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सुनिश्चित करने का एक सशक्त प्रयास है। इस अभियान के अंतर्गत महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आत्मरक्षा और उद्यमिता के क्षेत्र

## आश्रित परिजनों को बांटे सहायता चेक

**लखनऊ।** पुलिस महानिदेशक, उप्र द्वारा मृत पुलिस कर्मियों के आश्रित परिजनों को पुलिस सैलरी पैकेज के अन्तर्गत करीब 05 करोड़ 25 लाख रूपये के चेक प्रदान किये गये राजीव कृष्णा, पुलिस महानिदेशक, उप्र द्वारा आज दिनॉकः 26.09.2025 को विभिन्न जनपदों में अलग-अलग तिथियों में मृत पुलिस कर्मियों के शोक संतप्त आश्रित परिजनों को बैंक ऑफ बड़ौदा, पुलिस सैलरी पैकेज (PSP) के अंतर्गत स्वीकृत धनराशि का चेक प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा से किये गये एमओयू के तहत आकस्मिक दुर्घटना में मृत पुलिस कर्मियों को पुलिस सेलरी पैकेज (PSP) के अंतर्गत स्वीकृत धनराशि के रूप में चेक प्रदान किये जाते हैं, इसी क्रम में पुलिस महानिदेशक, उप्र द्वारा मृत पुलिस कर्मियों के परिजनों को करीब 05 करोड़ 25 लाख रूपये के चेक प्रदान किये गये, जिनका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :-S



आरक्षी विकास चन्द्र पाण्डेय जीआरपी वाराणसी में नियुक्त थे, रात्रि में डियूटी के दौरान मालगाड़ी से कुचल जाने के कारण दिनांकः 29.10.2024 को मृत्यु हो गयी, इनके परिजनों को 1.85 करोड़ रूपये का चेक प्रदान किया गया। आरक्षी शिवम जनपद पीलीभीत में नियुक्त थे, डियूटी के दौरान ट्रक द्वारा मोटर साइकिल में टक्कर मारने के कारण दिनांकः 02.06.2025 को मृत्यु हो गयी, इनके परिजनो को 1.70 करोड़ रूपये का चेक प्रदान किया गया। आरक्षी गरी कस्टन सिंह जनपद अयोध्या में नियुक्त थे, डियूटी के दौरान उनकी मोटर साइकिल में कार द्वारा टक्कर मारने से दिनांकः 12.11.2024 को मृत्यु हो गयी, इनके परिजनों को 1.70 करोड़ रूपये का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर परप्रशान्त कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक पीएचक्यू,शलभ माथुर पुलिस महानिरीक्षक कार्मिक/पुलिस महानिदेशक उप्र के जीएसओ, आर0के0 भारद्वाज, पुलिस महानिरीक्षक भवन एवं कल्याण सहित बैंक ऑफ बड़ौदा के उप महाप्रबन्धककमलेश राठौर, शाखा प्रबन्धकशिशिकांत सिंह उपस्थित रहे।

## परंपरा और आधुनिकता का संगम दीदियों के हाथों का बना ब्रांड

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेन्टर एवं मार्ट में आयोजित इंटरनेशनल ट्रेड शो में उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा भी प्रतिभाग किया जा रहा है। ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत सभी 75 जनपदों में गठित समूहों के द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। इन समूह के द्वारा बनाए गए उत्पादों का प्रदर्शन एवं उसका विपणन भी इस ट्रेड शो में किया जा रहा है। आजीविका मिशन के स्टालों पर पर भारी भीड़ आ रही है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि ट्रेड शो में आने वाली समूह की दीदियों को उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों के विपणन हेतु एक बहुत अच्छा अवसर प्राप्त हुआ है एवं उनके द्वारा बनाए गए उत्पादों को एक अच्छा बाजार मिलने की भी संभावना बढ़ेगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि इससे दीदियों के उत्पादों के व्यापार व सम्भावनाओं के मामले में ग्लोबल पहचान मिल रही है। देश, दुनिया के सामने उत्तर प्रदेश के स्वयं सहायता समूहों की दीदियों के हुनर को प्रदर्शित किया जा रहा है। यू०पी० इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 एक्सपो मार्ट पहुंचे लोगों ने उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत चल रही विभिन्न योजनाओं यथा समूह गठन की प्रक्रिया, टेक होम राशन, बी०सी० सखी, विद्युत सखी एवम बालिनी आदि के संबंध में उत्साहपूर्वक जानकारी प्राप्त की तथा मिशन से जुड़ने की इच्छा भी प्रकट किया, साथ ही साथ समूहों द्वारा उत्पादित उत्पाद यथा- मसाले, मुरब्बा, अचार, परिधान, जरी जरदोजी आदि का क्रय भी बड़ी मात्रा में किया गया। यूपी इण्टरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण मे एक्सपो मार्ट ग्रेटर नोएडा में उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा सभी 75 जनपदों के चयनित 75 स्वयं सहायता समूहो द्वारा उनके बनाये गए उत्पादों यथा जूट का सामान ,जरी साड़ी, ज्वेलरी, चिकन कारी- सारी, सूट, नमकीन, टेराकोटा का समान, चमड़े का सामान एवं बलिनी के उत्पाद आदि का विक्रय एवं प्रदर्शन किया जा रहा है मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि यह ट्रेड शो राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वय सहायता समूहों की महिलाओ हेतु एक बहुत बड़ा अवसर है जहां उनके द्वारा अपने बनाए उत्पादों को विक्रय करने का भी सुअवसर मिला है।

## भाजपा ने दिखाने के लिए तैयार सामान पर जीएसटी घटा दी

विश्ववार्ता ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने दिखाने के लिए तैयार सामान पर जीएसटी घटा दी लेकिन वो सामान जिससे बनता है, उसके कच्चे माल पर जीएसटी बढ़ा दी। यही है भाजपा के जीएसटी गोलमाल का सच। भाजपा जनता को धोखा दे रही है। कारोबारियों को संकट में डाल रही है, क्योंकि भाजपाई तो सड़कों पर नारे लगाकर 50 प्रतिशत का भाषण देकर निकल गये। जब जनता बाजार जा रही है और सस्ता माल नहीं पा रही है तो दुकानदारों से झगड़ रही है। भाजपा सुधार नहीं, ग्राहक-दुकानदार के संबंधों को बर्बाद कर रही है। भाजपा किसी की सगी नहीं है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी के 17, गुलिस्तां कालोनी लखनऊ स्थित आवास पर पहुंच कर उनका हालचाल लिया और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस मौके पर उन्होंने मीडिया से भी बातचीत की। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां पूरी तरह से फेल हैं। इस सरकार ने आठ साल पहले आधी रात को जीएसटी लगाकर जश्न मनाया था, तब से अब तक देश की जनता को लूटा। भारी भरकम टैक्स लगाकर महंगाई बढ़ाई। जनता की जेब काटी। भाजपा सरकार ने साइकिल से लेकर मोटर साइकिल तक और खाने-पीने की हर चीज, होटल, रेस्टोरेंट से लेकर कपड़े, काफी, किताब, पेन-पेंसिल सब को महंगा कर जनता से वसूली की। मुनाफाखोरी करायी। जब ये तमाम वस्तुएं आठ साल बाद भी कम कीमत पर मिल सकती है तो भाजपा सरकार ने इन्हें आठ साल तक महंगा क्यों किए रखा। जिस तरह का जीएसटी लागू हुआ है उससे व्यापारियों को कुछ समझ में नहीं आ रहा है। सरकार एक तरफ जीएसटी कम कर रही है और दूसरी तरफ बढ़ा रही है। यादव ने कहा कि मुनाफा कमाना कम नहीं हो रहा है। जब तक मुनाफा कम नहीं होगा तब तक महंगाई कम नहीं होगी। महंगाई कम करने और देश को खुशहाल बनाने के लिए डॉ. राम मनोहर लोहिया की दाम बांधों नीति पर ही जाना होगा। अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में मिली करारी हार और महंगाई-बेरोजगारी के कारण जनता में बढ़ते आक्रोश को देखकर भाजपा बैकफुट पर आयी है, लेकिन यह सरकार अभी भी धोखा दे रही है। जनता भी समझ गयी है कि भाजपा हारेगी तभी उसे महंगाई, बेरोजगारी, अन्याय, भारी टैक्सों से राहत मिलेगी। प्रदेश और देश की जनता अब भाजपा को बख्शने वाली नहीं है। भाजपा का सफाया होना तय है। इनके दिन अब गिने-चुने है। अखिलेश यादव ने कहा भाजपा सरकार की विदेश नीति असफल है। लगातार बढ़ते टैरिफ से व्यापार संकट में है। अर्थव्यवस्था को चोट पहुंच रही है। भाजपा सरकार की विदेश नीति की असफलता के कारण हमारे उद्योग-कारोबार को नुकसान हो रहा है और 50 फीसदी और सौ फीसदी टैरिफ होगा तो कारोबार का क्या होगा। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार हर मामले में फेल है। स्वास्थ्य, शिक्षा, कानून-व्यवस्था सब बर्बाद कर दिया है। इस सरकार ने सरकारी अस्पतालों की हालत खराब कर दी। वहां गुणवत्तापूर्ण इलाज का अभाव है। मरीज मजबूरी में निजी अस्पतालों में जाने पर मजबूर है। प्रदेश के कई जिलों में जंगली जानवरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। बहराइच, सीतापुर, पीलीभीत समेत अन्य जिलों में हर दिन जंगली जानवरों के हमले की खबरें आ रही है। कहीं भेड़िया, कहीं तेंदुआ, कहीं अजगर, कहीं सांड़ के हमले से लोग घायल हो रहे हैं और अपनी जान गवां रहे हैं। उत्तर प्रदेश में दहशत का जो वातावरण बना हुआ है, उसके लिए भाजपा सरकार कुछ करेगी या ये कहकर पल्ला झाड़ लेगी कि जानवर के पदचिह्न नहीं मिले हैं। जिन पर हमले हुए क्या उनके घायल शरीर के निशान काफी नहीं हैं या फिर उनके जख्म जिनके बच्चे जानवर उठा ले जा रहे हैं।

# स्कूली बच्चों को दिलाई जा रही जल संरक्षण की शपथ



**लखनऊ/नोएडा।** इंटरनेशनल ट्रेड शो व्यापार को बढ़ावा देने और यूपी की संस्कृति से रूबरू कराने के साथ-साथ दुनियाभर से आने वाले दर्शकों और कारोबारियों को जल संरक्षण के प्रति भी जागरूक कर रहा है। ट्रेड शो एरिया के हॉल नंबर-7 में बनाई गई जल जीवन मिशन की स्वच्छ सुजल गांव प्रदर्शनी में दर्शक एक तरफ जहां नए बुंदेलखंड और पुराने बुंदेलखंड की कहानी देखकर अभिभूत हो रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर जल संरक्षण का पाठ भी पढ़ रहे हैं। प्रदर्शनी में आने वाले दर्शकों को बताया जा रहा है कि कैसे जल की एक-एक बूंद जीवन के लिए कीमती है और कौन से छोटे-छोटे उपाय करके जल संरक्षण किया जा सकता है। प्रदर्शनी में आने वाले स्कूली बच्चों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई जा रही है। करीब 496 वर्ग मीटर एरिया में लगाई गई इस प्रदर्शनी में नए और पुराने बुंदेलखंड के साथ-साथ फोटो गैलरी भी दर्शकों को खूब लुभा रही है। इस फोटो गैलरी से लोग जल जीवन मिशन की सफलता को समझ रहे हैं। कैसे जल जीवन मिशन के जरिए हर ग्रामीण घर तक नल कनेक्शन पहुंच रहा है। साथ ही रोजगार के अवसर कैसे युवाओं को मुहैया हो रहे हैं। इसके बारे में भी फोटो गैलरी के माध्यम से समझाया जा रहा है। सेल्फी प्वाइंट और गेमिंग जोन बना युवाओं के आकर्षण का केन्द्रस्वच्छ सुजल गांव प्रदर्शनी में बने सेल्फी प्वाइंट और गेमिंग जोन युवाओं को आकर्षित कर रहे हैं। गेम के माध्यम से भी युवाओं को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा नोएडा जैसे शहर में रहने वाले बच्चे और युवा सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी खींचकर ग्रामीण परिवेश से रूबरू हो रहे हैं। सफलता की जो कहानी फोन पर सुनते थे आज उसे देख भी रहे हैंप्रदर्शनी में आई रीना ने बताया कि वो महोबा की रहने वाली हैं। मगर लंबे समय से नोएडा में हैं। जल जीवन मिशन से उनके गांव में आए बदलाव की कहानी जो वो फोन पर सुनती थीं। उसे प्रदर्शनी के माध्यम से देखकर अच्छा लग रहा है। वहीं दिल्ली निवासी शालू ने बताया कि उन्होंने बुंदेलखंड में ट्रेन से पानी ले जाने की कहानी सुनी थी। मगर नए बुंदेलखंड और पुराने बुंदेलखंड का प्रोटोटाइप देखकर ये समझ में आ रहा है कि कैसे जल जीवन मिशन ने ग्रामीण लोगों के परिवेश को बदला है। बुंदेलखंडी नृत्य से जीते दिलशुक्रवार को स्वच्छ सुजल गांव प्रदर्शनी में बुंदेलखंडी गानों पर कलाकारों ने प्रस्तुति दी। जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में प्रदर्शनी में आए दर्शकों ने हिस्सा लिया। इस दौरान कई बुंदेलखंडी गानों पर प्रस्तुति दी गई।

**कार्यालय स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, बरेली**

**ई-निविदा आमन्त्रण सूचना**

पत्रांक 745/स्वा0वि0/न0स्वा0अधि0/2025-26 दिनांक 26.09.25

ई-निविदा सूचना शासनादेश सं0-3800/नौ-5-140सा/2019 नगर विकास अनुभाग-05 उ०प्र० शासन लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के के अनुपालन में ठेकेदारों से बार्ड सफाई हेतु निविदायें टू विठत पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के माध्यम से निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। निविदा खोले जाने की तिथि में यदि अवकाश होगा तो निविदाएँ अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। ई-निविदा से सम्बनिधत प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रवयोरमेन्ट की वेगसाईट http://etender.un.nic.in व नगर निगम की बेवसाइट www.nagarnigambarellly.com पर देखी जा सकता है।

**ई-निविदा आमंत्रित हेतु (क्रमांक सं0-01 से 05 तक)**

| | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 27-09-2024 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ की तिथि/समय | 27-09-2024 - (04:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम की तिथि/समय | 17-10-2024 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 17-10-2024 - (04:00 PM) |
| फाईनेशियल ई-निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evulation |

कार्यों का विवरण, नियम व शर्तें नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http:etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

**नगर स्वास्थ्य अधिकारी**
नगर निगम, बरेली

## एक नजर

### धनुष यज्ञ और लक्ष्मण-परशुराम संवाद ने रामलीला में बांधा समां, दर्शक हुए मंत्रमुग्ध



**जलालपुर, अम्बेडकरनगर।** श्री रामलीला सेवा समिति द्वारा आयोजित भव्य रामलीला कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। समिति अध्यक्ष संजीव मिश्र, उपाध्यक्ष राम संजीवन यादव, मीडिया प्रभारी विकाश निषाद समेत पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से पूजन की। वहीं, आचार्य रामदौर मिश्र ने वैदिक मंत्रों के पाठ से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण धनुष यज्ञ और लक्ष्मण-परशुराम संवाद के मंचन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्री राम के रूप में शाश्वत दुबे और लक्ष्मण के रूप में रौनक दुबे ने शानदार अभिनय से समां बांध दिया। रामकिशोर राजभर, केशव श्रीवास्तव और विनय मिश्र सहित अन्य कलाकारों ने आरती के दौरान श्री राम के जयकारों से भक्ति-भाव का संचार किया। कार्यक्रम की सफलता में उपाध्यक्ष राधेश्याम शुक्ल, आशाराम मौर्य, सुशील अग्रवाल, अतुल जायसवाल, दिलीप यादव एवं अशोक जायसवाल के योगदान की सराहना की गई। सुरेंद्र सोनी द्वारा आयोजित झाँकी तथा संदीप अग्रहरि के तत्वावधान में मानस गंगा प्रियंका पांडे के कथा वाचन ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। शहर के नागरिकों एवं उपस्थित जनता ने इस भव्य आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

### रिटेलर आईडी खोलने का कोई आप्सन उपलब्ध नहीं : कृषि अधिकारी

**अम्बेडकरनगर।** जिला कृषि अधिकारी, अम्बेडकरनगर ने जनपद के फुटकर उर्वरक विक्रेताओ को सूचित किया है कि जिनकी रिटेलर आई0डी0 बंद है वह फुटकर उर्वरक विक्रेता उर्वरक लाइसेन्स ए-2 की छायाप्रति, आधार की छायाप्रति, पैन नम्बर की सुस्पष्ट छायाप्रति तथा प्रतिष्ठान का (Latitude, Longitude) (जी0पी0एस0) फोटो अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराये। अधोहस्ताक्षरी कार्यालय द्वारा पत्र के साथ उक्त विवरण संयुक्त कृषि निदेशक (उर्वरक), उ0प्र0, कृषि भवन, लखनऊ को प्रेषित किया जाता है। संयुक्त कृषि निदेशक (उर्वरक), उ0प्र0 द्वारा स्टेट कार्डिओनेटर, डी0बी0टी0 सेल, फर्टिलाइजर, उ0प्र0 को भेज कर एक्टिव कराया जाता है। यहां यह भी अवगत कराना है कि अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से रिटेलर आई0डी0 खोलने का कोई आप्सन उपलब्ध नहीं है। जिन फुटकर उर्वरक विक्रेताओ के द्वारा उर्वरक लाइसेंस का नवीनीकरण कराया गया है अथवा जिनके द्वारा अभी तक MFMS पोर्टल पर अपना लाइसेंस अपडेट नहीं कराया गया है वे विक्रेता तत्काल उर्वरक लाइसेन्स ए-2 की छायाप्रति, आधार की छायाप्रति, पैन नम्बर की सुस्पष्ट छायाप्रति तथा प्रतिष्ठान का (Latitude, Longitude) (जी0पी0एस0) फोटो अधोहस्ताक्षरी कार्यालय अथवा अपने थोक विक्रेता को भेजकर श्री पवन पटेल, कृभको के एरिया मैनेजर द्वारा अपडेट करा ले। रिटेलर आई0डी0 उन्ही विक्रेताओ की बंद हो रही है जिनके द्वारा अभी तक अपनी रिटेलर आई0डी0 MFMS पोर्टल पर अपडेट नहीं कराया गया है तथा जिन फुटकर उर्वरक विक्रेताओ के रिटेलर आई0डी0 खुल रही है वे भी तत्काल अपनी रिटेलर आई0डी0को MFMS पोर्टल पर अपडेट करा ले।

### विभिन्न हितकारी योजनाओं में प्रदान किये गये हितलाभ पर समीक्षा



**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अम्बेडकरनगर के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला श्रम बन्धु जिला टास्क फोर्स, बाल श्रम उन्मूलन जनपद समिति एवं जिला स्तरीय बन्धुआ श्रम सतर्कता समिति की बैठक आयोजित की गयी है। सहायक श्रमायुक्त, अम्बेडकरनगर द्वारा मुख्य विकास अधिकारी की अनुमति से उक्त बैठक प्रारम्भ की गई और विभागीय प्रगति से अवगत कराया गया। उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण अधिनियम-1996 (नियमावली 2009) के अन्तर्गत शत-प्रतिशत अधिष्ठान पंजीयन, उपकर वसूली की समीक्षा तथा श्रमिक पंजीयन एवं पंजीकृत श्रमिकों को विभिन्न हितकारी योजनाओं में प्रदान किये गये हितलाभ पर समीक्षा, श्रम विभाग के विभिन्न श्रम अधिनियमों में बाल श्रम, बन्धुआ श्रम एवं बी0ओ0सी0 में प्रवर्तन सम्बन्धी कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा सभी सरकारी विभागों से उपकर जमा कराये जाने तथा अधिष्ठान/कार्यस्थल का पंजीयन कराये जाने के निर्देश के साथ-साथ निर्माण श्रमिकों/मनरेगा श्रमिक का पंजीयन, योजनाओं का आवेदन कराये जाने तथा योजनाओं का प्रचार-प्रसार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में अध्यक्ष, सी0डब्ल्यू0सी0, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, समस्त अधिशाषी अभियन्ता, कार्यदायी संस्था/विभाग, सहायक श्रमायुक्त, अम्बेडकरनगर, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, अम्बेडकरनगर, समस्त अधिशाषी अधिकारी, एनजीओ, उद्योग प्रतिनिधि, श्रम संघ पदाधिकारी तथा जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।उक्त जानकारी राजबहादुर यादव) सहायक श्रमायुक्त अम्बेडकरनगर ने दी।

### माता दुर्गा के प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठान के साथ स्थापित की गई प्रतिमा



**हजपुरा, अम्बेडकर नगर।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर अकबरपुर विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सलेमपुर के भौसिमपुर गांव में मां दुर्गा के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के साथ माता जी की भव्य मूर्ति स्थापित की गई ।ग्राम प्रधान अशोक कुमार ने बताया कि विगत 16 वर्षों से माता जी का मंदिर सिर्फ नीव डालकर अधूरा पड़ा था। किंतु गांव वालों और स्थानीय लोगों के सहयोग से इस वर्ष नवरात्रि से पहले भव्य मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया। नवरात्रि के इस पावन समय में मंगलवार से लेकर गुरुवार तक तीन दिवसीय अनुष्ठान करके माता जी की मूर्ति मंदिर में प्रतिष्ठित की गई। विशाल भंडारे के साथ-साथ भगवती जागरण का कार्यक्रम भी किया गया गांव के शेषनारायण सिंह, राम तीरथ प्रजापति ,संतोष कुमारत्रिपाठी, राम नवल कोटेदार ,रामगोपाल, राकेश सिंह ,राम आशीष गौड़ ,प्रदीप कुमार, आदि लोगों ने दिन-रात परिश्रम करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।

### 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं की हुई समीक्षा



**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कलेक्ट्रेट सभागार में दिनांक 25 सितंबर 2025 को अपराह्न में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में जनपद में संचालित 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं (सड़कों को छोड़कर) की परियोजनावर प्रगति की समीक्षा बैठक आहूत की। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनुपम सिंह द्वारा विभागवार एवं योजनावर 50 लाख से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत की गई। जिलाधिकारी ने बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि: सभी निर्माण कार्यों को समयबद्ध रूप से गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। कार्यों में अनावश्यक विलंब पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों की नियमित स्थलीय निरीक्षण करने तथा प्रगति की सटीक जानकारी पोर्टल पर समय से अपडेट किए जाने के निर्देश दिए। कार्यदायी संस्थाएं यह सुनिश्चित करें कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न हो। जिलाधिकारी ने धनाभाव के कारण लंबित या रुके हुए परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जिन परियोजनाओं में धनावंटन नहीं हुआ उसके लिए शासन को पत्राचार किया जाए तथा जिनमें धनावंटन हो गया है उन्हें शीघ्र पूर्ण कराते हुए संबंधित विभागों को हैंड ओवर कर उसका उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विलंब से चल रही परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी परियोजना में गुणवत्ता में कमी, अनियमितता या लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित एजेंसी की जिम्मेदारी तय कर ब्लैकलिस्टिंग की कार्यवाही भी की जाएगी। बैठक में अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी सहित विभिन्न विभागों एवं कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 41 मंदिरों की होगी भव्य सजावट

## अयोध्या में नौवां दीपोत्सव : योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में बनेगा इतिहास

» 26 लाख दीपों से जगमगाएगी रामनगरी, विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या इस बार नौवां दीपोत्सव के अवसर पर ऐसी दैदीप्यमान छटा बिखेरने जा रही है, जो इतिहास रच देगी। रामायण काल से ही अयोध्या दीपों की रोशनी से जगमगाने की परंपरा का साक्षी रही है। जब भगवान श्रीराम चौदह वर्षों का वनवास पूर्ण कर माता सीता और भ्राता लक्ष्मण के साथ अयोध्या लौटे थे, तब नगरवासियों ने दीप जलाकर उनका स्वागत किया था। तभी से दीपावली का पर्व अयोध्या की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान बन गया। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस बार नौवां दीपोत्सव ऐतिहासिक और भव्य स्वरूप में आयोजित होने जा रहा है। पहली बार यह आयोजन श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद के पास आया है, जिसके अध्यक्ष स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं। श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद मुख्य कार्यपालिका अधिकारी जयेंद्र कुमार के अनुसार इस बार नौवां दीपोत्सव को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की तैयारी है।

**26 लाख दीपों का लक्ष्य : नया विश्व रिकॉर्ड**

राम की पैड़ी और अयोध्या के घाटों पर इस बार 26 लाख दीप जलाकर विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है। मानो त्रेता युग की वही अद्भुत छटा पुनः जीवित हो उठेगी, जब नगरवासियों ने दीपों की कतारों से अयोध्या को आलोकित किया था। जलते हुए दीप न केवल भगवान श्रीराम के स्वागत का प्रतीक होंगे, बल्कि अंधकार पर प्रकाश, अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का संदेश भी देंगे।

**मठ-मंदिरों की भव्य सजावट**

नौवां दीपोत्सव के अवसर पर खास बात यह है की पहली बार अयोध्या के 41 प्रमुख मठ-मंदिरों को सजाया जाएगा। इनमें हनुमानगढ़ी, दशरथ महल, कनक भवन, कौशलेश कुंज, अशर्फी भवन और दिगंबर अखाड़ा जैसे मंदिर शामिल हैं। इन मंदिरों को आधुनिक लाइटों, झालरों और रंग-बिरंगी रोशनियों से इस प्रकार सजाया जाएगा कि पूरी रामनगरी स्वर्ग की भांति आलोकित दिखे। 990 झालरों का उपयोग किया जाएगा, जिनमें प्रत्येक में 1000 बल्ब होंगे। यह दृश्य अयोध्या को मानो त्रेता से कलियुग तक जोड़ने का काम करेगा।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम और रामलीला**

नौवां दीपोत्सव के दौरान रामायण से जुड़ी सांस्कृतिक झांकियां, रामलीला और धार्मिक अनुष्ठान भी आयोजित होंगे। यह केवल एक पर्व नहीं, बल्कि भारत की सनातन परंपरा, अध्यात्म और संस्कृति का विराट उत्सव होगा। देश-विदेश से आए श्रद्धालु इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनेंगे।

**योगी आदित्यनाथ का संकल्प : अयोध्या को वैश्विक पहचान**

सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या का दीपोत्सव अब केवल राज्य का नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर का आयोजन बनने की ओर अग्रसर है। परिषद की टीमें दिन-रात जुटी हैं ताकि इस दीपोत्सव की भव्यता को विश्व स्तर पर स्थापित किया जा सके। इस बार का दीपोत्सव केवल रोशनी का नहीं, बल्कि अयोध्या की रामायणकालीन परंपरा से लेकर आधुनिक युग की आध्यात्मिक चेतना तक की निरंतरता का प्रतीक बनेगा। जब लाखों दीप एक साथ प्रज्ज्वलित होंगे तो लगेगा जैसे स्वयं त्रेता युग का वह क्षण वर्तमान में उतर आया हो।

### पूर्व राज्यपाल व पूर्व उपमुख्यमंत्री ने किया सम्मानित, निशानेबाजी कोच शनि कुमार वर्मा को मिला गौरव

**अयोध्या।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में अयोध्या जनपद को गर्व का क्षण मिला, जब जिला रायफल क्लब के कोच शनि कुमार वर्मा को उनकी निशानेबाजी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

यह सम्मान पूर्व राज्यपाल एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कलराज मिश्र तथा पूर्व उपमुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय संस्थान द्वारा किया गया था, जिसमें राष्ट्रीय विचारधारा और अंत्योदय पर आधारित विचार साझा किए गए।

इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष प्रवीण मिश्रा, राज्य मंत्री जेपीएस राठौर, विधान परिषद सदस्य संतोष सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मण चौधरी और पार्टी प्रवक्ता संजय चौधरी सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे।सम्मान प्राप्त करने के बाद शनि कुमार वर्मा ने कहा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का एकात्म मानववाद का दर्शन आने वाली पीढ़ियों को भी सदैव प्रेरित करता रहेगा। इस उपलब्धि से जनपद अयोध्या के खेल क्षेत्र में एक नया उत्साह देखने को मिल रहा है।

## प्रधानाध्यापिका बनी विद्यालय की छात्रा ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव

### शत-प्रतिशत नामांकन एवं उपस्थिति पर विशेष ध्यान



**अयोध्या।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय शिवाला मऊ में आज नारी शक्ति के सम्मान में विद्यालय की कक्षा आठ की छात्रा दिव्या चौधरी को विद्यालय का प्रधानाध्यापिका बनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक गोपाल कृष्ण श्रीवास्तव के नेतृत्व में विद्यालय की शिक्षकाओं ने एक दिन की प्रधानाध्यापिका दिव्या चौधरी का बुके भेंटकर स्वागत किया ।यह पूछे जाने पर कि हेडमिस्ट्रेस बनने पर आपको कैसा लग रहा है,इस पर दिव्या चौधरी ने कहा कि ये पद सबसे ज्यादा सम्मानित पद है,मुझे बहुत अच्छा लग रहा है।इस पद पर बैठने पर जिम्मेदारी का बोध हो रहा है।सर्वप्रथम मेरी प्राथमिकता 6 से 14 वर्ष के बच्चों का शत-शत नामांकन कराना है। नियमित उपस्थिति के लिए हम अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों की नियमित उपस्थिति बनाएं। हमारा लक्ष्य कोई भी बच्चा नामांकन से वंचित न रहे। हम उन्हें रुचि पूर्ण एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें जिससे बच्चों का मन विद्यालय में हमेशा लगा रहे।और उनका ठहराव विद्यालय में नियमित बना रहे । साथ ही यह भी सुझाव दिया कि घर की महिलाओं को शिक्षित होना जरूरी है यदि घर की महिला शिक्षित होगी तो बालिकाओं की शिक्षा के लिए जागरूक रहेगी।एक दिन की प्रधानाध्यापिका दिव्या चौधरी ने स्टाफ को सुझाव देते हुए कहा कि अर्धवार्षिक परीक्षाएं निकट हैं ऐसी दशा में हमें पाठ्यक्रम को समय से पूर्ण करना होगा जिससे बच्चों को अर्द्धार्षिक परीक्षा में कोई कठिनाई न हो सके। इस अवसर पर दिव्या चौधरी ने कहा की विद्यालय को स्वच्छ रखने के साथ-साथ ही हमें अपने आसपास का वातावरण भी स्वच्छ रखना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की जो भी योजनाएं हैं उन्हें समय पर पूर्ण किया जाए तभी उनका उद्देश्य पूर्ण हो सकेगा । दिव्या चौधरी ने कहा कि बालिकाओं को आत्मनिर्भर और आत्मरक्षा के लिए रानी वीरांगना लक्ष्मीबाई प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम में अवश्य प्रतिभाग करना चाहिए । इस अवसर पर विद्यालय में चल रही शिक्षण व्यवस्था का जायजा लिया और बच्चों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया ।दिव्या चौधरी ने बच्चों से कहा कि सभी बच्चे अपने अभिभावकों से दीक्षा ऐप अपलोड कराए,जिससे उसमें शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी मिलती रहे। विद्यालय की शिक्षिकाएं राजकुमारी देवी, क्रांतिशिखा,अर्चना त्रिपाठी शशि गौड़ , मिथिलेश, रीनू सिंह,अनुराधा मौर्य एवं प्रीति मिश्रा सहित समस्त स्टाफ ने आज एक दिन की प्रधानाध्यापिका के द्वारा दिए गए निर्देशों एवं सुझावों का स्वागत करते हुए अनुपालन भी किया। इस अवसर पर वैष्णवी सिंह,सलोनी और अंकिता को कक्षाध्यापिका की जिम्मेदारी भी सौंपी गई,जिसका उन्होंने बखूबी निर्वहन किया।विद्यालय के सभी स्टाफ ने दिव्या चौधरी के द्वारा शानदार पद निर्वहन की सराहना की।विद्यालय के प्रधानाध्यापक गोपाल कृष्ण श्रीवास्तव (राजन) ने बताया कि विद्यालय द्वारा किए गए इस नवाचार का उद्देश्य नारी शक्ति को सम्मान देना और बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है। खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री शैलेंद्र कुमार ने बालिकाओं की उत्कृष्ट शिक्षा हेतु विद्यालय के प्रयास की सराहना की है।

# नगर की सरकार आपके द्वार अभियान



**अयोध्या।** इस बार 'नगर की सरकार आपके द्वार' अभियान का स्वरूप बदला नजर आया। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार एवं नगर निगम की टीम के साथ वार्ड भ्रमण की जगह दुर्गा पूजा से जुड़ी तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने चौक में घंटाघर की बंद पड़ी घड़ी को चालू कराने का निर्देश दिया।

शुक्रवार को महापौर ने निरीक्षण की शुरुआत सरयू तट अयोध्या से की। यहां उनके साथ अपर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ एवं भारत कुमार, निर्माण खंड के सहायक अभियंता राजपति यादव, जोनल अधिकारी अयोध्या धाम अशोक गुप्त भी थे। महापौर ने मूर्ति विसर्जन स्थल का जायजा लिया और वहां सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही श्रद्धालुओं के बैठने के लिए कैंप स्थापित करने निर्देश दिए। उन्होंने विसर्जन स्थल पर कुर्सी-मेज, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पेयजल के लिए स्थापित जल प्याऊ की सफाई कराने एवं टैंकर खड़ा करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला एवं पुरुष शौचालय तथा महिलाओं के वस्त्र बदलने के लिए बनाए गए कॉटेज का भी निरीक्षण किया और सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के करने की हिदायत दी। महापौर ने फ्लोटिंग वैरीकेडिंग को भी समय से व्यवस्थित कर लेने की हिदायत दी। अयोध्या के बाद महापौर चौक पहुंचे। यहां नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आरएम शुक्ल के साथ उपसभापति राजेश गौड़ भी मौजूद थे। नगर आयुक्त ने चौक में नए शौचालय बनवाने का आदेश दिया। महापौर ने घंटाघर का निरीक्षण किया और मरम्मत कराकर घड़ी चालू करान का निर्देश दिया। महापौर ने चौक की प्रकाश व्यवस्था को और सुदृढ़ करने को कहा। उन्होंने पुरानी सब्जी मंडी जाने वाले रास्ते पर लगे जलप्याऊ के सामने से अतिक्रमण हटाने तथा शौचालय के संबंध में मुख्य मार्ग पर साइनेस लगाने का निर्देश दिया। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि जीआईसी के मैदान में घास की सफाई के लिए मशीनों की संख्या बढ़ाकर दो दिन के अंदर घास की कटाई सुनिश्चित कराने, घास को गौशाला भिजवाने, 24 घंटा पहले प्रकाश की व्यवस्था का निर्देश दिया। यहां पार्षद हरिश्चंद्र के साथ ओवर ब्रिज के सर्विस मार्ग का जायजा लिया और उसे ठीक करने को कहा। उन्होंने जीआईसी गेट के बगल कच्ची नाली को मिट्टी से ढकने की हिदायत दी। 'नगर की सरकार आपके द्वार' अभियान का आखरी पड़ाव निर्मली कुंड रहा महापौर ने विसर्जन स्थल का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं के बैठने के लिए शेड स्थापित करने, सफाई, पेयजल, प्रकाश, शौचालय तथा स्वास्थ्य शिविर लगाने के साथ ही दोपहिया वाहनों की पार्किंग करने का प्रबंध करने का निर्देश दिया।

### सभासद आरती जयसवाल की मेहनत लाई रंग, गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर अस्थाई जीआरपी चौकी की मिली अनुमति

**अयोध्या।** गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए राहत की खबर है। लगातार प्रयासों के बाद नगर पंचायत की सभासद एवं जय बाबा अमरनाथ बर्फानी सेवा समिति (रजि.) की अध्यक्ष आरती जयसवाल की पहल रंग लाई है। पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ ने स्टेशन पर अस्थाई जीआरपी चौकी खोलने की अनुमति दे दी है।

चौकी पर एक दरोगा, एक हेड कांस्टेबल व एक कांस्टेबल की ड्यूटी लगाई जाएगी। यह निर्णय स्टेशन पर बढ़ती यात्री संख्या और सुरक्षा की दृष्टि से लिया गया है। उल्लेखनीय है कि आरती जयसवाल ने पूर्व में पीएम, रेल मंत्री, सीएम सहित रेलवे अधिकारियों को कई पत्र भेजकर मांग उठाई थी।स्टेशन अधीक्षक महेंद्र नाथ मिश्रा ने अस्थाई चौकी की अनुमति की पुष्टि की है। इससे यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था और बेहतर होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## स्कंदमाता



शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व चल रहा है। कल यानी 27 सितंबर को पंचम नवरात्रि है। नवरात्रि के पांचवें दिन मां दुर्गा के पंचम स्वरूप स्कंदमाता की विशेष पूजा-आराधना की जाती है। स्कंदमाता माता अपने भक्तों पर पुत्रवत स्नेह लुटाती हैं और उनकी कृपा से जीवन में सकारात्मक बदलाव आते हैं। मान्यता है कि इस दिन मां की उपासना करने से नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है और असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं। माता स्कंदमाता का यह स्वरूप विशेष रूप से नवरात्र की पंचमी तिथि पर पूजनीय माना गया है। मां स्कंदमाता की गोद में भगवान कार्तिकेय विराजमान हैं, इस कारण उन्हें स्कंदमाता कहा जाता है। माता कमल के आसन पर बैठी हैं, इसलिए उन्हें पद्मासना देवी भी कहा जाता है। मां के वाहन का स्वरूप सिंह है, जो उनकी शक्ति और साहस का प्रतीक है।

### पूजा- विधि

पंचमी तिथि के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और स्वच्छ वस्त्र धारण करें। मां की प्रतिमा को गंगाजल से स्नान कराएं। इसके बाद मां को पुष्प, रोली और कुमकुम अर्पित करें। मिष्ठान और पांच प्रकार के फलों का भोग लगाएं। भक्ति और ध्यान के साथ मां की आरती करें। पूजा के दौरान मां का ध्यान अधिक से अधिक करें और मन में शुद्ध विचार रखें।

### मां की व्रत कथा

मां स्कंदमाता को केले और खीर का भोग विशेष प्रिय है। उनके पूजन में सफेद रंग के वस्त्र पहनना शुभ माना जाता है, वहीं पीले रंग के वस्त्र भी पूजा के दौरान धारण किए जा सकते हैं। सफेद रंग शांति और पवित्रता का प्रतीक है, जो मां की उपासना में और अधिक शक्ति प्रदान करता है। मां स्कंदमाता की पूजा से संतान सुख की प्राप्ति होती है। उन्हें विद्यावाहिनी दुर्गा भी कहा जाता है। माता की कृपा से भक्त के जीवन में अलौकिक शक्ति, सुख-शांति और समृद्धि आती है। उनकी उपासना से मानसिक तनाव दूर होता है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है।

### ध्यान मंत्र

या देवी सर्वभूतेषु माँ स्कंदमाता रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

### महिला सुरक्षा को लेकर छात्राओं को किया प्रेरित



**जलालपुर अंबेडकरनगर।** शिक्षा क्षेत्र जलालपुर में शुक्रवार को मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों में सशक्तिकरण का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी मीनाक्षी सिंह के निर्देश पर परिषदीय विद्यालयों की छात्राओं को सुरक्षा और सम्मान के प्रति जागरूक किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नारी शक्ति को सशक्त बनाना और बालिकाओं में आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। उच्च प्राथमिक विद्यालय अजईपुर में भी मिशन शक्ति फेज 5 .0 के तहत शिक्षकों ने छात्राओं को सुरक्षा और सम्मान के प्रति जागरूक किया। प्रधानाध्यापक मोहम्मद रजा ने विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी। शिक्षक मोहम्मद अलकमा ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार मिशन शक्ति एवं मीना मंच के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। मिशन शक्ति के आयोजन ने बालिकाओं के उत्साह और सशक्तिकरण का सकारात्मक संदेश दिया। प्राथमिक विद्यालय धौरूआ द्वितीय में सहायक अध्यापक कमलेश्वरी ने वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस हेल्पलाइन 112 और फायर ब्रिगेड 101 जैसे आपातकालीन नम्बरों की जानकारी दी गई ।इसके अलावा उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर कला, उच्च प्राथमिक विद्यालय मंगुराडिला, उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ागांव, उच्च प्राथमिक विद्यालय कटघर मूसा, प्राथमिक विद्यालय रामपुर दूबे में मिशन शक्ति के तहत छात्रों छात्राओं को जागरूक किया गया।

### अवैध निर्माण को लेकर दो पक्षों में विवाद

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** थाना जलालपुर क्षेत्र के पेठिया गांव में 23 सितम्बर 2025 की शाम ज़मीन पर अवैध निर्माण को लेकर दो पक्षों में विवाद का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीण देवेन्द्र नाथ वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पैतृक भूखंड पर विपक्षी पक्ष द्वारा ज़बरन नींव डालकर दीवार खड़ी की जा रही थी। जब उन्होंने आपत्ति जताई तो विपक्षी पक्ष के कई लोग एकजुट होकर गाली-गलौज और मारपीट पर उतारू हो गए। पीड़ित का आरोप है कि विपक्षी गण मारपीट पर उतारू थे जिससे बचने के लिए पीड़ित पक्ष घर का दरवाजा बंद कर अंदर चले गए और विवाद को टाला ।सूचना पर 112 पुलिस टीम मौके पर पहुँची और बीच-बचाव कर विवादित निर्माण को रोकवाने में असफल रही। पीड़ित ने जिला प्रशासन से लेकर सूबे के मुखिया तक से न्याय की गुहार लगाई और पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि हल्का दरोगा की भूमिका संदेह के घेरे में है,और मांग की है कि तत्काल प्रभाव से निर्माण कार्य पर रोक लगाई जाए और दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाए।

**आत्मारक्षा** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने मिशन शक्ति पेज 5 .0 के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में चलाये गये जागरूकता अभियान

# गुड टच एवं बैड टच, घरेलू हिंसा से बचने व यौन उत्पीड़न से बचने के बताएं उपाये

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देशन में शुक्रवार को मिशन शक्ति पेज 5.0 के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों जैसे की कौमी इंटर कॉलेज टांडा, मजरे हक निस्वा इंटर कॉलेज टांडा,राजकीय इंटर कॉलेज अकबरपुर, सीता गर्ल्स इंटर कॉलेज समुखपुर, आरएसएस इंटर कॉलेज वाजिदपुर, महात्मा गोविंद साहब इंटर कॉलेज दुल्हू पुर आदि इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति के अंतर्गत विद्यालय की छात्राओं को जागरूक किया गया।

इस दौरान महिला हिंसा से संबंधित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नंबर/फोरम जैसे की वीमेन पावर लाइन -1090, इमरजेंसी कॉल/पैनिक बटन -मोबाइल पर डेमो, सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर -1098, वन स्टाफ सेंटर/वीमेन हेल्पलाइन -181, साइबर हेल्पलाइन नंबर -1930, गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर-102, एंबुलेंस सेवा -108, जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की महिला हेल्पलाइन, आपातकालीन पुलिस सेवा -112, अग्निशमन सेवा-101, साइबर हेल्पलाइन-1030 आदि के साथ साथ गुड टच एवं बैड टच, घरेलू हिंसा से बचने, वर्कप्लेस पर यौन उत्पीड़न से बचने आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई एवं जागरूक किया गया।



इसी के साथ ही विभिन्न विद्यालयों में जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आदि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं उनके कार्मिकों द्वारा विभिन्न विद्यालयों एवं स्थलों पर छात्राओं एवं महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित महिला केंद्रित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैंकिंग कारसपांडेंट सखी, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पीएम सम्मानित योजना, पीएम सम्मान निधि योजना, वन स्टाफ सेंटर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना आदि की आच्छादता, पात्रता हेतु अहर्ताएं, मापदंड, आवेदन की प्रक्रिया आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# बोले डीआईजी-एसएसपी- नजीर बनेगी कार्रवाई

## बरेली में दंगा भड़काने की साजिश, उपद्रवी चिन्हित, बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियां, मौलाना पर कस सकता है शिकंजा



रोड पर ग्रस्त करते हुए एसपी सिटी मानस पारीक व क्षेत्राधिकार नगर आशुतोष



उपद्रवियों द्वारा पत्थरों के बाद रोड पर बिखरे पत्थर

विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** शहर की सड़कों पर दंगा भड़काने की गंभीर साजिश रची गई। चर्चित मौलाना तौकीर रजा खां के ऐलान के बाद बड़ी संख्या में मुस्लिम युवक सड़क पर उतरे। कुछ उपद्रवियों ने फायरिंग और पथराव शुरू कर दिया। पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। इस बीच सड़क पर उतर कर हालात को काबू कर रहे डीआईजी अजय कुमार साहनी और एसएसपी अनुराग आर्य ने मीडिया से बातचीत में कहा कि इस बार ऐसी कार्रवाई होगी जो कि नजीर बनेगी।

साल 2010 और 2012 में दंगों का दंश झेल चुका बरेली अब दोबारा उस बिगड़े माहौल का सामना करने को तैयार नहीं था। चर्चित मौलाना के ऐलान ने हालात में तनाव पैदा कर दिया। बरेली पुलिस ने बड़े पैमाने पर फोर्स को तैनात कर दिया। सुबह से ही 4500 पुलिस कर्मी सड़कों पर उतारे गए थे। मंडल भर से फोर्स बुलाई गई थी। पांच कंपनी पीएसी व एक कंपनी आरएएफ को तैनात किया गया। पथराव, फायरिंग और लाठीचार्ज के बाद हालत पर नियंत्रण कर रहे डीआईजी और एसएसपी ने प्रेस क्लब चौराहे पर मीडिया से बातचीत की।

डीआईजी अजय कुमार साहनी ने कहा कि कुछ खुरापाती तत्व थे, जो की



राहगीरों की बाईक रोड पर फेंकी



नारेबाजी करते हुए पुलिस फोर्स पर पथराव व फायरिंग कर रहे थे। बड़े पैमाने पर वीडियो और फोटो हैं, जिनसे अपराधियों, उपद्रवियों को चिन्हित किया जा रहा है। इसके बाद मुकदमा पंजीकृत किया जायेगा। कुछ लोगों ने फायरिंग भी की है। इस बार ऐसी कार्रवाई की जायेगी जो कि नजीर बनेगी।


एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि पांच कंपनी पीएसी, आरएएफ व बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स को तैनात किया गया था। ज्यादातर लोगों को समझाया गया था, नमाज के बाद अधिकांश लोग चले गए थे कुछ जगहों पर लोग इकट्ठा हुए, जिनमें उपद्रवियों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। एसएसपी ने बताया कि इस बार ऐसी कार्रवाई की जायेगी जो कि लम्बे वक्त तक याद रखी जायेगी। एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि किसी को भी यह इजाजत नहीं दी जा सकती है कि वह कानून व्यवस्था को हाथ में ले और माहौल को खराब करे।

**शुरु हुई गिरफ्तारियां-** पुलिस प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि हो सकता है कि बड़ी कार्रवाई करते हुए मौलाना तौकीर रजा खां की भी गिरफ्तारी की जाये। इस बीच एक पूर्व सभासद समेत कई लोगों को पुलिस हिरासत में लिया गया है। मौलाना तौकीर रजा खां के संगठन इत्तेहाद ए मिल्लत कौंसिल से जुड़े कुछ नेताओं और पदाधिकारियों को भी हिरासत में लेने की खबरें सामने आ रही हैं। इस बीच दरगाहे आला हजरत पर बड़ी हलचल जारी है।

### युवाओं को आगे करके कहां चले गए मौलाना

मौलाना तौकीर रजा खां के ऐलान के बाद बड़ी संख्या में युवा सड़कों पर उतरे। चर्चित मौलाना का ऐलान था कि इस्लामियां इंटर कालेज में इकट्ठा होकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया जायेगा। इकट्ठा हो रहे लोगों में से कुछ उपद्रवियों ने पथराव और फायरिंग शुरु कर दी। पथराव फायरिंग और लाठीचार्ज में घायल होने वालों में पुलिस कर्मियं के अलावा ज्यादातर युवा हैं, एक सवाल गंभीरता से उठा कि ऐलान करने के बाद आखिरकार मौलाना तौकीर रजा खां कहां अंडरग्राउंड हो गए और नतीजा प्रदर्शन कर रहे युवाओं को भुगतना पड़ा।

### मुस्लिम युवा भावनाओं पर रखें काबू : शमीम खां सुल्तानी



**बरेली।** समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष शमीम खाँ सुल्तानी ने युवकों पर पुलिस द्वारा बर्बर लाठी चार्ज की निंदा करते हुए ने कहा बरेली की गंगा जमुनी तहज़ीब की मिसाल पूरी दुनिया कई सालों से आला हज़रत और अज़हरी मियाँ के उर्से मुबारक के दौरान बखूबी देखती है लाखों मुस्लिम जायरीन इन तंग गलियों से शांति से गुज़र जातें हैं, अभी उर्स के दौरान निकली गंगा महारानी की शोभा यात्रा बिना किसी विवाद के सम्पन्न हुई थी। मौलाना तौकीर रज़ा के ज्ञापन के आह्वान पर शांतिपूर्वक विरोध-प्रदर्शन को जा रहें मुस्लिम नव युवकों पर पुलिस द्वारा बर्बर लाठी चार्ज की निंदा की है। जहां तक बात मौलाना तौकीर रज़ा के आह्वान पर भी कई बार हज़ारों मुस्लिम ने एक साथ इस्लामियाँ मैदान में इकट्ठा होकर विरोध - प्रदर्शन भी किए सभी निपट गए, आज ऐसे क्या हालात बने कि पुलिस ने शांति पूर्वक विरोध के लिए ज़मा हो रहें नौजवानों पर बर्बर लाठी चार्ज किया जिसकी हम घोर निंदा करते हैं तथा इस पूरे मामले की निष्पक्ष जाँच की माँग करते हैं तथा बरेली की आवाम से ऐसे नाजुक वक्त में शान्ति की अपील करते हैं, नौजवानों से सब्र की गुजारिश करते हैं, साथ ही प्रशासन से भी अपील है कि निष्पक्ष कार्यवाही करें, संविधान में किसी भी व्यक्ति को उसके धर्म के आधार पर इबादत का पूरा हक़ है सत्ता के दवाव में तानाशाही रवैया न अपनाकर सद्भाव से काम लें।

# बेटे के नामकरण की दावत में चली गोलियां ग्राम प्रधान ने पिता को मौत के घाट उतारा

## गोलियों की आवाज से समारोह में अफरा-तफरी मच गई

विश्ववार्ता संवाददाता



**शाहजहांपुर।** तिलहर थाना क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर में गुरुवार रात खुशियों का माहौल मातम में बदल गया। बेटे के नामकरण की दावत में न बुलाए जाने से नाराज ग्राम प्रधान ने बच्चे के पिता पर गोलियां बरसा दीं। गंभीर हालत में युवक को परिजन आनन-फानन में मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

ग्रामीणों के मुताबिक मोहनपुर निवासी अवनीश राठौर के घर बेटे के नामकरण की दावत चल रही थी। आरोप है कि ग्राम प्रधान को बुलावा न मिलने से वह भड़क गया। दावत के दौरान ही उसने अवनीश पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोलियों की आवाज से समारोह में अफरा-तफरी मच गई। लोग चीखते-चिल्लाते हुए इधर-उधर भागने लगे।गोलीबारी में अवनीश गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। परिजन और ग्रामीण हमलावर प्रधान को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिए। वहीं, परिजनों के रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में दहशत का माहौल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों ने गांव में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। घटना के बाद पूरे इलाके में मातम छा गया।

### टेंडर प्रकाशन का मामला गरमाया, बीडीसी सदस्यों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**पीलीभीत।** मरौरी ब्लॉक में क्षेत्रीय विधायक और प्रमुख के बीच सांप-नेवले वाला खेल चल रहा है। दोनों एक दूसरे की कार्यशैली पर बगुले जैसी दृष्टि जमाए हुए हैं और जैसे ही कोई चूक होती है, उसका तमाशा बन जाता है। ऐसे में सरकारी अधिकारी की गर्दन पर तलवार लटकी पड़ी है। मरौरी ब्लॉक में क्षेत्र पंचायत से 2.74 करोड़ के काम होने थे। टेंडर प्रक्रिया के दौरान स्थानीय समाचार पत्रों में निविदाएं प्रकाशित कराया जाना था, लेकिन ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी और बीडीओ लियाकत अली के आपसी तालमेल से गैर जनपद के समाचार पत्रों में टेंडर प्रकाशित कराए गए, जिसपर खूब बबाल हुआ।

मामले की शिकायत शासन में की गई। प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख से भी की गई है। शिकायत के बाद स्थानीय समाचार पत्र में भी टेंडर प्रकाशित कराए गए हैं, लेकिन मामला तूल पकड़ता जा रहा है। शुक्रवार को कई क्षेत्र पंचायत सदस्य जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और चहेते ठेकेदारों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से ब्लॉक प्रमुख और बीडीओ पर गैर जनपद के समाचार पत्रों में टेंडर प्रकाशित कराने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पारदर्शी तरीके से टेंडर प्रक्रिया संपन्न होना मुश्किल लग रहा है। उन्होंने पूरी टेंडर प्रक्रिया की निगरानी करने और गैर जनपद में प्रकाशित टेंडर की जांच कराकर दोषियों पर कानूनी व विभागीय कार्यवाही करने की मांग की है। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच करने हेतु सीडीओ को निर्देशित किया है।

### डिजिटल क्रॉप सर्वे में शामिल किए जाने पर पंचायत सहायकों ने जताया विरोध

**पीलीभीत।** पंचायत सहायकों ने डिजिटल क्रॉप सर्वे 2025 में शामिल किए जाने के आदेश का कड़ा विरोध जताया है। शुक्रवार को सभी पंचायत सहायक जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचे और उपजिलाधिकारी न्यायिक पवन कुमार को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद सभी पंचायत सहायक विकास भवन पहुंचे और इस मुद्दे पर अधिकारियों से वार्ता की।

अमरिया ब्लॉक के पंचायत सहायकों ने शासनादेश के तहत खरीफ सत्र 2025 से शुरू किए गए डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य में उनकी भागीदारी को लेकर आपत्ति जताई है। पंचायत सहायकों का कहना है कि इस कार्य में शामिल करने से पूर्व उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों को स्पष्ट किया जाना चाहिए था। इस दौरान सहायकों ने मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास व पंचायती राज अधिकारी रोहित भारती से भी वार्ता की। अधिकारियों ने पंचायत सहायकों को उनकी मांगों पर सकारात्मक विचार और शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। ज्ञापन सौंपने वालों में दर्जनों पंचायत सहायक मौजूद रहे।

# हिंसक प्रदर्शन में दस से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल हुए : डीआईजी

विश्ववार्ता संवाददाता

**बरेली।** आई लव मोहम्मद' के मुद्दे को लेकर इत्तेहादे मिल्लत काउंसिल (आई.एम.सी.) के समर्थकों ने आज यहां जुमे की नमाज के बाद प्रदर्शन करते हुए पुलिस पर गोलीबारी और पथराव किया। डी.आई.जी. अजय साहनी ने बताया कि उपद्रवियों के हिंसक प्रदर्शन में दस से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। आक्रामक भीड़ को पुलिस ने लाठी चार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़कर प्रदर्शनकारियों को तितर बितर कर दिया। उन्होंने बताया कि कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इसके अलावा फोटो और वीडियो फुटेज के आधार पर उपद्रवियों की पहचान की जा रही है। खुराफाती तत्वों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

आई. लव. मोहम्मद के बैनर को लेकर शुरू हुए विवाद के बाद यहां आला हजरत दरगाह से जुड़े और आईएमसी मुखिया मौलाना तौकीर रजा खा ने जुमे की नमाज के बाद प्रदर्शन का ऐलान



डीआईजी अजय कुमार साहनी

किया था। जिला प्रशासन द्वारा किसी तरह के प्रदर्शन की अनुमति न दिए जाने के बावजूद मौलाना और उनके समर्थक प्रदर्शन की जिद पर अड़े रहे। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। डीआईजी अजय साहनी ने बताया कि जुमे की नमाज के बाद अधिकांश नमाजी शांतिपूर्वक अपने घरों को चले गए। इसके बाद खुराफाती तत्वों ने करोलान, शहामतगंज, आजमनगर और कोतवाली के पास जमा होकर नारेबाजी करते हुए सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। डीआईजी अजय साहनी ने बताया कि पुलिस के रोकने पर भीड़ ने पथराव और तमंचों से गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे दर्जनभर पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने सख्ती बरतते हुए आक्रामक भीड़ को खदेड़ दिया। इस दौरान एडीजी रमित शर्मा और मण्डलायुक्त भूपेन्द्र एस. चौधरी कोतवाली में बैठकर शहर की स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में लगभग 4500 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। इसके अलावा घोषित प्रदर्शन स्थल और उसके आसपास के इलाकों की ड्रोन से निगरानी की जा रही है। एसएसपी अनुराग आर्य के मुताबिक इसके अलावा लगभग दो हजार पुलिसकर्मी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए उपलब्ध हैं। इत्तेहादे मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा खां ने 'आई लव मोहम्मद' के मुद्दे पर प्रदर्शन के लिए जुमे की नमाज के बाद लोगों से इस्लामियां इण्टर कॉलेज के मैदान में जमा होने की अपील की थी। उन्होंने जुलूस के रूप में कलेक्ट्रेट जाकर जिलाधिकारी को राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन देने का ऐलान भी किया था। वीडियो के जरिए मीडिया को जारी किए गए बयान में उन्होंने कहा कि वे नौमहला मस्जिद में नमाज पढ़ने के बाद इस्लामियां इण्टर कॉलेज के मैदान में पहुंचेंगे। लेकिन गुरूवार को जिला प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया कि प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी जाएगी। बिना अनुमति प्रदर्शन करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी थी। लोगों को प्रशासन के सख्त रुख और सुरक्षा का एहसास कराने के लिए गुरुवार की शाम को जिलाधिकारी अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ प्रमुख मार्गों और संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया। आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम पर अड़े रहे। प्रशासन ने उनके आला हजरत दरगाह परिसर स्थित घर के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर उन्हें शुक्रवार को घर से निकलने ही नहीं दिया। जहां कहीं प्रदर्शन करने के लिए लोग सड़कों पर उतरे उन्हें भी सख्ती से लाठिया भांजकर खदेड़ा गया है।

## एक नजर

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम तथा वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक मासिक किया निरीक्षण



**शाहजहांपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में डीएम कम्पाउण्ड स्थित ईवीएम तथा वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक मासिक निरीक्षण किया। डीईओ ने निरीक्षण के दौरान अग्निशमन यंत्र, सीसीटीवी कैमरों का भी निरीक्षण किया तथा निर्देशित किया कि सीसीटीवी कैमरा निरन्तर संचालित रहने चाहिए। उन्होंने सुरक्षा मानकों को देखा तथा सुरक्षा कर्मियों को मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करते रहने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं राजनैतिक दलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### नारी शक्ति क्लब ने प्रदर्शनी का किया आयोजन



**पीलीभीत।** नारी शक्ति क्लब ने नगर एक होटल में फैशन ब्लॉसम के नाम से प्रदर्शनी आयोजित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला पंचायत अध्यक्षा मौजूद रही और विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता, एसडीएम अजीत प्रताप सिंह, इनर व्हील क्लब ऑफ पूरनपुर ग्लोरी की अध्यक्ष कल्पना गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को राष्ट्रीय गान के साथ गति प्रदान की गई। प्रदर्शनी में बरेली, पीलीभीत, दिल्ली, बनारस, शाहजहांपुर और पूरनपुर से ज्वैलरी, सूट, ड्रेस, कुर्ते, जूतियां, चिकन के सूट, नाइट सूट, कॉड सेट और बनारसी साड़ी की विभिन्न रेंज मौजूद रही। इसके साथ ही स्टेशनरी,चाकलेट, आँवला के उत्पाद, भगवान की पोशाक और क्रोशिया के सामान की नई रेंज आकर्षण का केंद्र रही। प्रदर्शनी में आयुर्वेदिक के उत्पाद भी चमकते दिखे। महिला स्वास्थ्य के अंतर्गत डॉक्टर लाल पैथ द्वारा निशुल्क जाँच की व्यवस्था भी की गई। पूरनपुर नगर स्थित राम होटल में नारी शक्ति क्लब द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में क्लब की सदस्यों के द्वारा भी विशेष स्टॉल लगाए गए, जिससे कार्यक्रम में चार चांद लग गए। मिंटी मंडेर, अनुराधा गुप्ता, रुचि मल्होत्रा, रिद्धि होरा, दिव्या होरा आदि सदस्य शामिल रहीं। प्रभा गुप्ता द्वारा तुलसी के पौधे देकर कार्यक्रम के अतिथियों का स्वागत किया गया। नगरवासियों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर खरीदारी की।

# जान जोखिम में डालकर नहीं जाना, हमें पुराना स्कूल ही लौटाया जाए



विश्ववार्ता संवाददाता

**पीलीभीत।** मर्जर स्कूल की बहाली की मांग को लेकर दर्जनों स्कूली बच्चे अपने अभिभावकों के साथ प्रधान पति सतपाल मौर्य के नेतृत्व में ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार होकर डीएम कार्यालय पहुंचे और एसडीएम न्यायिक पवन कुमार को ज्ञापन सौपते हुए बच्चों सहित अविभावकों ने अपनी समस्या से अवगत कराया और स्कूल को पुनः संचालित कराने की मांग की।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे ब्लॉक अमरिया क्षेत्र के गाँव पंसोली निवासी ग्रामीणों ने बताया कि उनके गाँव में संचालित प्राथमिक विद्यालय कुछ समय पूर्व कंपोजिट स्कूल में मर्ज कर दिया गया है, जिससे बच्चों को दूसरे गांव जाना पड़ता है। उस स्कूल तक पक्की रोड नहीं है, बल्कि बच्चों को नहर किनारे बनी मात्र दो फीट चौड़ी संकरी पटरी से होकर गुजरना पड़ता है। कई बार बच्चे यहां हादसे का शिकार भी हो चुके हैं। ग्राम प्रधान पति सतपाल मौर्य ने कहा कि स्कूल बंद हो जाने से बच्चों की शिक्षा पर संकट गहरा गया है।

# नमामि गंगे अंतर्गत पन्ना घाट पर हुआ श्रमदान व सम्मान कार्यक्रम

विश्ववार्ता संवाददाता

**शाहजहांपुर।** नमामि गंगे परियोजना अंतर्गत जिला गंगा समिति द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान पन्ना घाट पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी चित्रा निर्वाल, विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी आर.पी. राणा, मेरा युवा भारत के जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया, क्षेत्रीय वनाधिकारी वीरेश राव, लोक भारती संयोजक नदी एवं जल संजय त्रिपाठी ने स्वच्छता व श्रमदान कर किया। स्वच्छता श्रमदान अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय जेवा, संविलियन विद्यालय बिल्सड़ी खुर्द, लोक भारती की टीम, वन विभाग की टीम, मेरा युवा भारत के स्वयंसेवी, जिला पंचायती राज विभाग के सफाई नायक आदि ने मिलकर स्वच्छ घाट व हरित घाट के नारों के साथ साफ सफाई की। वन विभाग द्वारा सेवा पर्व एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत मुख्य अतिथि व विद्यालय के बच्चों द्वारा पौधारोपण किया गया।



आयोजक जिला परियोजना अधिकारी डा. विनय कुमार सक्सेना ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित कराई जिसमें मंजीत, विविध, दीपांशु, निहाल, अनन्या शर्मा विजई रहे जिन्हें मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। विद्यालीय छात्र छात्राओं अंतर्गत स्काउट गाइड की टीम ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया साथ ही नमामि गंगे विषयक रंगोली बनाई। उक्त विधा में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

मुख्य अतिथि ने भारत सरकार द्वारा नमामि गंगे परियोजना अंतर्गत स्कूली बच्चों को इस तरह के कार्यक्रम से जोड़ने के प्रयास की सराहना की व शैक्षणिक अवस्था से ही स्वच्छता के प्रति सजग रहने का सभी को संदेश दिया साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को गंगा स्वच्छता शपथ ग्रहण करवाते हुए हस्ताक्षर अभियान चलाया। विशिष्ट अतिथि जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने जागरूकता पर जोर देते हुए सभी को नदी संरक्षण हेतु जागरूक किया व विकसित भारत अंतर्गत हो रही क्विज प्रतियोगिता हेतु जागरूक किया। लोक भारती संयोजक नदी एवं जल राजीव सिंह ने नदियों के साथ जुड़ने व जागरूकता अभियान पर विशेष बल देते हुए कहा कि नदियां हमारी जीवन दायिनी है जिनका संरक्षण हमारा दायित्व है। इस पुनीत अवसर पर जिला गंगा समिति द्वारा भैंसी नदी पुनरुद्धार हेतु सेवारत पन्ना घाट के लोक भारती कार्यकर्ता संजय त्रिपाठी, राजीव सिंह, अंबिका प्रसाद, आलोक मिश्रा, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, अधीर त्रिवेदी, अरविंद मिश्रा, प्रमोद सिंह, उदयराज सिंह, प्रेम शंकर बाजपेई, मुदित मिश्रा, स्वामी रुद्र देवानंद को नदी रत्न से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक जिला परियोजना अधिकारी एवं लोक भारती कार्यकर्ता लक्ष्मीकांत त्रिपाठी द्वारा सभी अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए सम्मानित किया।

# खजुरिया पचपेड़ा के ग्रामीणों ने प्रधान और सचिव पर लगाए गंभीर आरोप

विश्ववार्ता संवाददाता

**पीलीभीत।** प्रधान और सचिव पर विकास कार्यो हेतु पंचायत निधियों से प्राप्त धन का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने शपथपत्र सहित जिलाधिकारी के समक्ष शिकायत प्रस्तुत करके फर्जीवाड़ा और गबन मामले की जांच कराने का अनुरोध किया है।

बरखेड़ा ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत खजुरिया पचपेड़ा के ग्रामीणों ने शुक्रवार को जिलाधिकारी से मुलाकात की। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि वर्ष 2022-23 में मनरेगा से राजेश के घर से अवधेश वकील के घर तक इंटरलाकिंग कार्य के नाम पर 338650 रुपए की धनराशि आहरित की गई जोकि फर्जी व मानक विहीन है। ग्राम पंचायत मे 6 समितियों का गठन किया जाता है जिनका प्रतिवर्ष नवीनीकरण कराया जाता है, लेकिन प्रधान द्वारा कोई भी नवीनीकरण नहीं कराया है। वर्ष 2023-2024 में मनरेगा से दयाराम की पशुशाला से चेतराम के घर तक सी.सी कार्य व नाली हेतु 5 बार में 356850 रुपए की धनराशि, गुलमदार तथा महनाज वेगम की 14-14, पूर्व प्रधान भगवानदास पुत्र दुर्जन की 8 फर्जी हाजरी दर्ज की गई हैं। मौजूदा प्रधान के कार्यकाल में किसी वार्ड मेम्बर को कभी भी कोई मानदेय नहीं दिया गया है एवं न ही कोई खुली बैठक कराई गयी। गौशाला निर्माण मे मनरेगा से कुल धनराशि 1349713 रु0 तथा काफी लोगों की फर्जी हाजिरी लगाकर एवं ग्राम निधि से कुल धनराशि 591342 रु0 कुल धनराशि 1941055 फर्जी रुप से आहरित की गयी है। वर्ष 2023 व 2025 मे गौशाला मे समरसेविल, रस्सी, तरपाल, हरी झिल्ली, सफाई किट के नाम से मु0 126712 रु0 की धनराशि आहरित की गई जिसका कोई सामान गौशाला मे नही लाया गया। 05.02.2025 को मु० 7600/- रु का प्रधाान राजेन्द्र कुमार ने गौशाला के मृत पशुओ का दाह संस्कार के नाम से फर्जी रुप से अपने खाते में प्राप्त किया जोकि गैर कानूनी है। 14.01.2023 को मु0 44992 रु0 की धनराशि गौशाला का अवशेष भुगतान के नाम फर्जी रुप से आहरित की गई। 08.02.2024 को मु० 34081 रु0 की धनराशि गौशाला मे शौचालय व मनरेगा की फर्जी हाजिरी दिखाकर पुनः पूर्व प्रधान भगवानदास आदि के नाम से धनराशि आहरित की गई।

# महिला एवं पुरुष श्रमिकों की हाजिरी में बड़ा फर्जीवाड़ा, मनरेगा बनी लूट का जरिया

विश्ववार्ता संवाददाता

**पीलीभीत।** मनरेगा में फर्जीवाड़ा और वित्तीय अनियमितताओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। ग्राम पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर तक सभी सरकारी चौकीदार भ्रष्टाचार में लिप्त हैं, जिसके कारण मनरेगा सरकारी खजाने की लूट का जरिया बनकर रह गई है। सोशल ऑडिट की आपत्तियों के बाद भी मनरेगा मॉनिटरिंग पारदर्शिता के साथ न करना अधिकारियों द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार का प्रमाण है।

अमरिया ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत अमखेड़ा में वित्तीय वर्ष 2024-25 में लश्करी तालाब का खुदान कार्य हेतु 31 मई 2025 से काम शुरू हुआ, जोकि अभी तक अपूर्ण दिखाया जा रहा है। इस कार्य को कराने के लिए संबंधित रोजगार सेवक नूर फातमा ने मास्टररोल संख्या 2026, 2027, 2028, 2029, 2030 व 2031 जारी किए। मजे की बात यह है कि उल्लेखित मास्टररोल के सापेक्ष अपलोड किए गए प्रत्येक फोटो में समान मजदूर ही स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं और किसी भी मास्टररोल के सापेक्ष अपलोड फोटो में कोई भी महिला मजदूर दिखाई नहीं दे रही है और न ही कोई महिला मजदूर काम पर जाती है। बाबजूद इसके 9 महिला मजदूरों सहित दर्जनों पुरुष मजदूरों की फर्जी हाजरी दर्ज की गई है। ग्राम पंचायत से लेकर ब्लॉक व जिला स्तर तक पर मनरेगा में होने वाली गड़बड़ियों को रोकने के लिए मॉनिटरिंग की जाती है, ऐसा हम नहीं कह रहे बल्कि भ्रष्टाचार में लिप्त अफसरों की लिखित रिपोर्ट बयां कर रही है, लेकिन फिर भी आंखे खोलकर मॉनिटरिंग करने का दावा करने वाले भ्रष्ट अफसरों को न तो महिला-पुरुष मजदूरों में अंतर दिखा और न ही समानता का अनुभव हुआ। इसके अलावा सोशल ऑडिट के दौरान आपत्तियों पर भी भ्रष्ट अफसरों की नजर नहीं पहुंचती। ऐसे में सरकार द्वारा इन भ्रष्ट अफसरों को



अनिवार्य सेवानिवृति देकर घर भेज देना चाहिए या फिर इनकी सेवा समाप्त कर देना चाहिए, क्योंकि ऐसे अफसर ही सरकार के मंसूबों पर पानी फेर रहे हैं।

बताते चलें कि रोजगार सेवक द्वारा ऐसा कोई पहली बार नहीं किया गया है। इससे पूर्व भी विभिन्न तालाबों व सार्वजनिक स्थानों पर वृक्षारोपण कार्य, नहर से बड़ी गूल तक नाला खुदान व नहर पुलिया से बड़े नाले तक चकमार्ग पर मिट्टी कार्य आदि में भी इसी तरह के कारनामों को अंजाम देकर रोजगार सेवक सहित संबंधित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि ने अपने पदों का दुरुपयोग कर सरकार की मंशा के विपरीत कार्य करके निज स्वार्थ सिद्ध करने के उद्देश्य से आर्थिक रूप से शासकीय क्षति की है।एपीओ शुभम सक्सेना ने बताया कि रोजगार सेवक नूर फातमा की शादी हो चुकी है। वह बरेली अपनी ससुराल में रहती है। ऐसे में यह भी सवाल खड़ा होता है कि आखिर नूर फातमा की आईडी पर कौन कार्य करा रहा है और भुगतान के लिए एपीओ के पास फाइल लेकर कौन आ रहा है, जिससे एपीओ बेखबर है?

## संपादकीय

# विश्व गुरु बनने की तथा–कथा

भारतवर्ष ऐतिहासिक तौर पर एक ऐसा देश रहा है जिसने अपनी संस्कृति सनातनी शक्ति एवं ऊर्जा से वैश्विक नेतृत्व किया है बीच के कुछ काल में अवश्य कुछ विदेशी आक्रांताओं ने देश पर हमला कर विदेशी प्रभाव छोड़ा है किंतु आज भारत इस स्थिति में है कि वह विश्व का सक्षम नेतृत्व कर सकता है। भारत ही एक ऐसा देश है जिसने सदियों से दुनिया को ज्ञान, संस्कृति, विज्ञान और नैतिकता का संदेश दिया है। "विश्व गुरु" बनने का मतलब केवल ताकत या धन में आगे होना नहीं है, बल्कि ज्ञान, संस्कृति और नैतिक नेतृत्व में दुनिया के लिए उदाहरण बनना है। यह वह स्थिति है, जो भारत ने प्राचीन काल से लेकर आज तक हमेशा हासिल करने की कोशिश की है।प्राचीन भारत में शिक्षा और विज्ञान का स्तर अत्यंत ऊँचा था। हमारे यहाँ वेदों और उपनिषदों में जीवन, ब्रह्मांड और मानव चेतना के रहस्यों का अध्ययन हुआ। शून्य और दशमलव पद्धति की खोज ने पूरी दुनिया में गणितीय ज्ञान को आसान बनाया। आर्यभट्ट और वराहमिहिर ने खगोल विज्ञान और गणित में अद्वितीय योगदान दिया। सुश्रुत और चरक ने आयुर्वेद और शल्य चिकित्सा में ऐसी खोजें कीं, जो आज भी विश्व में मान्य हैं। योग और ध्यान ने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का विज्ञान प्रस्तुत किया। धर्म और दर्शन के क्षेत्र में भी भारत ने दुनिया को दिशा दिखाई। बौद्ध और जैन धर्म ने अहिंसा और नैतिकता का संदेश फैलाया। रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्यों ने जीवन, नैतिकता और सही–असही की पहचान करने का मार्ग दिखाया। भारतीय संगीत, नृत्य, कला और वास्तुकला ने दुनिया में हमारी सांस्कृतिक पहचान बनाई। इस समय भारत केवल शक्ति का केंद्र नहीं था, बल्कि ज्ञान और संस्कृति का मार्गदर्शक बन चुका था। मध्यकाल में जब राजनीतिक स्थिति अस्थिर थी और कई विदेशी आक्रमण हुए, तब भी हमारी संस्कृति और शिक्षा जीवित रही। संस्कृत साहित्य, आयुर्वेद, ज्योतिष और तंत्र का अध्ययन जारी रहा। इस समय भारतीय कला और वास्तुकला ने नई शैली अपनाई और समृद्धि पाई। खगोल विज्ञान और चिकित्सा विज्ञान में भी प्रगति जारी रही। इस समय भारत का प्रभाव केवल राजनीतिक शक्ति से नहीं, बल्कि ज्ञान और संस्कृति के माध्यम से दूर–दूर तक महसूस किया गया। ब्रिटिश शासन में भारत की राजनीतिक स्वतंत्रता और आर्थिक शक्ति सीमित हो गई, लेकिन ज्ञान और संस्कृति की महत्ता कम नहीं हुई। राजा राममोहन राय और स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति और योग को दुनिया के सामने प्रस्तुत किया। महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग से दुनिया को नेतृत्व का नया उदाहरण दिया। इसी समय जगदीश चंद्र बोस और सी. वी. रमन जैसे वैज्ञानिकों ने भारत का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमकाया। स्वतंत्रता के बाद भारत ने आधुनिक विज्ञान, तकनीक, अर्थव्यवस्था और संस्कृति के क्षेत्र में तेज़ी से प्रगति की। आईटी और डिजिटल इंडिया ने भारत को दुनिया में तकनीकी शक्ति बनाया। ISRO के चंद्रयान और मंगलयान अभियानों ने यह दिखाया कि भारत अंतरिक्ष अनुसंधान में भी अग्रणी है। फार्मास्युटिकल्स और बायोटेक में भारत वैश्विक आपूर्ति केंद्र बन गया। योग और आयुर्वेद का प्रचार, बॉलीवुड और संगीत के माध्यम से भारतीय संस्कृति का प्रसार, और संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर भारत की सक्रिय भागीदारी ने आधुनिक भारत को विश्व गुरु बनने की दिशा में आगे बढ़ाया है। बेशक चुनौतियाँ अभी भी हैं। गरीबी और असमानता, शिक्षा और अनुसंधान में सुधार की जरूरत, और वैश्विक राजनीति में संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। लेकिन अवसर भी बहुत हैं। अगर हम अपने ज्ञान, संस्कृति और नैतिकता का सही इस्तेमाल करें, तो दुनिया के लिए प्रेरणा बन सकते हैं। विज्ञान और तकनीक में आगे बढ़कर हम पर्यावरण और सतत विकास में उदाहरण पेश कर सकते हैं। ।।भारत ने हर युग में यह दिखाया कि अगर प्रयास और दृष्टि सही हों, तो विश्व गुरु बनना संभव है। प्राचीन काल में ज्ञान और संस्कृति के माध्यम से, मध्यकाल में संरक्षण और अनुकूलन के द्वारा, औपनिवेशिक काल में पुनरुत्थान और स्वतंत्र भारत में तकनीक, अर्थव्यवस्था और संस्कृति के संयोजन से यह सपना हकीकत बन सकता है।

## कटाक्ष ▶ हसन जैदी




# लद्दाख के लिए पूर्ण राज्य का दर्जा


किशन भावनानीं

वैश्विक स्तरपर पिछले तीन-चार वर्षों में दक्षिण एशिया के कुछ देशों में युवा-आधारित (अक्सर "ज़ेन ज़ेड") आन्दोलन तेज़ी से उभरे हैं, श्रीलंका (2022), बांग्लादेश (2024) और हाल ही में नेपाल (सितंबर 2025) में बड़े सार्वजनिक आंदोलनों ने राजनीतिक संतुलन पर प्रभाव डाला है। इन घटनाओं ने यह सवाल जगाया है कि क्या इसी तरह की "ज़ेन ज़ेड" सक्रियता अब भारत के कुछ संवेदनशील इलाकों में (जैसे लद्दाख/लेह) परिलक्षित होकर हिंसा या बड़े सार्वजनिक अशांतियों का रूप ले रही है?और क्या इसके पीछे कोई व्यवस्थित "अंतरराष्ट्रीय साजिश" या सीमापार प्रेरणा है? क्या लद्दाख में नेपाल पार्ट-2 करने की कोशिश हो रही थी। आज सबसे बड़ा सवाल ये है कि क्या नेपाल की तरह लद्दाख में बगावत की तैयारी थी? जांच में ये पता चला है कि इसके पीछे एक गहरी साजिश थी और लद्दाख को जलाने के लिए एक पूरा टूलकिट काम कर रहा था। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र ने सोशल मीडिया पर देखा कि लद्दाख में जेन-ज़ी प्रोटेस्ट क़ा कई लोगों ने दावा किया कि लद्दाख में प्रदर्शनकारी जेन ज़ेड के लोग थे,सोशलमीडिया पर एक शख्स ने लेह का एक वीडियो शेयर किया, जिसका टाइटल था-₹जेन ज़ेड लद्दाख की सड़कों पर है ₹एक अन्य यूजर ने आरोप लगाया,₹लद्दाख में जेन ज़ेड के प्रदर्शनकारियों ने बीजेपी कार्यालय में आग लगा दी, पूरी तरह अराजकता फैल गई,₹कुछ लोगों ने तो हाल ही में हुए नेपाल प्रोटेस्ट से भी तुलना की, जहां जेन ज़ेड के प्रदर्शनकारियों ने ओली सरकार को गिरा दिया था, इस बीच, एक एक्टिविस्ट ने चिंता जाहिर करते हुए कहा, ₹लेह में हुई घटनाएं बहुत दुखद हैं,शांतिपूर्ण रास्ते का मेरा संदेश आज फेल हो गया, मैं युवाओं से अपील करता हूं कि कृपया यह बकवास बंद करें, इससे हमारे मकसद को ही नुकसान पहुंचता है₹अब सवाल उठता है कि क्या ज़ेन ज़ेड की एंट्री भारत में एक साजिश की तरह कराई जा रही है? या फिर वास्तव में आक्रोश उत्पन्न हो रहा है?इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्धजानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,दक्षिण एशिया में ज़ेन ज़ेड का बढ़ता प्रदर्शन-परिदृश्य और भारत पर इसका असर-लद्दाख (लेह) के हालिया घटनाक्रम पर सटीक विश्लेषण। साथियों बात अगर हम क्या नेपाल - बांग्लादेश- श्रीलंका की तरह भारत में भी "ज़ेड ज़ेन साजिश" रची जा रही है? और क्या सरकार को हाई-अलर्ट होना चाहिए? को समझने की करें तो, अब तक उपलब्ध खुली रिपोर्टिंग यह संकेत देती है कि दक्षिण एशिया में उभरते ज़ेड ज़ेन आंदोलनों की प्रेरणा अधिकतर आंतरिक (स्थानीय असंतोष, बेरोज़गारी, सोशल-मीडिया/नियमों पर आपत्ति, पारंपरिक व्यवस्था से नाराज़गी) से आई है, न कि किसी एक विदेशी- संगठित, निर्देशित "साजिश" से। फिर भी, क्योंकि युवाओं ने विभिन्न देशों की रणनीतियाँ और चिट-चैट सोशल प्लेटफॉर्मों पर देखा-सीखा है, विचारों का पारस्परिक आदान-प्रदान हुआ है,और सीमापार प्रभाव/प्रेरणा का छोटा-सा रोल काम कर सकता है। इस तरह के क्षेत्रों में केंद्र/राज्य सुरक्षा-तंत्रों के लिए सतर्कता व निगरानी महत्वपूर्ण है,पर मौजूदा रिपोर्टों में कोई निर्णायक ठोस सबूत नहीं मिला कि नेपाल/बांग्लादेश/श्रीलंका के आंदोलनों को किसी एक केंद्रीय विदेशी एजेंसी ने भारत के लिए निर्देशित किया है।विश्लेषकों का कहना है कि दक्षिण एशिया में ज़ेन ज़ेड आंदोलनों के बीच कुछ साझा विषय रहे,अविकसित रोज़गार, करप्शन/निहित-स्वार्थ, सोशल-मीडिया प्रतिबंध या अर्थव्यवस्था से जुड़ी असंतुष्टि। ये साझा कारण युवा- आंदोलन को"समान रणनीतिक विचार" दे सकते हैं। पर यह समानता स्वतः "साजिश" नहीं बनती;यह सामाजिक - राजनीतिक कारणों का सह-अवतरित होना है। निवारक स्तर पर हाई-अलर्ट होने की जरूरत-किसी संवेदनशील इलाके में (जैसे सीमाप्रान्त लद्दाख) जहाँ स्थानीय असंतोष पहले से मौजूद है (राज्य-दर्जा, नौकरी, भूमि सुरक्षा आदि), सरकार-प्रशासन का सतर्क रहना, सोशल- मीडिया- स्परशोध, सीमापार वित्त/समर्थन-चैनलों की निगरानी और स्थानीय बोतल-नेक मुद्दों (परमिट/भूमि/पर्यावरण) पर शीघ्र संवाद आवश्यक है,सुरक्षा-मंत्रालयों को तथ्यों-आधारित जांच (फॉरेंसिक वित्त निगरानी, सोशल-मीडिया ट्रैफ़िक विश्लेषण, सीमापार एनजीओ/फंडिंग-रूटे) करनी चाहिए,और मीडिया-रूम में अफ़वाहों पर भी नियंत्रण आवश्यक है।यह सामान्य सुरक्षा- प्रोटोकॉल है,साजिश का प्रमाण नहीं। साथियों बात अगर हम, क्या वास्तव में लेह (लद्दाख) में ज़ेन ज़ेड युवाओं ने "गुस्से में भड़ककर" हिंसा की? इसके क्या कारण रहे? इसको समझने की करें तो, 24 सितंबर 2025 को लेह में बड़े प्रदर्शन हिंसक रूप ले गए; प्रदर्शनकारियों ने (रिपोर्ट्स के अनुसार) कुछ सरकारी/पार्टी कार्यालयों पर हमले किए, गाड़ियाँ जलायी गयीं और विरोध तेज़ हुआ;इसके बाद 25 सितंबर को स्थानीय प्रशासन ने कर्फ्यू और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू की। रेउटर्स और एआई जजीरा सहित प्रमुख अख़बारों ने रिपोर्ट किया कि हिंसा में कुछ मौतें/घायलों की खबरें भी आईं और सुरक्षा बल सड़क पर तैनात हुए। यह घटनाक्रम 24-25 सितंबर की रात और अगले दिन तक फैला रहा।इसके मुख्य कारण जो चर्चा में आ रहे हैं- (1)राज्य-दर्जा व वादे का टूटनाः लद्दाख के लोगों की प्रमुख मांगें, पूर्ण राज्य का दर्जा और स्थानीयसंवैधानिक सुरक्षा (छठवीं अनुसूची जैसे प्रावधान),लोकल नौकरी आरक्षण,कई वर्षों से चली आ रही हैं। लद्दाख के लोगों ने 2019 में यूनियन टेरिटरी बनने के बाद से कुछ वादों की पूर्ति न होने का अनुभव किया और इसे धोखा समझा। यह श्रोताओं के गुस्से की बुनियाद है। (2)लेह में पर्यावरणीय-सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक और अन्य ने हंगर-स्ट्राइक जैसी कार्रवाई की; कुछ हंगर-स्ट्राइक में स्वास्थ्य प्रभावित होने की रिपोर्ट रही और यह स्थानीय युवाओं के भावनात्मक उभार का कारण बना, एक काटल्यस्त के रूप में। सरकारी दबाव/कार्रवाई पर प्रतिक्रियाएँ भड़क गईं।(सरकारी प्रेस रिलीज़ में भी सोनम वांगचुक के हंगर- स्ट्राइक का उल्लेख है)। (3)बेरोज़गारी और स्थानीय रोजगार पर दबावः स्थानीय युवाओं में नौकरी- अभाव और केंद्र-कम्पनियों/बाहरी निवेश के चलते "भावी किसान/पर्यावरण/भूमि- अधिकार" खोने का भय था;युवा वर्ग ने इसे अपने भविष्य पर सीधा खतरा समझा।(4) पर्यावरण / संस्कृति पर भयः लद्दाख के लोग अक्सर स्थानीय संस्कृति, पारंपरिक ज़मीन-हक़ और पर्यावरण के संरक्षण को केंद्र में रखते हैं; बड़े निवेश/पर्यटन-लहर से यह भय तेज़ हुआ। कुछ नेताओं ने कहा कि वे "भूमि-हड़प" से डरते हैं,और यह भी हिंसा के कारणों में शामिल है। (5) प्रेरणा-संग्रह और सोशल मीडियाः युवा समूहों में तेज़ी से वायरल हुयी फिल्मों/पोस्टों ने आंदोलनों की रणनीति साझा की; ऐसी परिस्थिति में किसी एक घटना (हंगर-स्ट्राइक, किसी की मौत, किसी की गिरफ्तारी) से भावनाएँ भड़क उठीं और प्रदर्शन हिंसक हो गया। साथियों बात अगर हम क्या पूरे भारत में विदेशी फंड पर कानूनी शिकंजा कसा जाएगा? एफसीआरए (विदेशी योगदान) नियमावली क्या है?और हाल की संशोधन कौन-कौन से हैं? इसको समझने की करें तो, भारत में विदेशी योगदान के नियंत्रण का मुख्य क़ानून फॉरेन कंट्रीब्यूशन (रेगुलेशन) एक्ट (एफसीआरए), 2010 और उसके नियम (रूल्स) हैं; हाल के वर्षों (2024-2025) में नियमों/अमल में कड़े संशोधन आए हैं जिनका उद्देश्य पारदर्शिता बढ़ाना और संभावित विदेशी हस्तक्षेप पर सीमा लगाना घोषित किया गया है। सरकार ने मई-2025 में नियमों (रूल्स) में संशोधन किए,जिनमें रजिस्ट्रेशन व उपयोग-समय-सीमाएँ, 'की पर्सन्स ' की अतिरिक्त ज़िम्मेदारियाँ, और फंडिंग-चैनलों पर कड़ा रिकॉर्डिंग और ऑडिट शामिल हैं। सरकारी एफसीआरए पोर्टल और कई विधिक विश्लेषणों में इन संशोधन उपलब्ध है। मुख्य बिंदु (1)रजिस्ट्रेशन/रेन्यूअल- एफसीआरए रजिस्ट्रेशन और प्रशासनिक परमिशन पर सख़्ती। कुछ मामलों में रजिस्ट्रेशन की वैधता/समय सीमा सीमित करने के प्रावधान आए हैं। (2) की- पर्सन्स की ज़िम्मेदारी- किसी एनजीओ/संस्था के प्रमुखों पर अधिक जिम्मेदारी और नागरिकता/निवास स्थिति का खुलासा अपेक्षित। (3) फंडिंग- उपयोग टाइम-लाइन्स और रिपोर्टिंग-अब फंड रिसीविंग- पीरियड और उपयोग-पीरियड के लिए स्पष्ट समयसीमाएं और ऑडिट/रिटर्न-फाइलिंग की जुर्माना/कम्पाउंडिंग की शर्तें तय की गयी हैं। (4) निगरानी और जांच क्षमता-गृह मंत्रालय / एफसीआरए विभाग को विदेशी योगदान चैनलों पर झट-पटक जांच और संबन्धित संस्थाओं के बैंक/लेन-देन की निगरानी बढ़ाने का अधिकार दिया गया है। प्रशासन ने कहा है कि जो भी संस्थाएँ सामाजिक/राजनीतिक गतिविधियों के अंतर्गत विदेशी फंड पाती हैं, उन पर सख़्ती से नियम लागू होंगे।(5) क्या देशभर में नया "शिकंजा" लगेगा?सरकार पहले से ही 2024-25 के संशोधनों के ज़रिये एफसीआरए/नियमों को कड़ा कर चुकी है; अगर हाल की घटनाएँ (जैसे लेह में हिंसा) यह दिखाती हैं कि किसी गैर-स्थानीय धन/संगठन का निहित-उद्देश्य अस्थिरता भड़काना था तो प्रशासन और गृह मंत्रालय और भी कड़े कदम उठा सकते हैं,जैसे रजिस्टर्ड एनजीओ -रद्द/फंडिंग रोकना कम्पाउंडिंग/आरोपित व्यक्तियों के खिलाफ जांच। पर कानूनी ठोस उपायों के लिए मामला-विवरण और जांच रिपोर्ट मायने रखेगी।


अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे- vishwavarta.response@gmail.com

# आधुनिक जीवनशैली में हृदय विकार का खतरा चरम पर


डॉ. प्रितम भि. गेडाम

हृदय रोग विश्व भर में तेजी से बढ़ती स्वास्थ्य समस्या हैं। हमारे देश में तो यह चरम पर हैं, एक-दो दशक पहले तक यह समस्या केवल अमीर बुजुर्गों के हिस्से आनेवाली मानी जाती थी, परंतु देश में अब इस बीमारी ने अत्यधिक तेजी से पैर पसारे हैं। बच्चे और जवान भी इसके शिकार हो रहे हैं। देश में प्रदूषण और मिलावटखोरी ने समस्त जीवसृष्टि के लिए खतरा बढ़ाया है और मनुष्य का आलस्य, लालच, निकृष्ट दर्जे का खाना, आधुनिक जीवनशैली व मानसिक तनाव ने बीमारियों को मौत के तौर पर आमंत्रित किया हैं। देश में खुद युवा अवस्था में हृदय रोग चिकित्सक भी हृदय रोग से जान गंवाने की घटनाएं हो रही हैं। इस साल 2025 के लिए विश्व हृदय दिवस की थीम है ₹एक भी धड़कन न चूकें।₹ यह थीम हमारे हृदय स्वास्थ्य को गंभीरता से लेने के लिए एक सशक्त अनुस्मारक है, जो हृदय रोग के प्रारंभिक चेतावनी संकेतों के प्रति सक्रिय रहने और जाँच में देरी न करने, स्वस्थ आदतों और समय पर चिकित्सा हस्तक्षेप पर जोर देता हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हृदय रोग दुनिया भर में मृत्यु का प्रमुख कारण हैं। 2022 में, अनुमानित 19.8 मिलियन लोगों की हृदय रोग से मृत्यु हुई, जो वैश्विक स्तर पर होने वाली कुल मौतों का लगभग 32 प्रतिशत हैं। इनमें से 85 प्रतिशत मौतें दिल के दौरे और स्ट्रोक के कारण हुईं। संयुक्त राज्य अमेरिका में हर 34 सेकंड में एक व्यक्ति हृदय रोग से मरता है और 2023 में, हृदय रोग से 9,19,032 लोगों की मृत्यु हुयी, अर्थात हर तीन मौतों में से एक। अधिकांश हृदय रोगों को तंबाकू सेवन, अस्वास्थ्यकर आहार (नमक, चीनी और वसा में उच्च) और मोटापा, शारीरिक निष्क्रियता, द्वेष, चिड़चिड़ापन, गुस्सा, चिंता, अवसाद, मिलावटखोरी, शराब का हानिकारक सेवन और वायु प्रदूषण जैसे व्यवहारिक और पर्यावरणीय जोखिम कारकों को संबोधित करके रोका जा सकता हैं। हृदय रोग का जल्द से जल्द पता लगाना महत्वपूर्ण है ताकि परामर्श और दवा के साथ प्रबंधन शुरू किया जा सकें। दिल्ली के आकाश हेल्थकेयर द्वारा किए गए पाँच-वर्षीय अध्ययन से पता चला है कि कोविड-19 महामारी के बाद से हृदय रोग के मामले दोगुने हो गए हैं, और आपातकालीन मामलों में 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई हैं। 2020 से 2023 के बीच भारत के अस्पतालों से प्राप्त आँकड़ों से पता चलता है कि हृदय रोग के 50 प्रतिशत मरीज़ 40 वर्ष से कम आयु के हैं, जो कि बेहद ही गंभीर विषय हैं। पिछले 4-5 वर्षों में युवाओं में इसके मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई हैं। उच्च रक्तचाप (24 प्रतिशत), मधुमेह (10 प्रतिशत), और डिस्लिपिडेमिया (39 प्रतिशत) जैसे जोखिम कारक शामिल हैं। इसके अलावा, धूम्रपान (36 प्रतिशत), अत्यधिक शराब का सेवन (16 प्रतिशत), अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि (11 प्रतिशत) और खराब आहार गुणवत्ता (12 प्रतिशत), व्यक्तिगत एवम कार्य-संबंधी तनाव, मनोसामाजिक कारक, और जीवन की घटनाएँ (32 प्रतिशत) जो अंतःसंवहनी घनास्त्रता एवम परिणामस्वरूप, हृदय संबंधी घटनाओं के जोखिम को बढ़ाती हैं। इसके अलावा, आनुवंशिक कारक और सामाजिक-आर्थिक असमानताएँ स्थिति को अधिक जटिल बना देती हैं। दुनिया भर में तंबाकू से संबंधित हृदय रोग से 1.9 मिलियन मौतें होती हैं। गुजरात के जामनगर शहर के 41 वर्षीय जाने-माने हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव गांधी का उनके आवास पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। रिपोर्टों के अनुसार, डॉ. गांधी ने अपने करियर में 16,000 से ज़्यादा हृदय शल्य चिकित्साएँ की थी। अभी हाल ही में, 39 वर्षीय हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. ग्रैडलिन रॉय का चेन्नई के एक अस्पताल में ड्यूटी के दौरान अचानक दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। एक 39 वर्षीय दंत चिकित्सक, फिटनेस के प्रति उत्साही और गोवा में 32 किमी की मैराथन में भाग लेने वाले की दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई। फिट और तंदरुस्त रहनेवाले फिल्मी सेलिब्रेटी पुनीत राजकुमार, सिद्धार्थ शुक्ला, राजू श्रीवास्तव, गायक केके और अभी 42 वर्षीय शेफाली जरीवाला की मृत्यु का कारण भी हृदय विकार ही रहा। कुछ माह पूर्व महाराष्ट्र के कोल्हापुर के एक प्रसिद्ध युवा कुश्ती खिलाडी का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। कर्नाटक में एक 28 वर्षीय व्यक्ति की क्रिकेट मैच में जीत का जश्न मनाते समय और एक शादी समारोह में मंगलसूत्र बांधने के तुरंत बाद 25 वर्षीय दूल्हे की मृत्यु हो गई। विभिन्न हिस्सों में व्यायाम के दौरान भी युवाओं की मृत्यु के मामले सामने आए हैं। अब तो छोटे-छोटे स्कूली बच्चे भी हृदय विकार से जान गंवाने की खबरें अत्यधिक बढ़ गयी हैं। रिपोर्ट बताती हैं कि, देश में हर साल 14 साल से कम उम्र के सैकड़ों बच्चों की दिल का दौरा पड़ने या हृदय रोग से मृत्यु होती हैं। राजस्थान के सीकर स्थित एक स्कूल में 9 साल की एक बच्ची की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। अलीगढ़ के एक 14 साल के लड़के की स्कूल की खेल प्रतियोगिता की तैयारी के दौरान दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। कुछ दिन पहले ही, महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक 10 साल का बच्चा अपने घर के सामने खेल रहा था, अचानक तबीयत खराब होने पर, वह घर गया और अपनी माँ से पिने के लिए पानी माँगा और माँ की गोद में ही दम तोड़ दिया। इससे पहले, महाराष्ट्र के नासिक में 6 साल की एक स्कूली बच्ची की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी। वायु प्रदूषण के कारण हर साल 7 मिलियन लोगों की मृत्यु होती हैं, तथा इस्केमिक हृदय रोग इन मौतों के प्रमुख कारणों में से एक हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान हैं, कि हर साल लगभग 4.2 मिलियन असामयिक मौतें बाहरी वायु प्रदूषण के कारण होती हैं। वायु प्रदूषण वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोग; जो सड़कों, रेलमार्गों, बंदरगाहों या औद्योगिक क्षेत्रों के पास रहने या काम करने वाले लोग, जंगल की आग के धुएँ के संपर्क में आने वाले लोग, धूम्रपान न करने वाले वयस्कों और बच्चों पर अप्रत्यक्ष धूम्रपान के धुएँ के संपर्क में आने से स्वास्थ्य प्रभाव हानिकारक और असंख्य हैं। अप्रत्यक्ष धूम्रपान के संपर्क में आने से हृदय रोग और स्ट्रोक, फेफड़ों का कैंसर, अचानक शिशु मृत्यु सिंड्रोम, गंभीर अस्थमा के दौरे और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं। कई अध्ययनों ने वायु प्रदूषण और हृदय स्वास्थ्य के बीच एक स्पष्ट संबंध स्थापित किया है। जब लोग प्रदूषित हवा में साँस लेते हैं, तो उसके सूक्ष्म कण फेफड़ों में गहराई तक जाकर रक्तप्रवाह में प्रवेश कर सकते हैं। इससे हृदय संबंधी समस्याएँ हो सकती हैं, जिनमें शामिल हैं: रक्तचाप में वृद्धि, हृदय गति में गड़बड़ी, दिल का दौरा पड़ने का खतरा बढ़ना, एथेरोस्क्लेरोसिस, और असुरक्षित आबादी पर प्रभाव। हृदय विकार के कारण तेजी से होनेवाली असमय मौतों की गति को अधिक जागरूकता, बेहतर जाँच और जीवन रक्षक उपायों की बढ़ती उपलब्धता द्वारा काफी हद तक कम करने में कारगर साबित हो सकते हैं।

## कविता


संजीव ठाकुर

### नि:शब्द उजास फैलाते

मानवीय संबंध
ओस की पहली बूंद
निशब्द चमकते पत्तों पर
ये संबंध,
तितली के पंखों का कंपन ,
आसान नही थामना,
महसूस करना सुख
कभी ये
दीपक की लौ सी
मौन ऊष्मा देते ,
कभी चाँदनी सी
धवल, उजली रोशनी देते .
मन थक जाता
ये रिश्ते
लोरी बन जाते
जीवन विमुख होता
यही संबंध
नर्म हथेलियों–से मन थामते ।
स्वार्थ की आँधी चले,
नाज़ुक धागे
फिसलकर बिखरते
अधखिले फूल से
पंखुड़ियाँ बिखर जाती।
मानवीय संबंध
हृदय की ध्वनि ,
जहाँ न शब्द
न वचन
सिर्फ मुस्कान
सिर्फ स्पर्श
जीवन
अपना–सा लगता।

# ड्रोन युद्धाभ्यास : भारत की नई तैयारी का गूंजता संदेश


गोविंद तिवारी

भारत की सुरक्षा नीति अब केवल सीमाओं पर खड़े सैनिकों तक सीमित नहीं रही है। बदलते समय में युद्ध की परिभाषा बदल चुकी है और इस बदलते परिदृश्य में भारत ने अपने कदम उस दिशा में बढ़ा दिए हैं, जहां तकनीक और रणनीति का संगम ही असली ताकत बनेगा। हाल ही में हुए "कोल्ड स्टार्ट" ड्रोन युद्धाभ्यास ने यह संदेश साफ कर दिया है कि भारत अब किसी भी परिस्थिति में केवल प्रतिक्रियावादी नीति अपनाने वाला देश नहीं है, बल्कि अब वह पहल करने वाला राष्ट्र है। यह अभ्यास केवल सैन्य तैयारी नहीं था, बल्कि यह एक ऐसा संकेत है जिसने पूरे विश्व को यह सोचने पर मजबूर किया कि भारत किस दिशा में आगे बढ़ रहा है। ड्रोन तकनीक ने पिछले एक दशक में युद्ध की तस्वीर पूरी तरह बदल दी है। अज़रबैजान और आर्मेनिया के बीच हुए युद्ध ने साबित कर दिया कि ड्रोन छोटी सेनाओं को भी ताकतवर दुश्मनों पर भारी बना सकते हैं। रूस और यूक्रेन के युद्ध में तो ड्रोन ने लगभग निर्णायक भूमिका निभाई है। सीमा के पार से हमला करना, बिना किसी सैनिक को खतरे में डाले दुश्मन के ठिकानों पर प्रहार करना और कुछ ही मिनटों में दुश्मन की बड़ी-बड़ी संरचनाओं को ध्वस्त करना, यह सब ड्रोन के बूते संभव हुआ है। ऐसे समय में भारत का ड्रोन अभ्यास केवल तकनीक का प्रदर्शन नहीं, बल्कि उस भविष्य की तैयारी है जिसमें युद्ध की प्रकृति पूरी तरह बदल चुकी होगी। भारत की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि उसके दोनों प्रमुख पड़ोसी चीन और पाकिस्तान पहले से ही ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं। पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद में ड्रोन के सहारे हथियार और नशीली दवाओं की खेप भारत की जमीन पर गिराता रहा है। पंजाब और जम्मू-कश्मीर में कई बार सुरक्षा बलों ने ऐसे ड्रोन गिराए हैं जो पाकिस्तान से आए थे। चीन भी लद्दाख और अरुणाचल की सीमाओं पर लगातार तकनीकी निगरानी के लिए ड्रोन का प्रयोग करता रहा है। इन परिस्थितियों में "कोल्ड स्टार्ट" अभ्यास भारत की जरूरत थी, जिसने यह साबित कर दिया कि हम केवल ड्रोन से बचाव ही नहीं करेंगे, बल्कि उसका जवाब भी उसी भाषा में देंगे। "कोल्ड स्टार्ट" नाम ही अपने आप में संकेत देता है कि भारत अब इंतजार करने का पक्षधर नहीं है। पहले भारत पर यह आरोप लगता रहा है कि उसकी सैन्य नीतियां बहुत रक्षात्मक रही हैं और निर्णय लेने में देर कर देता है। चाहे कारगिल युद्ध हो या सीमा पार आतंकी हमले, अक्सर कहा जाता था कि भारत की प्रतिक्रिया देर से आती है। लेकिन इस अभ्यास ने यह दिखा दिया है कि अब भारत तुरंत कदम उठाने और पलटवार करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यानी अगर कोई दुश्मन हमला करता है तो भारत केवल उसका जवाब देने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि तुरंत और निर्णायक प्रहार करेगा। इस अभ्यास के दौरान भारत ने केवल आक्रामक ड्रोन क्षमता का प्रदर्शन नहीं किया, बल्कि काउंटर ड्रोन तकनीक का भी परीक्षण किया। यह बेहद जरूरी है क्योंकि आने वाले समय में दुश्मनों की ओर से ड्रोन हमलों का खतरा लगातार बढ़ने वाला है। छोटे-छोटे आतंकवादी गुट भी आसानी से ड्रोन खरीद सकते हैं और उनका इस्तेमाल कर सकते हैं। ऐसे में काउंटर ड्रोन तकनीक भारत के लिए उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी आक्रामक क्षमता। इस अभ्यास ने यह संदेश दिया कि भारत दोनों ही स्तरों पर तैयार है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस अभ्यास को बहुत गंभीरता से लिया गया है। अमेरिका और इज़राइल जैसे देश पहले से ही ड्रोन तकनीक में अग्रणी रहे हैं। चीन ने भी इस क्षेत्र में काफी निवेश किया है। ऐसे में भारत का इस स्तर का युद्धाभ्यास करना यह बताता है कि वह अब किसी भी रूप में पिछलग्गू नहीं है, बल्कि बराबरी की दौड़ में शामिल है।



पश्चिमी देशों ने इस अभ्यास को भारत की सक्रिय सुरक्षा नीति के संकेत के रूप में देखा है। इससे यह भी स्पष्ट हुआ कि भारत केवल रक्षात्मक नहीं, बल्कि अपनी सामरिक नीति में आक्रामक तेवर भी अपना सकता है। इस अभ्यास का एक बड़ा राजनीतिक और रणनीतिक महत्व भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लगातार भारत को आधुनिक सैन्य शक्ति बनाने पर जोर दे रहे हैं। "आत्मनिर्भर भारत" और "मेक इन इंडिया" के तहत अब भारत अपनी ड्रोन तकनीक खुद विकसित कर रहा है। इस अभ्यास में कई स्वदेशी ड्रोन शामिल किए गए, जो यह बताते हैं कि भारत अब केवल आयात पर निर्भर नहीं है। उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में डिफेंस कॉरिडोर बनाकर सरकार ने इस दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार ने रक्षा उद्योग को नई ऊंचाई देने का बीड़ा उठाया है, जिससे आने वाले समय में भारत न केवल अपनी जरूरतें पूरी करेगा, बल्कि हथियारों का निर्यातक भी बनेगा। जनता के दृष्टिकोण से देखें तो इस तरह के अभ्यास का महत्व और भी बढ़ जाता है। जब आम नागरिक यह देखता है कि देश की सेना और सरकार हर हालात के लिए तैयार है, तो उसमें सुरक्षा का भरोसा पैदा होता है। यही भरोसा देश को मजबूत करता है। मैं गोविंद तिवारी, राष्ट्रवादी चिंतन पत्रकार, मानता हूं कि जनता को यह समझाना जरूरी है कि ऐसे अभ्यास केवल सैन्य दिखावा नहीं हैं, बल्कि यह हमारी आत्मनिर्भरता, हमारी सुरक्षा और हमारे भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं। इस अभ्यास से पाकिस्तान और चीन दोनों में बेचैनी बढ़ी है। पाकिस्तान जानता है कि भारत अगर तुरंत प्रतिक्रिया देने और आक्रामक ड्रोन नीति अपनाने लगेगा तो सीमा पार आतंकवाद की उसकी रणनीति ध्वस्त हो जाएगी। चीन भी यह समझता है कि अगर भारत तकनीकी स्तर पर बराबरी की ओर बढ़ गया तो उसके विस्तारवादी इरादों पर रोक लगेगी। यही वजह है कि इस अभ्यास की खबर अंतरराष्ट्रीय मीडिया में प्रमुखता से छपी और कई विश्लेषकों ने इसे भारत का शक्ति प्रदर्शन बताया। हालांकि चुनौतियां भी कम नहीं हैं। ड्रोन तकनीक के फैलाव के कारण इसका दुरुपयोग भी आसानी से हो सकता है। छोटे-छोटे आतंकी संगठन सस्ते ड्रोन खरीदकर बड़े हमले कर सकते हैं। इसके अलावा साइबर सुरक्षा का खतरा भी उतना ही गंभीर है। अगर दुश्मन भारत की ड्रोन प्रणाली को हैक कर ले तो पूरा तंत्र खतरे में पड़ सकता है। इसलिए भारत को न केवल ड्रोन बनाने और इस्तेमाल करने में दक्ष होना होगा, बल्कि उसके सुरक्षित संचालन और साइबर सुरक्षा पर भी उतना ही जोर देना होगा। भारत का यह अभ्यास इस मायने में भी खास है कि उसने यह साफ किया कि सुरक्षा और विकास दोनों को साथ लेकर चलना जरूरी है। अगर देश सुरक्षित नहीं होगा तो विकास की सारी योजनाएं अधूरी रह जाएंगी। इसलिए जब भारत ड्रोन युद्धाभ्यास करता है, तो यह केवल सेना की ताकत नहीं, बल्कि विकास का आश्वासन भी है। यह जनता के लिए संदेश है कि उनकी सुरक्षा के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। राजनीतिक दृष्टि से देखें तो इस अभ्यास ने सरकार की छवि को और मजबूत किया है। यह बताता है कि सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं, बल्कि जमीन पर ठोस तैयारी भी कर रही है। यह संदेश विपक्ष को भी गया है कि भारत की सुरक्षा के मामले में अब कोई समझौता नहीं होगा। निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि "कोल्ड स्टार्ट" अभ्यास भारत की सामरिक रणनीति का वह मील का पत्थर है, जिसने दुनिया को यह दिखा दिया कि भारत अब हर चुनौती के लिए तैयार है। यह अभ्यास भारत की मानसिकता का भी प्रतीक है, जो कहती है कि अब हम केवल प्रतिक्रिया नहीं देंगे, बल्कि पहल करेंगे। यह संदेश जनता के मन में गर्व और भरोसा जगाता है। आने वाले समय में ड्रोन और काउंटर ड्रोन तकनीक भारत की सुरक्षा नीति का केंद्र बनेगी और इतिहास में यह अभ्यास उस बिंदु के रूप में दर्ज होगा जहां से भारत ने तकनीकी युद्धकला की नई दिशा पकड़ी।

# शहर में शांति व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने निकले पुलिस आयुक्त, दिए सख्त निर्देश




**विश्ववार्ता संवाददाता**

**वाराणसी।** शुक्रवार की नमाज और आगामी त्योहारों को देखते हुए पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न संवेदनशील इलाकों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नदेसर स्थित जामा मस्जिद का भी दौरा कर सुरक्षा प्रबंधों की बारीकी से समीक्षा की। पुलिस आयुक्त ने मस्जिद प्रबंधन से संवाद करते हुए साफ निर्देश दिया कि बिना अनुमति कोई भी धार्मिक जुलूस आयोजित नहीं होगा और न ही किसी नई परंपरा की शुरुआत की जाएगी। उन्होंने कहा कि शहर की शांति व्यवस्था किसी कीमत पर भंग नहीं होनी चाहिए और इसके लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क रहे।

निरीक्षण के दौरान पुलिस आयुक्त ने सुरक्षा इंतजामों पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती हर संवेदनशील इलाके में सुनिश्चित की जाए। पैदल गश्त को बढ़ाया जाए ताकि आमजन को सुरक्षा का भरोसा मिले। किसी भी सूचना या घटना की जानकारी मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर प्रभावी कार्यवाही की जाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि त्योहारों के मौके पर पुलिस की सक्रियता और सजगता ही शहर की शांति और सौहार्द का आधार है।

इसी क्रम में पुलिस आयुक्त ने मिशन शक्ति 5.0 पर भी विशेष बल दिया। उन्होंने उपस्थित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वे निरंतर क्षेत्र भ्रमणशील रहकर महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करें। स्कूलों, कॉलेजों, मॉल और सार्वजनिक स्थानों पर नियमित चेकिंग और निगरानी को बढ़ाया जाए। मनचलों और शोहदों पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए ताकि महिलाओं में सुरक्षा की भावना और मजबूत हो। उन्होंने यह भी कहा कि मिशन शक्ति केंद्रों के माध्यम से पीड़िताओं को त्वरित सहायता और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही समुदाय में जागरूकता फैलाने के लिए स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों के साथ समन्वय बढ़ाया जाए।

पुलिस आयुक्त ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि शिकायत निवारण तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाया जाए ताकि महिलाओं और आम नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि पुलिस का व्यवहार संवेदनशील होना चाहिए और हर पीड़ित को यह भरोसा मिलना चाहिए कि उसकी शिकायत पर तुरंत और उचित कार्रवाई होगी।

शुक्रवार की नमाज के दौरान शहर में व्यापक सुरक्षा प्रबंधों और पुलिस की सतर्कता की वजह से सभी कार्यक्रम शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए। पुलिस आयुक्त ने मौके पर मौजूद अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में भी इसी तरह समन्वय और मुस्तैदी से काम करना होगा ताकि वाराणसी की गंगा-जमुनी तहजीब और शांति की परंपरा अक्षुण्ण बनी रहे।

इस अवसर पर सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट श्री नितिन तनेजा, प्रभारी निरीक्षक कैण्ट सहित अन्य अधिकारी और पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस आयुक्त का यह दौरा और दिशा-निर्देश साफ संकेत देते हैं कि त्योहारों के दौरान वाराणसी में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर प्रशासन पूरी तरह गंभीर और सक्रिय है।

## नहर की पटरी पर खड़ंजा ढका, मिट्टी भराई में डकार गए लाखों प्रधान की खुली पोल

**फाजिलनगर (कुशीनगर)।** फाजिलनगर ब्लॉक के ग्राम जौरा मनराखन में ग्राम प्रधान की कथित करतूत सामने आते ही हड़कंप मच गया। नहर की पटरी पर बने पुराने खड़ंजे को मिट्टी से ढकवा कर सरकारी खजाने से लाखों का खेल कर दिया गया। गांव के युवक राहुल यादव ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत ठोकी तो मामला खुल गया। डीपीआरओ के आदेश पर बीडीओ फाजिलनगर ने एपीओ वसीम रज़ा और एडीओ पंचायत अनिरुद्ध सिंह को मौके पर भेजा। जांच टीम ने जब जमीन खोदी तो मिट्टी के नीचे खड़ंजा साबुत दबा मिला। जांच में खुलासा हुआ कि इस अवैध काम पर एक लाख रुपए से अधिक का भुगतान किया गया है।जबकि नियम साफ कहते हैं कि खड़ंजे पर केवल मरम्मत या सीसी कार्य ही किया जा सकता है, मिट्टी भराई पूरी तरह गैरकानूनी है। प्रधान प्रतिनिधि शंभू बर्नवाल ने आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि खड़ंजा 30 साल पुराना है और जो काम हुआ है वह नियम के तहत हुआ है। लेकिन गांव में लोग सवाल उठा रहे हैं कि अगर सब सही था तो मिट्टी के नीचे दबा खड़ंजा क्यों निकला खंड विकास अधिकारी सुबास चंद्र प्रसाद का कहना है कि जांच रिपोर्ट अभी नहीं मिली है। जैसे ही आख्या मिलेगी, उच्चाधिकारियों को भेज दी जाएगी।गांव में चर्चा है कि यह मामला प्रधान को कुर्सी तक ले डूब सकता है, बशर्ते कार्रवाई फाइलों में न दफन हो।

# जिलाधिकारी ने विकास कार्यों का लिया जायजा

## अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने के दिए निर्देश



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**वाराणसी।** जिले में चल रही विभिन्न परियोजनाओं और विकास कार्यों की रफ्तार का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने शुक्रवार की शाम कई स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कार्य तय समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे होने चाहिए।

जिलाधिकारी सबसे पहले मोहनसराय ट्रांसपोर्ट नगर योजना पहुंचे और वहां हो रहे निर्माण कार्यों की प्रगति को देखा। उन्होंने स्थल पर मौजूद अधिकारियों से अब तक हुई प्रगति की जानकारी ली और निर्देश दिया कि योजना को तेजी से आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यह योजना वाराणसी के यातायात और व्यापारिक गतिविधियों के लिए बेहद अहम है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जानी चाहिए।

इसके बाद जिलाधिकारी ने मोहनसराय से लहरतारा मार्ग और मोहनसराय से गंगापुर होते हुए गंजारी तक के मार्ग पर हो रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद टीम को निर्देश दिया कि सड़क निर्माण में मजबूती और टिकाऊपन का विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़कें जनता की सुविधा से सीधे जुड़ी होती हैं और अगर निर्माण में गुणवत्ता से समझौता किया गया तो आमजन को परेशानी उठानी पड़ेगी।

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी गंजारी स्टेडियम भी पहुंचे। उन्होंने स्टेडियम परिसर और उसके चारों ओर हो रहे सड़क चौड़ीकरण कार्यों को परखा। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि गंजारी स्टेडियम का निर्माण कार्य जिले के खेल प्रेमियों और युवा खिलाड़ियों के लिए एक बड़ी सौगात है। ऐसे में इस परियोजना को निर्धारित समय में पूरा करना बेहद जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्टेडियम का स्वरूप आधुनिक व बेहतर होना चाहिए ताकि खेल आयोजन के साथ-साथ बड़े कार्यक्रम भी सुचारु रूप से संपन्न हो सकें।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के साथ एसडीएम राजातालाब शांतुन कुमार सिनसिनवार, तहसीलदार शालिनी सिंह, राजस्व निरीक्षक और संबंधित लेखपाल सहित राजस्व टीम भी मौजूद रही। जिलाधिकारी ने टीम को हिदायत दी कि विकास कार्यों की निगरानी नियमित रूप से की जाए और यदि कहीं कोई समस्या या अड़चन सामने आती है तो उसे तत्काल दूर कराया जाए।

उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि जनता की अपेक्षाओं और सरकार की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए वाराणसी को बेहतर स्वरूप देने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में सभी विभागीय अधिकारी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ अपने-अपने कार्यों को पूरा करें। जिलाधिकारी ने यह दोहराया कि गुणवत्ता और समयबद्धता ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें कोई भी समझौता स्वीकार नहीं होगा।

लगातार हो रहे विकास कार्यों और जिलाधिकारी के सख्त निर्देशों से यह साफ हो गया है कि जिला प्रशासन वाराणसी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आमजन को भी जल्द ही इन परियोजनाओं के पूरा होने से यातायात, खेल और आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में राहत और नई सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

## एक नजर

### गृह मंत्री अमित शाह को पूर्व विधायक रजनीकांत त्रिपाठी ने किया स्वागत

**कसया, कुशीनगर।** गृह मंत्री अमित शाह बिहार जाने के लिए कुशीनगर एयरपोर्ट पर पर पहुंचे तो पार्टी के जिला पदाधिकारियों, जन प्रतिनिधियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पूर्व विधायक श्री त्रिपाठी ने एयरपोर्ट पर गृहमंत्री को बुके देकर स्वागत किया। बता दें कि देश के गृह मंत्री अमित शाह कोलकाता से सीधे कुशीनगर एयरपोर्ट पर पहुंचे थे। इस दौरान जिले के जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों मौजूद थे। इस दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने पार्टी पदाधिकारियों का कुशल क्षेम पूछा और मुस्कुराते हुए आगे बढ़ गए।



### कांग्रेस गठबंधन के घोषणापत्र पर आपत्ति, भाजपा विधि प्रकोष्ठ संयोजक ने चुनाव आयोग से की शिकायत

**वाराणसी।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस नीत महागठबंधन द्वारा जारी "10 सूत्रीय अति पिछड़ा न्याय संकल्प" घोषणापत्र पर भारतीय जनता पार्टी ने गंभीर आपत्ति दर्ज कराई है। भाजपा काशी क्षेत्र विधि प्रकोष्ठ संयोजक एवं अधिवक्ता शशांक शेखर त्रिपाठी ने इस मामले में चुनाव आयोग में आधिकारिक शिकायत दी है। शशांक शेखर त्रिपाठी का आरोप है कि महागठबंधन का घोषणापत्र संविधान प्रदत्त 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा का उल्लंघन करता है। उन्होंने कहा कि यह घोषणा पत्र न केवल संवैधानिक प्रावधानों के खिलाफ है बल्कि समाज में समरसता को भी प्रभावित करने वाला है। उनका कहना है कि इस तरह की घोषणाएं चुनावी राजनीति में भ्रम और असंतोष फैलाने का काम करती हैं। चुनाव आयोग ने इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एनजीएस पोर्टल पर पंजीकृत कर लिया है। आयोग ने इस आवेदन को संदर्भ संख्या NGS24N260925928156 के तहत दर्ज कर संबंधित अधिकारियों को अग्रेषित किया है। साथ ही आयोग ने शिकायतकर्ता शशांक शेखर से इस मामले में आगे के जवाब और साक्ष्य प्रस्तुत करने का अनुरोध भी किया है। शशांक शेखर त्रिपाठी ने आयोग से यह मांग की है कि कांग्रेस गठबंधन को अपने इस वादे पर स्पष्टीकरण देने के लिए बाध्य किया जाए। उन्होंने कहा कि गठबंधन को यह बताना चाहिए कि इस योजना का कानूनी आधार, बजट प्रावधान और व्यावहारिक स्वरूप क्या होगा। उन्होंने आयोग से निष्पक्ष चुनाव और सामाजिक शांति बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाने की अपील की। इस शिकायत के सामने आने के बाद चुनावी गलियारों में हलचल तेज हो गई है। भाजपा का कहना है कि महागठबंधन का यह कदम पूरी तरह जनभावनाओं को भड़काने वाला है, जबकि अब चुनाव आयोग की कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

### मिशन शक्ति के तहत आकांक्षा दुबे बनीं एक दिन की जिला विद्यालय निरीक्षक

**कुशीनगर।** मिशन शक्ति तहत आज हनुमान इंटरमीडिएट कॉलेज पडरौना की छात्रा आकांक्षा दुबे ने एक दिन के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) का कार्यभार संभाला। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में आए आगंतुकों के कार्यों का निष्पादन करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।मान्यता हेतु प्राप्त आवेदन का निरीक्षण करते हुए आकांक्षा दुबे ने बोर्ड के मानक के साथ साथ छात्र – छात्राओं के लिए विद्यालय में आवश्यक व्यवस्था को भी पूर्ण करने का निर्देश दिया। आकांक्षा दुबे के इस सराहनीय प्रयास पर जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त ने उन्हें शुभकामनाएँ दीं और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पुरंदर यादव, ज्ञान पाठक, शैलेश मिश्र कुबेरनाथ, सुजीत पटेल, ब्रजेश चौबे सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यह पहल छात्राओं में आत्मविश्वास व नेतृत्व क्षमता विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



### मेडिकल साइंस में फार्मासिस्ट का महत्वपूर्ण योगदान

**कप्तानगंज (कुशीनगर)।** नगर में स्थित जेपी फार्मेसी कॉलेज में विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर सेमिनार व प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि राजकीय पॉलिटेक्निक कुशीनगर के प्रधानाचार्य प्रेमचंद गुप्ता रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पौधारोपण के साथ हुआ। कार्यक्रम में फार्मेसी की पढ़ाई कर रहे बच्चों ने विभिन्न थीम पर आधारित रंगोली बनाकर वैश्विक स्वास्थ्य का संदेश दिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेमचंद गुप्ता ने सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण कड़ी फार्मासिस्ट होते हैं।इनके कंधों पर मेडिकल साइंस की सफलता आश्रित है। इनकी जिम्मेदारी बनती है कि वह मरीज तक डॉक्टर के द्वारा सुझाए गए सही औषधी को सही निर्देश के अनुसार पहुंचाए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ विश्वामित्र भट्ट ने कहा कि राष्ट्र के स्वास्थ्य समृद्धि के लिए फार्मासिस्ट का महत्वपूर्ण योगदान है। कार्यक्रम में जेपी शिक्षण समूह के संरक्षक श्रीराम प्रसाद ने मेडिकल साइंस में फार्मासिस्ट के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विश्वंभर प्रसाद डॉ चंदन कुमार गौड़ रामदरस शर्मा प्रेम नारायण पांडे डॉक्टर आसिफ अंसारी रोहित कुशवाहा रामानंद यादव पंचानन मिश्रा सहित अनेक अध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# गरीबों को शीघ्र घरौनी प्रमाण पत्र दे सरकार, वरना होगा विरोध : सांसद वीरेन्द्र सिंह



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी के सांसद एवं चंदौली लोकसभा क्षेत्र के प्रतिनिधि श्री वीरेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को वाराणसी मंडलायुक्त से मुलाकात कर गरीबों, भूमिहीनों और वंचित समाज के पक्ष में जोरदार मांग उठाई। सांसद ने कहा कि सरकार को तुरंत कदम उठाते हुए उन परिवारों को घरौनी प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना चाहिए जो पीढ़ियों से सरकारी जमीन पर अपना आशियाना बनाकर रह रहे हैं। सांसद ने चेतावनी दी कि यदि सरकार इस दिशा में शीघ्र ठोस पहल नहीं करती तो समाजवादी पार्टी के जनप्रतिनिधि चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (सिर) की प्रक्रिया का विरोध और बहिष्कार करने को बाध्य होंगे।

सांसद वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि वाराणसी जिले की दिशा समिति की बैठक में अधिकारियों ने स्वयं यह स्वीकार किया था कि गरीब परिवारों को मालिकाना हक प्रदान कर घरौनी दी जा रही है। यदि यह सही है तो शासन को चाहिए कि मंडल के सभी जिलों में इस नीति को तत्काल लागू करने का स्पष्ट आदेश जारी करे, ताकि पूरे क्षेत्र के गरीब और भूमिहीनों को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि यह केवल प्रशासनिक औपचारिकता नहीं, बल्कि गरीबों की नागरिकता और उनके संवैधानिक अधिकारों का सवाल है।

उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण में गरीबों के लिए अपनी नागरिकता साबित करना कठिन होगा। जिनके पास घरौनी नहीं है, वे अपने अधिकारों से वंचित हो सकते हैं। घरौनी का प्रमाण पत्र न केवल उनका वैध दस्तावेज बनेगा बल्कि उनके मताधिकार की रक्षा भी करेगा। सांसद ने कहा कि यदि गरीब और भूमिहीन वर्ग के नागरिकों को घरौनी से वंचित किया गया तो उनके नाम मतदाता सूची और राशन कार्ड से हटाए जा सकते हैं। इससे उन्हें पांच किलो अनाज से लेकर किसानों, महिलाओं और बुजुर्गों को मिलने वाली पेंशन तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं से वंचित किया जा सकता है। इतना ही नहीं, आरक्षण के अधिकारों पर भी सीधा आघात होगा।

सांसद ने भाजपा और आरएसएस पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि गरीबों, अतिपिछड़ों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को घरौनी से वंचित कर उनकी नागरिकता संदिग्ध बनाने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि यह सोची-समझी रणनीति है ताकि शिक्षा, नौकरी और अन्य सुविधाओं में मिलने वाले आरक्षण के अधिकार को छीना जा सके। उन्होंने कहा कि समाजवादी विचारधारा के जनप्रतिनिधि, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में इस साजिश को किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देंगे।

सांसद ने दो टूक कहा कि यदि सरकार ने घरौनी देने की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ नहीं की और विशेष गहन पुनरीक्षण से पहले गरीबों को वैध मालिकाना हक का प्रमाण नहीं दिया तो समाजवादी पार्टी मजबूरन इस प्रक्रिया का बहिष्कार करेगी। उन्होंने कहा कि गरीबों और वंचितों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष हर स्तर पर जारी रहेगा।

इस मौके पर सांसद के साथ प्रतिनिधि मंडल में जिलाध्यक्ष वाराणसी सुजीत यादव, जिलाध्यक्ष चंदौली और जिलाध्यक्ष गाजीपुर भी मौजूद रहे। प्रतिनिधि मंडल ने मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों को विस्तार से रखा और चेतावनी दी कि यदि शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# स्वदेशी के आह्वान का उद्देश्य देश को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाना : सहजानंद राय



» भाजपा के आत्मनिर्भर भारत अभियान की कार्यशाला

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कुशीनगर।** स्वदेशी को अपनाने हेतु प्रधानमंत्री द्वारा किये गये आह्वान का उद्देश्य देश को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह आह्वान हर भारतीय के लिए प्रेरणादायी है। अब यह आवश्यक हो गया है कि हम अपने देश के उत्पादों को अपनाएं, अपने देशवासियों की मेहनत को सम्मान दें और भारत को वैश्विक मंच पर एक मजबूत अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करें। जब हम स्वदेशी चुनते हैं, तो हम स्थानीय कारीगरों, किसानों और उद्यमियों को सशक्त करते हैं। इससे देश की अर्थव्यवस्था को गति मिलती है। यह विचार भाजपा के गोरखपुर क्षेत्र इकाई के अध्यक्ष सहजानंद राय ने आज पार्टी जिला कार्यालय में आयोजित आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की जिला कार्यशाला में व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि 'स्वदेशी' केवल एक आर्थिक नीति नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत का मंत्र एवं आत्मगौरव का प्रतीक है। हो सकता है कि यह पहल किसी को छोटी लगे, किंतु है बहुत महत्वपूर्ण। उन्होंने कहा कि कल से अगले 25 दिसंबर तक चलने वाले इस अभियान में जिला स्तरीय प्रोफेशनल सम्मेलन, विद्यालयों में स्वदेशी संकल्प सेमिनार, जिला स्तरीय स्वदेशी मेला, मण्डल स्तरीय युवा एवं महिला सम्मेलन, मण्डल स्तर पर स्ट्रीट वेंडर, छोटे दुकानदारों एवं कारीगरों के सम्मेलन, जिला स्तर पर आत्मनिर्भर भारत संकल्प रथ व पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा।

# भक्तों के आस्था का केंद्र है खन्हवार दुर्गा माता का स्थान



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कुबेरस्थान।** पूर्वांचल के सुप्रसिद्ध शक्तिपीठों में से एक खन्हवार सिद्ध शक्तिपीठ है। यह दुर्गा भक्तों के आस्था का केंद्र है। भक्तगण पूजन सामग्री के साथ माथा टेकते है और माताजी उनकी मनोकामना पूर्ण करती है। यहाँ शारदीय नवरात्र व वासन्तिक नवरात्र पर मेला लगता है।यहां पूरे दिन भक्तगण सिद्धि प्राप्त करने हेतू देवी पाठ व मंत्र जाप करते रहते है।

प्रसिद्ध शक्तिपीठों में माता खन्हवार देवी का प्रमुख स्थान है। मंदिर में खन्हवार देवी की लेटी हुई पिंडी भक्तों की मुरादें पूरी करती हैं। पूरे वर्ष माता के दरबार में भक्तों का तांता लगा रहता है।यहां वासन्तिक व शारदीय नवरात्र में देवी के दर्शन के लिए भक्तों का हुजूम उमड़ता है अपार संख्या में लोग माता के दरबार में पहुंचकर पूजन अर्चन करते हैं सभी मुरादे पूरी कर देवी मां भक्तों के कष्ट दूर करती हैं। यहाँ आने के लिये जिला मुख्यालय से पडरौना कसया मार्ग से छावनी से कुबेरस्थान प्राचीन शिवमंदिर पहुँचकर 6 किमी पूरब खन्हवार बकलोलही में मां खनहवार का सिद्ध पीठ स्थित है। मंदिर के पुजारी गिरीश चंद उर्फ मुन्ना पांडे ने बताया कि आसाम के गुवाहाटी शहर के पहाड़ियों में स्थित कामाख्या देवी की खन्हवार पहुंचने का प्रसंग काफी रोचक व चमत्कृत है। उन्होंने बताया कि प्राचीन काल में यह पूरा क्षेत्र घना जंगलमय था यहां अत्यधिक मात्रा में हिंसक पशु रहा करते थे रहसू गुरु के चमत्कारिक शक्तियों से प्रभावित मदनपुर राजा राजा मदन पाल सिंह ने रहसुगुरु से देवी दर्शन कराने के जिद पर अड़ गए और लाख मना करने के बावजूद भी राजा अपनी जिद से नहीं हटे राजा के जिद पर रहसु गुरु ने मा भगवती का आवाहन किया और मां भगवती कामाख्या से विभिन्न स्थानों पर विश्राम करते हुए खंहवार में प्रगट हुई। इस तरह से अनेक कहानियां प्रचलित है। तभी से यह स्थान शक्तिपीठो में गिना जाता है और धीरे धीरे दूर दराज से भक्त यहाँ आने लगे मां के दरबार से कोई निराश नहीं लौटता और आस्था व विश्वास का केंद्र बन गया है।

## विद्यावती देवी महाविद्यालय में आयोजित हुआ एक राष्ट्र, एक चुनाव बिषय पर संगोष्ठी

**तमकुहीराज (कुशीनगर)।** विद्यावती देवी महाविद्यालय वैष्णवी नगर (झरही) तमकुहीराज के मीटिंग हाल में एक राष्ट्र एक चुनाव विषयक पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्र - छात्राओं के अलावा शिक्षक एव अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुये यूएनपीजी कालेज पडरौना के प्राचार्य डॉक्टर ममता मणि ने कहा कि जो ब्यक्ति राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत है वह एक राष्ट्र एक चुनाव को ठीक से समझने के साथ इसको देश मे लागू कराने के लिए अभियान को मजबूत करेगा। उन्होंने इस अवधारणा को समय की मांग बताते हुये कहा कि देश के संसाधन एव समय का सदुपयोग सुनिश्चित करेगा। प्राचार्य डॉक्टर ममता मणि ने आगे कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से देश का राजनीतिक संचालन सुदृढ होगा। कार्यक्रम के संयोजक अंकित धर द्विवेदी ने कहा कि युवा आज का नागरिक है इसलिए सभी को एक राष्ट्र एक चुनाव की आवाज को बुलंद करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान डायरेक्टर बिनोद राय उर्फ गुड्डू राय ने मुख्य अतिथि का अंग बस्त्र एव माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान संदीप सिंह, राणा मिश्रा, गुड्डू राय, निशा खरवार मनु राय, अरबिंद यादव, राजेश यादव, बिजय सिंह, सतेंदर साहनी, बृजकिशोर साहनी आदि लोग उपस्थित रहे।

# महिलाओं के लिए रेलवे मंडल चिकित्सालय में लगा मौखिक स्वच्छता व कैंसर जांच शिविर



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी मंडल द्वारा चलाए जा रहे ₹स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान₹ के अंतर्गत शनिवार को मंडल चिकित्सालय, लहरतारा में महिलाओं और किशोरियों के लिए मौखिक स्वच्छता (ओरल हाइजीन) और मुंह के कैंसर की स्क्रीनिंग जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 62 महिलाओं एवं किशोरियों की स्वास्थ्य जांच की गई।

कार्यक्रम का संचालन अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कल्पना दूबे के नेतृत्व में किया गया। दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका ने मौखिक स्वच्छता परीक्षण के साथ-साथ कैंसर की शुरुआती पहचान के लिए नमूने एकत्र किए और उन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। उन्होंने बताया कि होंठ, गाल, जीभ, तालु या मुंह के अन्य हिस्सों में किसी प्रकार की असामान्यता या घाव की पहचान कर समय रहते उपचार शुरू करना बेहद आवश्यक है।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर.जे. चौधुरी ने कहा कि ₹स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार₹ अभियान का उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। यह कार्यक्रम खासतौर से मौखिक स्वच्छता और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की जांच के लिए तैयार किया गया है ताकि रोग की समय रहते पहचान और उपचार सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि अच्छी मौखिक स्वच्छता के लिए दिन में कम से कम दो बार ब्रश करना, फ्लॉसिंग करना और समय-समय पर डेंटिस्ट से जांच करवाना बेहद जरूरी है। इसके साथ ही मुलायम ब्रिसल वाले ब्रश और फ्लोराइड युक्त टूथपेस्ट का उपयोग करना चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि दांतों के बीच फंसे भोजन और प्लाक को हटाने के लिए फ्लॉस का प्रयोग करना चाहिए और नियमित अंतराल पर दांतों की सफाई और जांच करानी चाहिए। शुरुआती पहचान से न केवल दांतों और मसूड़ों की बीमारियों से बचाव संभव है बल्कि मुंह के कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से भी बचा जा सकता है, क्योंकि यह तेजी से फैलने वाली बीमारी है।

रेलवे प्रशासन का मानना है कि महिला का स्वास्थ्य ही परिवार और समाज की मजबूती की नींव है। इसी उद्देश्य से यह अभियान पूरे देश में महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के लिए स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। वाराणसी मंडल चिकित्सालय द्वारा आयोजित इस शिविर में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखी गई और उन्हें सही मौखिक स्वच्छता अपनाने के लिए जागरूक भी किया गया।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यह पहल न केवल कर्मचारियों और उनके परिवारों बल्कि व्यापक समुदाय के लिए भी लाभकारी है। ऐसे शिविरों से महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की समय रहते पहचान और रोकथाम में मदद मिलती है। रेलवे प्रशासन ने आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।

# गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल: काशी में मुस्लिम परिवार बना रहा है एशिया का सबसे ऊंचा रावण



**गोविंद तिवारी**

**वाराणसी।** बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी वैसे तो अपने मंदिरों और मस्जिदों की साझा संस्कृति के लिए जानी जाती है, लेकिन दशहरे पर यह शहर कौमी एकता की ऐसी मिसाल पेश करता है, जो पूरे देश के लिए अद्भुत और प्रेरक है। जहां एक ओर शहर की गलियों में मंदिरों से घंटे-घड़ियाल और भजनों की गूंज सुनाई देती है, वहीं दूसरी तरफ मस्जिदों से अजान की पुकार आती है। इसी माहौल में दशहरे पर रावण दहन की परंपरा मुस्लिम परिवार की मेहनत और समर्पण से सजती है। यह परिवार तीन पीढ़ियों से पूर्वांचल ही नहीं बल्कि पूरे एशिया का सबसे बड़ा रावण का पुतला बनाकर काशी की पहचान को और खास बना रहा है।

बीएलडब्ल्यू (बनारस रेल इंजन कारखाना) के रामलीला मैदान में इस बार 70 फीट ऊंचे रावण के साथ 65 फीट का कुंभकर्ण और 60 फीट का मेघनाथ खड़ा किया जाएगा। इन पुतलों की तैयारी में शमशाद खान और उनका पूरा परिवार डेढ़ महीने से जुटा हुआ है। खास बात यह है कि मौजूदा समय में जहां सियासी बयानबाजी ₹आई लव मोहम्मद₹ बनाम ₹आई लव महादेव₹ जैसे विवादों से माहौल को गर्म करने की कोशिश कर रही है, वहीं शमशाद का परिवार चुपचाप काशी की गंगा-जमुनी तहजीब की सबसे मजबूत मिसाल गढ़ रहा है।

**तीन पीढ़ियों से जारी परंपरा :** इस परंपरा की शुरुआत 1961 में बीएलडब्ल्यू की स्थापना के समय शमशाद के नाना ने की थी। तब से लेकर अब तक यह काम लगातार जारी है। पहले नाना, फिर पिता और अब शमशाद खान खुद अपने बेटों के साथ इस विरासत को निभा रहे हैं। उनके परिवार का कहना है कि रावण का पुतला बनाना अब उनके खानदानी पेशे में तब्दील हो चुका है और इस काम में उन्हें एक अलग तरह का सुकून मिलता है। बीएलडब्ल्यू के अलावा यह परिवार कई अन्य स्थलों पर होने वाली रामलीलाओं और दशहरे के आयोजन के लिए भी रावण के पुतले बनाता है।

**इस बार का रावण होगा अलग अंदाज में :** हर साल रावण को अलग रूप दिया जाता है, लेकिन इस बार रावण को ₹दशानन₹ के रूप में सजाया जाएगा। पुतले में दस सिर स्पष्ट रूप से दिखाई देंगे। साथ ही कलर कॉम्बिनेशन और डिजाइनिंग में भी नयापन लाने की कोशिश की गई है। खास बात यह है कि इस बार के रावण दहन में इको-फ्रेंडली पटाखों का इस्तेमाल होगा। जैसे ही रावण दहन होगा, आसमान 15 से 20 मिनट तक जगमग करेगा। आयोजकों का कहना है कि पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे, इसलिए इस बार पटाखे पूरी तरह प्रदूषण रहित रखे गए हैं।

**ढाई घंटे की रामलीला से होगा आगाज :** दशहरे की शाम बीएलडब्ल्यू के रामलीला मैदान में पुतले के दहन से पहले ढाई घंटे का मोनो एक्टिंग रामलीला मंचन होगा। यह मंचन पूरी तरह रामचरितमानस पर आधारित रहेगा, जिसमें भगवान राम के जन्म से लेकर रावण वध तक की लीला दिखाई जाएगी। इस रामलीला के बाद जब 70 फीट ऊंचे रावण का दहन होगा तो पूरा आसमान जगमगा उठेगा और हजारों लोग इस अद्भुत दृश्य के गवाह बनेंगे।

**गंगा-जमुनी तहजीब की सजीव तस्वीर :** काशी की यह परंपरा उस साझा संस्कृति का सबसे जीवंत उदाहरण है, जो इस शहर की पहचान रही है। एक ओर धार्मिक और राजनीतिक विवादों की गर्माहट बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर मुस्लिम परिवार का रावण बनाना बताता है कि बनारस की आत्मा अब भी गंगा-जमुनी तहजीब में बसती है। यही कारण है कि यहां दशहरे पर रावण का पुतला सिर्फ बुराई के अंत का प्रतीक नहीं होता, बल्कि कौमी एकता और आपसी भाईचारे की झलक भी प्रस्तुत करता है।

काशी के संतों का ₹आई लव महादेव₹ का नारा और दूसरी ओर मुस्लिम परिवार की तीन पीढ़ियों से चलती आ रही यह परंपरा दोनों मिलकर यह साबित करती हैं कि यह शहर हर हालत में अपनी साझा संस्कृति और भाईचारे को जिंदा रखेगा। दशहरे की रात जब रावण धधकती आग में जलकर राख होगा, तो उसके साथ नफरत और बुराई की हर दीवार भी राख में तब्दील हो जाएगी और गूंजेगा सिर्फ एक ही संदेश – बुराई पर अच्छाई की जीत और काशी की गंगा-जमुनी तहजीब की अमर मिसाल।

## एक नजर

### फाइनल की प्रैक्टिस करने उतरेगी टीम इंडिया

टीम इंडिया एशिया कप सुपर-4 राउंड के आखिरी मुकाबले में आज श्रीलंका का सामना करेगी। यह मुकाबला डेड रबर है। यानी इसमें हार-जीत का दोनों टीमों की सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। भारत लगातार दो मैच जीतकर पहले ही फाइनल के लिए क्वालिफाई कर चुका है। वहीं, श्रीलंका लगातार दो मैच हारकर रेस से बाहर हो गया है। रविवार को होने वाले फाइनल में भारत का सामना पाकिस्तान से होगा। पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसी टीमों की तुलना में श्रीलंका का रिकॉर्ड भारत के खिलाफ कुछ बेहतर है। भारत और श्रीलंका के बीच अब तक 32 मैच खेले गए हैं। इनमें भारतीय टीम ने 21 और श्रीलंका ने 9 मैच जीते हैं। 1 मैच टाई रहा है और 1 नो रिजल्ट रहा है। टाई मैच के सुपर ओवर में भारत ने जीत हासिल की थी।

### परवेज हसन का बेहतरीन हाई कैच

पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 11 रन से सुपर-4 स्टेज का मैच हराकर लगातार दूसरे टी-20 एशिया कप के फाइनल में जगह बना ली। 28 सितंबर को अब टीम का सामना चिर प्रतिद्वंद्वी भारत से होगा। गुरुवार को दुबई में बांग्लादेश ने 3 कैच छोड़े। तेज गेंदबाज हारिस रऊफ बॉलिंग करते हुए इंजर्ड हो गए। परवेज हसन इमोन ने बेहतरीन हाई कैच पकड़ा। वहीं पाकिस्तान ने रन आउट का आसान मौका गंवा दिया।

### ICC ने हारिस रऊफ की मैच फीस काटी

ICC ने पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ पर मैच फीस पर जुर्माना लगाया है। जबकि ओपनर साहिबजादा फरहान को उनके गन शॉट सेलिब्रेशन के लिए चेतावनी दी गई है। इससे पहले काउंसिल ने भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव को सलाह दी कि वे ऐसी कोई टिप्पणी न करें, जो राजनीतिक मानी जा सके। दरअसल, BCCI ने 21 सितंबर को भारत-पाकिस्तान मैच के दौरान हारिस रऊफ के 6 विमान गिराने के इशारे और साहिबजादा फरहान ने फिफ्टी पूरी करने के बाद गन शॉट सेलिब्रेशन किया था। इससे पहले PCB ने 14 सितंबर को भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव के उस बयान पर आपत्ति जताई थी कि जिसमें सूर्या ने भारत की जीत भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को समर्पित की थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, रिचर्डसन ने सूर्यकुमार को समझाया कि उन्हें ऐसी टिप्पणियां नहीं करनी चाहिए जो राजनीतिक लगें। सजा के बारे में अभी कुछ स्पष्ट नहीं है, लेकिन यह लेवल-1 का उल्लंघन है, इसलिए सूर्यकुमार को चेतावनी या 15% मैच फीस का जुर्माना हो सकता है।

### शमार जोसेफ भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर

वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ चोट की वजह से भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह नए तेज गेंदबाज जोहान लेन को टीम में शामिल किया गया है। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने एक ट्वीट में इसकी जानकारी दी। लेन ने अब तक किसी भी फॉर्मेट में डेब्यू नहीं किया है। ट्वीट में बताया गया कि जोसेफ चोटिल हो गए और बांग्लादेश के लिमिटेड ओवर के दौरे से पहले उनकी फिर से जांच की जाएगी लेकिन चोट किस तरह की है, ये नहीं बताया गया है। भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में खेला जाएगा। वेस्टइंडीज को भारत में 14 अक्टूबर को टेस्ट मैच खत्म होने के बाद 18 अक्टूबर से बांग्लादेश में तीन वनडे और उसके बाद 27 अक्टूबर से 1 नवंबर तक तीन टी-20 मैच खेलने हैं।

# लखनऊ में इंडिया-ए ने आस्ट्रेलिया-ए को हराया

## केएल राहुल ने नाबाद 176 रन बनाए, सुदर्शन की सेंचुरी; सुथार ने 8 विकेट झटके









**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए दूसरे अनऑफिशियल टेस्ट में इंडिया-ए ने आस्ट्रेलिया-ए को 5 विकेट से हरा दिया है। केएल राहुल ने 210 गेंदों में नाबाद 176 रन की पारी खेली। उन्होंने पारी में 16 चौके और 4 छक्के लगाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया। उनका साथ साईं सुदर्शन ने दिया।

उन्होंने 172 बाल पर 100 रन बनाकर कोरी रॉकी चार्ली की गेंद पर कैंपवेल के हाथों कैच आउट हुए। दोनों बल्लेबाजों के बीच में 143 रन की पार्टनरशिप 228 गेंदों पर हुई। भारतीय टीम ने टी के ठीक पहले 91.3 ओवर में 413 रन बनाकर मैच में जीत दर्ज की। आस्ट्रेलिया ने दोनों पारियों में टोटल 411 रन का टारगेट दिया था।

**चौथे दिन जीत के लिए भारत को चाहिए थे 243 रन**

तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक भारतीय टीम को जीत के लिए 243 रन चाहिए थे। तीसरे दिन दूसरी पारी में भारतीय टीम ने 2 विकेट के नुकसान पर 169 रन बनाए थे। चौथे दिन दो बल्लेबाजों केएल राहुल और साईं सुदर्शन ने सेंचुरी जड़ी, जबकि कप्तान ध्रुव जुरैल ने फिफ्टी मारी। चौथे दिन 169 रनों से आगे भारतीय टीम ने खेलना शुरू किया। इस दौरान 91.3 ओवर में 413 रन बनाकर मैच जीता।

चौथे दिन भारत का पहला विकेट मानव सुथार के रूप में गिरा। वह तीसरे दिन नाइट वाच मैन के रूप में आए थे। मानव ने 29 गेंद पर 5 रन बनाए थे। उन्हें टॉड मर्फी ने 48.4 ओवर में बोल्ड किया। तीसरे दिन 74 रन बनाकर रिटायर हर्ट हुए केएल राहुल बैटिंग करने क्रीज पर उतरे। टीम के 267 रन के स्कोर पर साईं सुदर्शन सेंचुरी जड़कर आउट हो गए। कप्तान ध्रुव जुरैल पांचवे नंबर पर बैटिंग करने मैदान पर उतरे। वह 66 बाल पर 56 रन बनाकर आउट हुए।

**पारी में 5 चौके और 3 छक्के लगाए।** ध्रुव का विकेट टीम के 382 रन के स्कोर पर कोरी रॉकी चाली ने लिया। वह जैक एडवर्ड के हाथों कैच आउट हुए। इस दौरान केएल राहुल और ध्रुव जुरैल के बीच में 115 रन की पार्टनरशिप 113 गेंदों पर हुई। छठवें विकेट पर बैटिंग करने उतरे नीतीश कुमार रेड्डी ने केएल राहुल के साथ मिलकर टीम को जीत दिलाई। नीतीश ने 14 बाल पर 16 रन बनाए। आस्ट्रेलिया की तरफ से टॉड मार्फी ने सबसे अधिक 3 और कोरी रॉकी चाली ने 2 विकेट लिए। इस दौरान किसी और अन्य गेंदबाज को कोई विकेट नहीं मिला।

# 18 साल से पाकिस्तान को फाइनल नहीं हरा पाया भारत

## अब तक 12 बार खिताबी मुकाबले में भिड़े, टीम इंडिया 4 बार ही जीती




**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने एशिया कप 2025 में बांग्लादेश को हराकर फाइनल में जगह बना ली। भारत ने बुधवार को ही खिताबी मुकाबले के लिए क्वालिफाई कर लिया था। दोनों टीमें अब 28 सितंबर को दुबई में पहली बार एशिया कप के फाइनल में आमने-सामने होंगी। ग्रुप और सुपर-4 राउंड में दोनों बार टीम इंडिया ने बाजी मारी थी।

भारत और पाकिस्तान के बीच इंटरनेशनल क्रिकेट में 13वीं बार किसी टूर्नामेंट या ट्राई सीरीज का फाइनल होगा। इससे पहले हुए 12 मुकाबलों में 8 बार पाकिस्तान और महज 4 बार भारत को जीत मिली। 2017 के ICC चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में दोनों टीमें आखिरी बार खिताब के लिए भिड़ी थीं, तब भी पाकिस्तान ने ही बाजी मारी थी। भारत को आखिरी जीत 2007 के टी-20 वर्ल्ड कप में मिली थी।

भारत और पाकिस्तान के बीच हुए 12 फाइनल की कहानी...

वनडे में 11 फाइनल हुए, 8 पाकिस्तान जीता

भारत और पाकिस्तान के बीच पहली बार किसी भी टूर्नामेंट का फाइनल 1985 में हुआ था। यह खिताबी मुकाबला वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ क्रिकेट का था। इसे भारत ने 8 विकेट से जीता था। इसे मिलाकर दोनों टीमों ने वनडे फॉर्मेट के अलग-अलग टूर्नामेंट में 11 फाइनल खेले, 8 में पाकिस्तान और महज 3 में भारत को जीत मिली।

**टी-20 फॉर्मेट में दूसरी बार फाइनल में भिड़ेंगे**

मौजूदा एशिया कप टी-20 फॉर्मेट में खेला जा रहा है। इस फॉर्मेट में दोनों टीमें दूसरी बार ही एक-दूसरे के खिलाफ खिताबी मुकाबला खेलेंगी। इकलौती बार दोनों टीमें 2007 के टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में भिड़ीं थीं। तब एमएस धोनी की कप्तानी में टीम इंडिया ने 5 रन से खिताबी मुकाबला जीतकर पहले वर्ल्ड कप की ट्रॉफी अपने नाम की थी।

# सेंसेक्स 733 अंक गिरकर 80,426 पर बंद

## निफ्टी भी 236 अंक लुढ़का, दवाओं पर ट्रम्प के टैरिफ से फार्मा शेयर्स 8% तक टूटे

**एजेंसी**

**मुंबई।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार, 26 सितंबर को सेंसेक्स 733 अंक गिरकर 80,426 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 236 अंक की गिरावट रही, ये 24,655 के स्तर पर आ गया है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 शेयर्स गिरकर बंद हुए।

दिनभर के कारोबार के बाद कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, फार्मा, हेल्थकेयर, PSU बैंक और IT सेक्टर 2% से ज्यादा गिरकर बंद हुए। फार्मा शेयरों में लौरस लैब्स, बायोकॉन और जायडस लाइफ के शेयर सबसे अधिक गिरे, ये सभी शेयर लगभग 8% तक की गिरावट के साथ बंद हुए।

फार्मा शेयरों में यह गिरावट अमेरिकी प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रम्प के ब्रांडेड या पेटेंटेड दवाई पर 100% टैरिफ लगाने के ऐलान के बाद आई है। ये टैरिफ 1




अक्टूबर 2025 से लागू होगा।

अमेरिका के फार्मा टैरिफः ट्रंप ने ब्रांडेड और पेटेंटेड दवाओं पर 100% टैरिफ लगाया है। जिससे भारत की फार्मा कंपनियों के शेयर जैसे- सन फार्मा, सिप्ला और बायोकॉन 2-5% गिर गए। भारत की जेनेरिक दवाओं पर असर कम है, लेकिन भविष्य में अनिश्चितता बनी हुई है।

IT सेक्टर पर असरः एक्सेंचर कंपनी के कमजोर नतीजों और अमेरिका में H-1B वीजा की करीब 88 लाख रुपए फीस की खबर से भारतीय IT कंपनियों जैसे- विप्रो और टेक महिंद्रा के शेयर 2% गिरे हैं। डिमांड में सुधार न दिखने से 2025 में निफ्टी IT इंडेक्स 21% नीचे आया है। ट्रंप के नए टैरिफ और अमेरिका में मजबूत आर्थिक डेटा से ब्याज दरें घटने की उम्मीद कम हुई। एशियाई मार्केट्स, जैसे निक्केई और हैंग सेंग 0.1-1% गिरे, और अमेरिकी मार्केट्स (S&P 500, नैस्डेक) भी 0.5% नीचे बंद हुए।

**ग्लोबल मार्केट में भी गिरावट**

एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 0.87% गिरकर 45,355 पर और कोरिया का कोस्पी 2.45% नीचे 3,386 पर बंद हुआ। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 1.35% गिरकर 26,128 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.65% गिरकर 3,828 पर बंद हुआ।

# चांदी इस साल अब तक 51,050 महंगी हुई, सोना 50 गिरकर 1.13 लाख

**एजेंसी**

**मुंबई।** चांदी की कीमत आज (25 सितंबर) ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार चांदी 27 रुपए बढ़कर 1,37,067 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,37,040 रुपए पर थी। वहीं, सोने के दाम में आज गिरावट है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 50 रुपए गिरकर 1,13,299 रुपए पर आ गया है। इससे पहले ये 1,13,349 रुपए पर था। इसी महीने 23 सितंबर को सोने ने 1,14,314 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**इस साल सोना 37,137 और चांदी 51,050 महंगी हुई**

इस साल अब तक सोने की कीमत 37,137 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब



1,13,299 रुपए हो गया है।

चांदी का भाव भी इस दौरान 51,050 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,37,067 रुपए प्रति किलो हो गई है। सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (BIS) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। नए नियम के तहत एक अप्रैल से छह डिजिट वाले अल्फान्यूमेरिक हॉलमार्किंग के बिना सोना नहीं बिकेगा।

# स्टील बिल्डिंग बनाने वाली कंपनी ईपैक का IPO

## अब तक 2.54 गुना सब्सक्राइब हुआ, MD बोले- इंडस्ट्री के मुकाबले हमारी ग्रोथ 5-6 गुना तेज

**एजेंसी**

**मुंबई।** प्री डिजाइन्ड स्टील बिल्डिंग्स और प्री फैब्रिकेटेड स्ट्रक्चर्स बनाने वाली कंपनी ईपैक प्रीफैब टेक्नोलॉजिज लिमिटेड अपना IPO लेकर आई है। 24 सितंबर को खुला आईपीओ अब तक 2.54 गुना सब्सक्राइब हो चुका है। रिटेल निवेशकों के लिए इसमें निवेश करने का आज यानी 26 सितंबर को आखिरी मौका है। ईपैक ने IPO का प्राइस बैंड 194 से 204 तय किया है। रिटेल निवेशक मिनिमम एक लॉट यानी 73 शेयर्स के लिए 14,892 रुपए निवेश करने होंगे।

कंपनी बिल्डिंग बनाने के लिए कॉलम, राफ्टर और बीम जैसी चीजें अपने मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट्स में बनाती है। फिर उसे कंस्ट्रक्शन साइट पर केवल असेंबल करती है। इससे समय बचता है, खर्च लगभग 20% कम हो जाता है।



मॉडर्न कंस्ट्रक्शन जैसे मल्टी लेवल कार पार्किंग, वेयरहाउस इसी मेथड से बन रहे हैं। इसमें हर तरह का मोडिफिकेशन संभव है।

प्रीफैब इंडस्ट्री पिछले चार-पांच साल में 8% से 10% CAGR के हिसाब से बढ़ी है। लेकिन हमने हर साल औसतन 55% की सालाना ग्रोथ की है।

इंडस्ट्री ग्रोथ के मुकाबले यह 5 से 6 गुना फास्ट है। यह ग्रोथ इसलिए पॉसिबल हो पाई क्योंकि हमने नोएडा, हैदराबाद और वाइजैग में तीन डिजाइन सेंटर्स बनाए हैं।

ग्रेटर नोएडा, राजस्थान और आंध्रप्रदेश में हमारे तीन फैक्ट्रीज हैं, जिनकी कैपेसिटी 1.35 लाख टन है। IPO से पैसा आने के बाद इसकी कैपेसिटी 1.70 लाख टन हो जाएगी।

इसके अलावा हमारे पास इंसुलेटेड सैंडविच पैनल वॉल है, जिनका इस्तेमाल दीवार बनाने के लिए किया जाता है। इससे 200-400 फीट की दीवार महज एक दिन में बनाई जा सकती है।

इस पैनल की एक बार पेंटिंग 25 साल चलती है। इंसुलेशन के चलते इससे बने बिल्डिंग में AC का इलेक्ट्रिक कंजप्शन करीब 20% तक कम हो जाता है। सैंडविच पैनल बनाने के लिए ग्रेटर नोएडा में हमारे पास 10 हजार टन की कैपेसिटी वाला प्लांट है।आंध्र प्रदेश के मंबाटू में हमने 8 लाख स्क्वायर मीटर का कैपेसिटी प्लांट जून में बनाया है।

# चंकी पांडे @63, दसवीं फेल एक्टर :जिसने अक्षय कुमार को एक्टिंग सिखाई

## सलमान-आमिर और शाहरुख की वजह से छोड़ा बॉलीवुड, बने बांग्लादेश के सुपरस्टार



सुयश पांडे से चंकी पांडे बनने तक का सफर बेहद दिलचस्प और उतार-चढ़ावों से भरा रहा है। चंकी पांडे का जन्म 26 सितंबर 1962 को मुंबई में हुआ था। बचपन में उनकी नैनी उन्हें प्यार से 'चंकी' कहकर बुलाती थीं और यही नाम आगे चलकर उनके साथ जुड़ गया। माता-पिता उन्हें डॉक्टर बनाना चाहते थे, लेकिन पढ़ाई में इंटरेस्ट न होने के कारण उन्होंने अभिनय की ट्रेनिंग शुरू की और अक्षय कुमार जैसे सितारों को भी एक्टिंग और डांस सिखाया। शुरुआती करियर में उन्हें कई रिजेक्शन झेलने पड़े, यहां तक कि एक प्रोड्यूसर के ऑफिस से उन्हें निकाल भी दिया गया। हालांकि निर्माता पहलाज निहलानी से हुई मुलाकात उनके फिल्मी करियर का टर्निंग पॉइंट साबित हुई और 1987 में फिल्म 'आग ही आग' से उन्होंने बॉलीवुड में डेब्यू किया।

1988 की 'तेजाब' फिल्म में उनके किरदार ने उन्हें बड़ी पहचान दिलाई, लेकिन 90 के दशक में सलमान, आमिर और शाहरुख जैसे सितारों के आगे उनका करियर धीमा पड़ गया। इसके बाद उन्होंने बांग्लादेशी फिल्मों की ओर रुख किया, जहां उन्हें सुपरस्टार का दर्जा मिला। बाद में भारत लौटने पर उन्हें फिल्म हाउसफुल सीरीज में आखिरी पास्ता के मजेदार किरदार से नई पहचान और लोकप्रियता मिली। चंकी पांडे की कहानी इस बात का सबूत है कि असफलताओं और बदलावों के बावजूद कड़ी मेहनत और धैर्य से इंसान अपनी जगह बना सकता है। 26 सितंबर 1962 को बॉम्बे (अब मुंबई) में जन्मे चंकी पांडे का असली नाम सुयश पांडे है। उनका नाम चंकी पांडे बनने के पीछे एक दिलचस्प कहानी है। बचपन में उनकी देखभाल करने वाली नैनी उन्हें 'चंकी' कहकर बुलाती थी, क्योंकि उस समय वे गोल-मटोल थे। धीरे-धीरे यह नाम पूरे घर में प्रचलित हो गया और लोग उनके असली नाम की बजाय उन्हें चंकी कहने लगे। आगे चलकर वे चंकी पांडे के नाम से ही मशहूर हो गए। फिल्मों में आने से पहले चंकी पांडे पढ़ाई-लिखाई पूरी करने के बाद एक्टिंग की ट्रेनिंग लेने लगे थे। चंकी के माता-पिता (डॉ.स्नेहलता पांडे-डॉ. शरद पांडे) डॉक्टर थे, इसलिए उन पर डॉक्टर बनने का दबाव था, लेकिन वह एक्टिंग की ओर झुके।

# नेशनल अवॉर्ड विजेता शिल्पा राव का युवाओं को संदेश

## सफलता एक-दो गानों से नहीं मिलती, हर दिन मेहनत करनी पड़ती है





पार्श्व गायिका शिल्पा राव को मंगलवार को 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें यह पुरस्कार भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में प्रदान किया। शाहरुख खान अभिनीत फिल्म 'जवान' के गाने 'चलेया' में उनके काम के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। अपनी जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए, गायिका ने अपनी टीम द्वारा साझा किए गए एक बयान में कहा, श्यह जीत मेरी अपनी नहीं है। राष्ट्रीय पुरस्कार उन सभी का है जो मेरे साथ खड़े रहे, और जमशेदपुर का, मेरे गृहनगर का जिसने मुझे आकार दिया और आज भी मेरा आधार है सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्व गायिका का राष्ट्रीय पुरस्कार पाने वाली शिल्पा राव ने कहा है कि सफलता सिर्फ कुछ कामों कर के नहीं मिलती बल्कि हर दिन मेहनत करनी पड़ती है। वह अपने गृहनगर जमशेदपुर में एक मीडिया संस्थान द्वारा उनकी सफलता पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए यहां आयी थीं। गायिका को 2023 में आई शाहरुख खान की फिल्म जवान में चलेया गाने के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्व गायिका के राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित गया है। उन्होंने कहा सिर्फ एक-दो गाने से आपको सफलता नहीं मिल जाती। आपको हर दिन मेहनत करना पड़ता है। शिल्पा ने अपने परिवार, स्कूल, दोस्तों के साथ साथ मीडिया भी को उनका साथ देने के लिए आभार व्यक्ति किया और कहा कि इसके कारण गायक बनने का उनका सपना पूरा होने में मदद मिली। उन्होंने कहा कि कोई भी गाना विवाद की वजह से सफल नहीं होता है बल्कि उसके लिए तीन चीजों की आवश्यकता होती है बहुत अच्छी तैयारी करना, गाने के अच्छे बोल और उसे सही ढंग से गाना। शिल्पा ने चलेया गाने को बनाने वाली टीम की भी तारीफ की। उन्होंने कहा संगीतकार विशाल शेखर, निर्देशक सिद्धार्थ आनंद, शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और यश राज फिल्म्स सभी ने बेहतरीन काम किया है। मैं खुश हूं कि गाने ने लोगों के दिलों को छुआ। संगीत में कृत्रिम मेधा के इस्तेमाल को लेकर शिल्पा ने कहा कि वह प्रौद्योगिकी को नकारात्मक रूप से नहीं देखती है।

# 'शिल्पा को राज कुंद्रा से नहीं मिले 15 करोड़'

## एक्ट्रेस के वकील बोले- खबरें झूठी हैं, इमेज खराब करने के लिए फैलाई गईं अफवाहें

शिल्पा शेट्टी की कंपनी को राज कुंद्रा द्वारा 15 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए जाने की खबरों पर अब एक्ट्रेस के वकील प्रशांत पाटिल का बयान सामने आया है। वकील ने कहा कि ये सभी आरोप पूरी तरह झूठे हैं। शिल्पा की लीगल टीम ने दावा किया कि यह खबरें जानबूझकर फैलाई गई हैं, ताकि एक्ट्रेस की इमेज को खराब किया जा सके। शिल्पा शेट्टी कुंद्रा के वकील के आधिकारिक बयान में कहा गया, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि मेरी क्लाइंट शिल्पा शेट्टी कुंद्रा को लगभग 10 साल पहले उनके पति राज कुंद्रा से 15 करोड़ रुपए मिले थे और इस लेन-देन की जांच कथित तौर पर मुंबई की आर्थिक अपराध शाखा (EOW) कर रही है। शुरुआत में ही हम साफ करना चाहते हैं कि यह खबर पूरी तरह झूठी और भ्रामक है। इसे जानबूझकर फैलाया गया है ताकि मेरी क्लाइंट की छवि खराब हो। हम इस झूठी खबर की जड़ तक जाएंगे और कानून के तहत कार्रवाई करेंगे। सभी फर्जी खबरें चलाने वालों पर हम आपराधिक और सिविल केस दर्ज करेंगे। मेरी क्लाइंट शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने ऐसा कोई पैसा कभी प्राप्त नहीं किया है। चूंकि मामला कोर्ट में है, इसलिए अभी ज्यादा जानकारी नहीं दी जा सकती।



# इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड में नॉमिनेट हुए दिलजीत दोसांझ

## इम्तियाज अली को दिया क्रेडिट, जानिए कौन थे सिंगर चमकीला जिन पर बनी फिल्म को 2 नॉमिनेशन मिले



सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ को फिल्म अमर सिंह चमकीला के लिए एमी इंटरनेशनल अवॉर्ड में बेस्ट एक्टर का नॉमिनेशन मिला है। एमी नॉमिनेशन की अनाउंसमेंट गुरुवार को हुई है, जिसमें अमर सिंह चमकीला को दो नॉमिनेशन मिले हैं। दिलजीत दोसांझ ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से नॉमिनेशन मिलने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने एक पोस्ट शेयर कर लिखा है, ये सब इम्तियाज अली की बदौलत हुआ। इन इंटरनेशनल सेलेब्स से कंपीट करेंगे दिलजीत दोसांझ इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स में बेस्ट परफॉर्मर बाय अन एक्टर की कैटेगरी में दिलजीत दोसांझ को चमकीला के लिए, डेविड मिशेल को इन लूडविग, ओरियल प्ला को फिल्म न यो, एडिक्टो, डिएगो वासक्वेज को फिल्म इन वन हंड्रेड एयर ऑफ सोलीट्यूड के लिए नॉमिनेशन मिला है। फिल्म अमर सिंह चमकीला को मिला बेस्ट टीवी मूवी/मिनी सीरीज में नॉमिनेशन दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा स्टारर फिल्म अमर सिंह चमकीला को बेस्ट टीवी मूवी/ मिनी सीरीज कैटेगरी में भी नॉमिनेशन मिला है। इसके साथ जर्मनी से हेरहोसन: द बैंकर एंड द बॉम्ब, यूनाइटेड किंगडम से लॉस्ट बॉय्ज एंड फैरीज और चिली से वेंसर ए मोरिर भी नॉमिनेटेड हैं। इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड 2024 का आयोजन 24 नवंबर को न्यूयॉर्क में होगा, जहां सभी विजेताओं की अनाउंसमेंट होगी। दिलजीत दोसांझ को पहली बार इंटरनेशनल लेवल पर नॉमिनेशन मिला है। सभी नॉमिनीज की अनाउंसमेंट 25 सितंबर को इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ टेलीविजन आर्ट्स एंड साइंस द्वारा की गई है। 16 कैटेगरी में कुल 64 नॉमिनेशन हैं, जिनमें 26 देशों की तरफ से फिल्मों और कलाकारों को शामिल किया गया है।

## एक नजर

### दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस बल ने किया पैदल मार्च



**कादीपुर–सुलतानपुर।** दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर कस्बे में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने गुरुवार को उपजिलाधिकारी उत्तम कुमार तिवारी व पुलिस उपाधीक्षक विनय गौतम ने अधिकारियों की टीम के साथ पैदल भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान पुलिस उपाधीक्षक विनय गौतम ने कहा कि आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास कायम रहना चाहिए। समय–समय पर पुलिस मित्र की भूमिका निभाते हुए पैदल मार्च कर जनता में जागरूकता फैलाई जाती है। उन्होंने कहा कि महिला, व्यापारी, किसान और आम नागरिक पूरी तरह सुरक्षित रहें—इसी लक्ष्य के साथ कानून–व्यवस्था पर सतत निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में सक्षम अधिकारी, पुलिस बल व राजस्व कर्मियों के साथ कस्बे के अलग–अलग मार्गों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार दोस्तपुर प्रदीप मिश्र, कस्बा इंचार्ज सुनील सिंह समेत तमाम पुलिस व राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

### धोखाधड़ी के फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कादीपुर–सुलतानपुर।** लगभग एक वर्ष से फरार चल रहे आरोपी रवि तोमर को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, गाजियाबाद जिले के 6,6 ई ब्लॉक, गली नंबर 3, कृष्ण कुंज नंद गांव निवासी रवि तोमर पुत्र महावीर सिंह के खिलाफ वर्ष 2024 में कोतवाली कादीपुर में धोखाधड़ी और कूट रचित प्रमाण पत्र के जरिए आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज बनवाने के मामले में मुकदमा दर्ज हुआ था। तब से आरोपी फरार चल रहा था। शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कस्बे के बस स्टेशन के पास से आरोपी को गिरफ्तार किया।

### सुहागिनों ने देश और परिवार में सुख-शांति के लिए की कामना



**जयसिंहपुर–सुलतानपुर।** गोसाईगंज के गाना मिश्र का पुरवा गांव स्थित काली माता मंदिर परिसर में शुक्रवार को परंपरागत चट महारानी की दुरदुरिया का आयोजन किया गया। यहां बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्र हुईं और सामूहिक रूप से पूजा–अर्चना की। सुहागिन महिलाएं अवसान माई की कथा सुनकर देश–समाज की खुशहाली के साथ ही परिवार पर आने वाली विपत्तियों को दूर करने की मनोकामना की। पूजा के बाद महिलाओं ने समूह बनाकर कथा वाचन किया और प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान रंग–बिरंगे परिधानों में सजी महिलाओं ने पारंपरिक गीत से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आयोजकों ने बताया यह आयोजन न केवल परंपरा को जीवित रखने का माध्यम है, बल्कि आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता को भी मजबूत करता है। कार्यक्रम में तारा मिश्रा, गुड़िया मिश्रा, साधना मिश्रा, पूजा मिश्रा, निशा मिश्रा, सुरेखा मिश्रा, कंचन मिश्रा, इंद्रा मिश्रा, रेखा शुक्ला, पूनम, गायत्री, विद्या देवी, ममता मिश्रा, वंदना मिश्रा समेत दर्जनों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया।

### छात्राओं ने निबंध-पेंटिंग से कहा, जागरूक बनो, सुरक्षित रहो

**सुलतानपुर।** मिशन शक्ति फेस–5 के तहत शुक्रवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, पखरौली में महिला सुरक्षा और नारी सशक्तिकरण को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने निबंध और पेंटिंग प्रतियोगिता में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और संदेश दिया कि महिला सुरक्षा में जागरूक रहना हमारी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में थाना कोतवाली देहात से उप निरीक्षक अभिनव शंकर शुक्ला, उप निरीक्षक मनोज कुमार सिंह, महिला आरक्षी रंजना, महिला आरक्षी पूजा पाल और आरक्षी विशाल राजभर मौजूद रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षकगण ने भी इस कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी की। छात्राओं को महिला सुरक्षा के हेल्पलाइन नंबर 1090, 108, 112, 181, 1930, 1076 के बारे में बताया गया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना सहित केंद्र और प्रदेश सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने छात्राओं से अपील की कि वे हमेशा जागरूक रहें और जरूरत पड़ने पर हेल्पलाइन नंबर का उपयोग कर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करें। कार्यक्रम ने छात्राओं में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति सकारात्मक सोच और जिम्मेदारी का संदेश मजबूत किया।



### सख्त हुए एमएलसी तो बैकफुट पर आए डीआईओएस

**सुलतानपुर।** विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह की सख्ती के आगे जिला विद्यालय निरीक्षक को बैकफुट पर आना पड़ा। आनन–फानन में उन्होंने अपना पुराना आदेश वापस लेते हुए संशोधित आदेश जारी कर दिया। एमएलसी की इस पहल की जिलेभर में जमकर सराहना हो रही है। मामला 12 अक्टूबर को प्रस्तावित उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज की परीक्षा से जुड़ा है। आयोग के निर्देशानुसार परीक्षा केंद्रों पर 50 प्रतिशत कक्ष निरीक्षक संबंधित विद्यालयों के अध्यापकों को लगाए जाने का प्रावधान है। लेकिन डीआईओएस द्वारा जारी आदेश में कोषागार से वेतन पा रहे शिक्षकों को ड्यूटी पर लगाए जाने का निर्देश जारी कर दिया गया था। इस पर एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने 24 सितंबर को डीआईओएस को एक चेतावनी भरा पत्र लिखते हुए कहा कि उनका आदेश आयोग के निर्देशों के विपरीत है। उन्होंने कड़े शब्दों में लिखा कि पूरा प्रदेश किस मानक पर चल रहा है, उसी मानक का अनुपालन करें। अन्यथा हमें तीन दिन के भीतर लिखित जवाब दें। बता दे, 24 सितंबर की सुबह लगभग 11 बजे एमएलसी के प्रतिनिधि ने पत्र को सह जिला विद्यालय निरीक्षक को हाथों–हाथ सौंपा। इसके बाद महज कुछ घंटों में ही डीआईओएस बैकफुट पर आ गए और उसी दिन शाम लगभग 8 बजे संशोधित आदेश जारी कर दिया। जिससे शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई। शिक्षक संगठनों ने एमएलसी की सक्रियता को सराहा।



# वनरोज से टकराई बाइक, शिक्षक की दर्दनाक मौत

**विश्ववार्ता संवाददाता**





**जयसिंहपुर–सुलतानपुर।** लखनऊ बलिया राजमार्ग पर माधवपुर छतौना गांव के पास बाइक सवार शिक्षक वनरोज से टकरा कर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें सीएचसी जयसिंहपुर पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

लखनऊ विकास नगर सेक्टर-6 के राजीव लारेंस मोतिगरपुर विकास क्षेत्र के भदिला खानीपुर प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत थे। वह पत्नी व बच्चों के साथ सुलतानपुर विनोवापुरी में किराये के मकान में रहते थे।

शुक्रवार को वह विद्यालय में अवकाश के बाद बाइक से शहर लौट रहे थे। गोसाईगंज थाने के माधवपुर छतौना गांव के पास सड़क पर अचानक वनरोज आ गया। जिससे टकराने के बाद वह सड़क पर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के वक्त शिक्षक ने हेलमेट पहन रखा था। इसके बाद भी सिर में गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद राहगीरों ने सरकारी एंबुलेंस से घायल को सीएचसी जयसिंहपुर पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने शिक्षक को मृत घोषित कर दिया। जयसिंहपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक की पत्नी लवी सिंह दूबेपुर ब्लाक के भोंयें कठार प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापिका के पद पर कार्यरत हैं।

मृतक अपने पीछे पत्नी, रेजल और रेशल दो जुड़वा बेटी छोड़ गए। बताया जा रहा है मृतक की पत्नी और एक बेटी कैंसर की मरीज हैं। जिनका इलाज चल रहा है। घटना से शिक्षकों में शोक की लहर है। थानाध्यक्ष गोसाईगंज राम आशीष उपाध्याय ने बताया अभी उन्हें घटना की जानकारी नही मिली है। प्रार्थना पत्र मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

#### हाइवे किनारे लगाए जाय कटीला तार

प्राथमिक शिक्षक संघ जयसिंहपुर के अध्यक्ष जय प्रकाश वर्मा ने दुर्घटना पर शोक जताया है। वह घटना की जानकारी पर सीएचसी पहुंचे। उन्होंने हर संभव मदद किया। उन्होंने कहा हाइवे के किनारे झाड़ियां उग आई हैं। जंगली जानवर झाड़ियों से निकल कर अचानक सड़क पर आ जाते हैं। जिससे आये दिन दुर्घटनाएं हो रही है। लोक निर्माण विभाग को झाड़ियों की सफाई कराकर सड़क किनारे कटीले तार लगाने चाहिए। जिससे हादसा न हो।

### सांसद संजय सिंह मामले में नहीं हो सकी गवाही

**सुलतानपुर।** बिजली व्यवस्था को लेकर रोड जाम, सरकारी काम में बाधा, पुलिसकर्मियों से अभद्रता और अन्य आरोपों में राज्यसभा सांसद संजय सिंह, पूर्व विधायक अनूप सण्डा समेत 34 के खिलाफ जारी मुकदमे में अभियोजन का गवाह शुक्रवार को पेश नहीं हुआ। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने गवाह तलब कर 10 अक्टूबर को फिर सुनवाई नियत की है। दो सितंबर 2008 को शहर के ख्वाजा कांप्लेक्स के सामने हाईवे जाम कर प्रदर्शन करने और अन्य आरोपों में ये मुकदमा विचाराधीन है। मामले में पूर्व विधायक अनूप सण्डा, उनके सहयोगी और अब राज्यसभा सांसद संजय सिंह, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव, रवींद्र तिवारी, रिजवान व सबलू समेत 34 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल हुई थी। सांसद समेत 13 लोगों पर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान 13 अप्रैल 2021 को हसनपुर में पार्टी की जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी सलमा बेगम पत्नी मक़सूद अंसारी के पक्ष में बिना अनुमति जनसभा करने का आरोप है।

## कुड़वार के टीकाकरण कैम्प में बच्चों को लगी वैक्सीन

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**कुड़वार–सुलतानपुर।** स्वस्थ नारी-सशक्त समाज अभियान के तहत जिले में टीकाकरण अभियान को तेजी से सक्रिय कर दिया गया है। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मिलकर बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित कर रहे हैं।

शुक्रवार को सीएचसी अंतर्गत अझुई और नीरसहिया गांव में टीकाकरण कैम्प लगाकर ऐसे परिवारों को समझाया गया, जो टीका लगवाने में झिझक दिखा रहे थे। अझुई गांव में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भारत भूषण, डीआईओ डॉ. संजय गुप्ता और स्वास्थ्य अधीक्षक डॉ. वेदांत ने व्यक्तिगत रूप से परिवारों से बातचीत कर उन्हें समझाया, जिसके बाद वहां 12 बच्चों को टीका लगाया गया। वहीं, नीरसहिया गांव में 25 बच्चों का टीकाकरण सफलतापूर्वक किया गया।

स्वास्थ्य अधीक्षक डॉ. वेदांत ने बताया कि अभियान के तहत जिले के हर गांव में कैम्प लगाकर टीकाकरण करवाना सुनिश्चित किया जाएगा और जो परिवार झिझक दिखाएँगे, उन्हें समझा-बुझाकर टीका लगाया जाएगा।

### गैंगस्टर एक्ट के तीन आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी

**सुलतानपुर।** गैंगस्टर एक्ट की विशेष कोर्ट के न्यायाधीश राकेश पांडेय ने समाज विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता के तीन आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। बचाव पक्ष के वकील हरीराम त्रिपाठी ने आरोपियों की पैरवी की। 22 साल तक चले मुकदमे में अभियोजन पक्ष के चार साक्षी ठोस सबूत नहीं दे सके।

कूरेभार थाने के पिपरी सांईनाथपुर निवासी सुनील कुमार दुबे ने 25 अप्रैल 2003 को आरोपी देवनाथ दुबे, शेषनाथ सिंह और इंद्रजीत तिवारी पर संगठित गिरोह बनाकर उसकी जमीन कब्जा करने का मुकदमा दर्ज कराया था। 22 साल तक चले केस में वकील की जिरह में आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं मिल सके जिस कारण तीनों बरी हो गए।

## राजभर के स्वास्थ्य का हाल लेने मेदांता पहुंचे शिवकुमार

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**सुलतानपुर।** बल्दीराय ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह शुक्रवार को लखनऊ स्थित मेदांता अस्पताल पहुंचे और उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के स्वास्थ्य का हालचाल जाना।

इस दौरान ब्लॉक प्रमुख ने मंत्री से भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि वे जल्द स्वस्थ होकर पुनः जनसेवा और समाजहित के कार्यों में सक्रिय हों। उनके दीर्घायु और निरोग जीवन की मंगलकामनाएं।

गौरतलब हो कि हाल ही में सुलतानपुर की ऐतिहासिक रैली में ओमप्रकाश राजभर की अगुवाई में अभूतपूर्व भीड़ उमड़ी थी, जिसमें बल्दीराय ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनकी सक्रियता और संगठनात्मक क्षमता ने न केवल स्थानीय राजनीति बल्कि पूरे जिले में नई चर्चा छेड़ दी थी। शिवकुमार सिंह ने हमेशा ही समाज के अंतिम पायदान तक खड़े लोगों की आवाज़ बुलंद की है। वे अपने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर निरंतर संघर्षशील रहते हैं। चाहे गरीबों की मदद हो, किसानों की समस्या हो या नौजवानों की आवाज़ बल्दीराय ब्लॉक प्रमुख हर मोर्चे पर अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं।

आज अस्पताल पहुंचकर उन्होंने यह संदेश भी दिया कि वे न सिर्फ जनता के लिए समर्पित हैं, बल्कि अपने वरिष्ठ नेताओं और सहयोगियों के प्रति भी संवेदनशील और कृतज्ञ जनप्रतिनिधि हैं। ओमप्रकाश राजभर का हालचाल लेने के बाद शिवकुमार सिंह ने कहा कि पार्टी और संगठन उनके मार्गदर्शन में निरंतर आगे बढ़ रहा है और आने वाले समय में भी प्रदेश की राजनीति में सुभासपा और उसकी नीतियां जनता का विश्वास जीतेंगी।

### बैंक ऑफ बड़ौदा इसौली शाखा में बदहाली, गर्मी से त्रस्त ग्राहक

**सुलतानपुर।** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के इसौली गांव स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा इसौली इन दिनों बदहाली का शिकार है। शाखा में न तो एयरकंडीशन की सुविधा है और न ही कूलर। तेज गर्मी में बैंक का माहौल ऐसा हो गया है कि ग्राहक और कर्मचारी दोनों ही परेशान हैं।ग्राहक बताते हैं कि बैंक में बैठना मुश्किल हो जाता है। खाता धारक फहीम लाडले ने कहा कि सुविधा के नाम पर शाखा में कुछ भी नहीं है। पंखे भी गर्म हवा फेंकते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब ग्राहकों की गाढ़ी कमाई बैंक में सुरक्षित है,तो शाखा में उन्हें राहत की सुविधा क्यों नहीं दी जा रही। ग्राहकों का कहना है कि बैंक की यह लापरवाही असहनीय है। जरूरतमंद लोग घंटों लाइन में खड़े रहकर लेन-देन करते हैं और पसीने में भीग जाते हैं। सरकार डिजिटल इंडिया और आधुनिक सुविधाओं की बात करती है, लेकिन बैंक ऑफ बड़ौदा इसौली शाखा का हाल देखकर विश्वास ही नहीं होता कि हम 21वीं सदी में हैं,एक अन्य खाता धारक ने नाराजगी जताई।वसीम अहमद, राजू, विजय, आदिल, मोहम्मद नकी,अकील अहमद, सूर्य भान पांडे, कफील अहमद वलीम आदि ग्राहकों ने मांग की है कि शाखा को जल्द से जल्द एयरकंडीशन युक्त बनाया जाए। उनका कहना है कि यदि बैंक प्रबंधन ने समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए,तो वे मजबूरन शिकायत दर्ज कराने और धरना-प्रदर्शन का रास्ता अपनाएंगे।

## 2027 में सपा बनाएगी प्रचंड बहुमत की सरकार : श्रीकांत यादव

### प्रदेश सचिव बोले 2022 में हुई चूक,अब नहीं होगी गलती

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**सुलतानपुर ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव श्रीकांत यादव ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने भरोसे के साथ कहा कि आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में सपा प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।

उनका कहना था कि 2022 में थोड़ी-सी चूक के कारण सरकार बनते-बनते रह गई थी, लेकिन अब वैसी गलती नहीं होगी।

शुक्रवार को प्रदेश सचिव लंभुआ विधानसभा के पूर्व विधायक संतोष पांडेय के दिवंगत पिता की तेरहवीं संस्कार में आयोजित शांति भोज में शामिल हुए। इस दौरान श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा सपा अब पूरी तरह नई रणनीति के साथ मैदान में है। पहले कई बार भाजपा ने हमारी कमियों का फायदा उठाया। लेकिन अब हालात बदल गए हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा को मात देना इसका सबूत है।

उन्होंने दावा किया कि पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए खास रणनीति और फार्मूला तय कर लिया है। भले ही उन्होंने उसे सार्वजनिक नहीं किया, लेकिन विश्वास जताया कि 2027 में सूबे में साइकिल की रफ्तार इतनी तेज होगी कि उसे रोक पाना किसी भी विपक्षी दल के बस की बात नहीं होगी। प्रदेश सचिव ने कहा कि अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा सत्ता में लौटेगी और सूबे को नई दिशा मिलेगी। भाजपा का फूल मुरझा जाएगा और उत्तर प्रदेश में सपा की सरकार ही बनेगी।

### मंडल स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में सुलतानपुर को मिली जीत



**जयसिंहपुर–सुलतानपुर।** द्वारिकागंज में शुक्रवार को मंडल स्तरीय विद्यालयी अंडर 19 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में अंबेडकरनगर, बाराबंकी और सुलतानपुर जनपद की टीम ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रबंधक भूपेंद्र नाथ वर्मा एवं जिला क्रीड़ा सचिव दिलीप सिंह ने किया। पहला मैच अंबेडकरनगर और सुलतानपुर के बीच हुआ। जिसमें सुलतानपुर 20 रनों से विजयी रहा। फाइनल मैच बाराबंकी और सुलतानपुर के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर बाराबंकी ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बाराबंकी की टीम ने निर्धारित 10 ओवर के मैच में 101 रन का लक्ष्य दिया। जिसमें विष्णु के 52 रनों का योगदान रहा। लक्ष्य का पीछा करते हुए सुलतानपुर ने 8.4 ओवर में 102 रन बनाकर मैच जीत लिया। सुलतानपुर की तरफ से सुधीर यादव ने शानदार नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली। जीशान, प्रिंस, सनी कनौजिया, कपिल कुमार, आयुष का भी प्रदर्शन शानदार रहा। मैन ऑफ़ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज सुधीर यादव रहे। अंपायरिंग विवेक सिंह, उद्दात सिंह, साबिर एवं पंकज ने की। प्रबंधक भूपेंद्र नाथ वर्मा एवं खेल प्रभारी सर्वेश कांत वर्मा ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल और शील्ड देकर पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में सुरेश यादव, सुरेंद्र वर्मा, दीपक सिंह, मनोज वर्मा, प्रदीप सिंह, वीरेश,फैजान आदि लोगों का योगदान रहा।

### प्रदर्शन कर भाकियू ने एसडीएम को सौंपा मांग पत्र

**जयसिंहपुर–सुलतानपुर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक गुट ने किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर शुक्रवार तहसील में प्रदर्शन किया। यहां किसानों ने एसडीएम प्रभात कुमार सिंह को मांग-पत्र सौंपते हुए समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की। भाकियू के पदाधिकारियों ने प्रदर्शन के दौरान बिजली विभाग की लापरवाही पर रोष जताया। उनका आरोप था कि गलत मीटर रीडिंग कर उपभोक्ताओं से मनमाना बिल वसूला जा रहा है। किसानों ने पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता की कमी, सिंचाई विभाग से माइनर की सफाई और समय पर टेल तक पानी उपलब्ध कराने, विपणन विभाग से फसलों की खरीद और भुगतान में देरी जैसी समस्याओं को भी उठाया। प्रदर्शन के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों ने एक घण्टे बैठकर किसानों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण का आश्वासन दिया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिलाध्यक्ष राम विशाल मौर्य ने किया। जिलाध्यक्ष ने समस्याओं का निस्तारण न होने पर उग्र प्रदर्शन की चेतावनी दी। इस मौके पर तहसील प्रभारी रिजवान, ब्लॉक अध्यक्ष सलमान, वीरेंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में किसान व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## अन्नपूर्णा भवनों का विधायक ने किया लोकार्पण

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**जयसिंहपुर–सुलतानपुर।** ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामीणों को सुलभ व किफायती दरों पर रोजमर्रा का सामान उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा संचालित अन्नपूर्णा भवन योजना लगातार तेजी पकड़ रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को विधायक राजप्रसाद उपाध्याय ने ग्राम पंचायत बिशुनदासपुर व बरसोमा में लगभग 21 लाख रुपये की लागत से निर्मित दो अन्नपूर्णा भवनों का लोकार्पण किया।

लोकार्पण अवसर पर विधायक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि गाँव के लोग एक ही छत के नीचे अपनी दैनिक जरूरतों का सामान सस्ते दामों पर प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि अन्नपूर्णा भवन न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करेंगे, बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार का अवसर भी प्रदान करेंगे।विधायक ने यह भी कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार विकास कार्यों की रफ्तार को और गति दे रही है। आज प्रदेश के गाँव-गाँव तक सड़क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँच रही हैं। युवाओं को रोजगार मिल रहा है तथा नए अवसर लगातार सृजित हो रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि पूरे देश की निगाहें आज उत्तर प्रदेश की ओर टिकी हुई हैं। विकसित भारत का सपना उत्तर प्रदेश की भागीदारी के बिना अधूरा है, इसलिए हम सबको मिलकर प्रधानमंत्री के सपनों को साकार करना है।

इस मौके पर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाते हुए खण्ड विकास अधिकारी श्यामनारायण चतुर्वेदी, विपणन निरीक्षक अभिषेक सिंह, ग्राम प्रधान बिशुनदासपुर लल्लन यादव, बरसोमा प्रधान प्रतिनिधि राजू वर्मा, प्रधान बृजेश यादव, मुन्ना यादव, गुड्डू उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने इस योजना को ग्रामीणों के लिए लाभकारी बताते हुए विधायक का आभार जताया।

### मनीषियों के लेखों से सजी 'चेतनता' शोध पत्रिका, लोकार्पण

**कादीपुर–सुलतानपुर।** कौण्डिन्य साहित्य सेवा समिति, पटेल नगर कादीपुर द्वारा प्रकाशित शोध-पत्रिका 'चेतनता' के संयुक्तांक 'श्रीराम लला विग्रह प्राण-प्रतिष्ठा विशेषांक' का लोकार्पण अयोध्या धाम में भव्य समारोह के बीच संपन्न हुआ। गुरुवार की शाम आयोजित इस कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर कीर्ति कुमार पाण्डेय, डॉ. सुशील कुमार पाण्डेय 'साहित्येंदु', वरिष्ठ साहित्यकार मथुरा प्रसाद सिंह 'जटायु', असिस्टेंट प्रो. डॉ. सलिल कुमार पाण्डेय तथा प्रगति कुमार द्वारा लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर आशु कवि मथुरा प्रसाद सिंह जटायु ने कहा कि इस विशेषांक के मुखपृष्ठ पर लाओस के डाक टिकट में अंकित श्रीराम लला विग्रह को स्थान दिया गया है। यह अंक सीएम योगी आदित्यनाथ को समर्पित है। प्रबंध संपादक डॉ. सलिल कुमार पाण्डेय ने बताया कि इस अंक में 92 विद्वानों के लेख संकलित हैं, जो श्रीराम साहित्य के शोधार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे।

## बुद्धम शरणम में ही विश्व शांति संभव : डॉ. पर्विंदर सिंह

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**सुलतानपुर।** एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स पुरस्कार विजेता डॉ. पर्विंदर सिंह अमेरिका से लंभुआ के पूर्व सपा विधायक संतोष पाण्डेय के आवास पर पहुंचे। यहां उन्होंने विधायक के पिता स्व. रामचंद्र पाण्डेय के मरणोपरांत आयोजित शांति भोज में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी दौरान उन्होंने मौजूदा वैश्विक हालात पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बुद्ध के मार्ग में ही मानवता और विश्व शांति का स्थायी समाधान छिपा है।

डॉ. सिंह ने कहा कि आज विश्व अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है। कहीं अस्तित्व की लड़ाई है, कहीं वर्चस्व की होड़। हथियारों की अंधी दौड़, संसाधनों पर कब्जे की आदतें और सत्ता संघर्ष ने समूची मानवता को संकट में डाल दिया है। लोकतांत्रिक और गैर-लोकतांत्रिक सत्ता में फर्क करना मुश्किल हो गया है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका, रूस और चीन जैसे महाशक्तियों की आपसी गला काट प्रतिस्पर्धा ने न सिर्फ आर्थिक, व्यापारिक और औद्योगिक समीकरण बिगाड़े हैं बल्कि दुनिया को युद्ध की आग में झोंक दिया है। रूस-यूक्रेन, इजराइल-फिलीस्तीन जैसे संघर्ष और भारत-पाक सहित एशियाई देशों में उभरते तनाव इस बात का प्रमाण हैं कि दुनिया अशांति की ओर बढ़ रही है।

डॉ. पर्विंदर ने कहा कि जंग से अस्थायी वर्चस्व हासिल हो सकता है, लेकिन स्थायी प्रगति प्रेम, शांति और सद्भाव से ही संभव है। आज आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन बन चुका है जिसने सुख-चैन और विकास को बंधक बना लिया है। ऐसे समय में सिर्फ बुद्ध का दर्शन ही दुनिया को बचा सकता है। 'बुद्धं शरणं गच्छामि, संघं शरणं गच्छामि, धम्मं शरणं गच्छामि' के मार्ग पर चलकर ही विश्व में स्थायी शांति और मानवता की रक्षा संभव है। उन्होंने भारत की विकास यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि भारत लगातार आगे बढ़ रहा है और यही बात विश्व की महाशक्तियों को खटक रही है। लेकिन भारत का मार्ग संघर्ष नहीं, बल्कि शांति और सहयोग का है, जिसे पूरी दुनिया को अपनाना होगा।

इस मौके पर सपा के सुल्तानपुर लोस प्रभारी व एमएलसी राम वृक्ष यादव, प्रदेश सचिव तेजेंद्र सिंह बग्गा, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अनीश राजा समेत दलीय निष्ठा से ऊपर उठकर कांग्रेस - भाजपा के प्रदेश और जिलास्तर के नेता समेत हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### हत्यारोपियों की गिरफ्तारी को एसपी को निर्देश

**सुलतानपुर।** कुड़वार थाना क्षेत्र के महराजगंज शादीपुर में पूर्व प्रधान मोइनुद्दीन की हत्या के मामले में न्यायाधीश संतोष कुमार ने फरार तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसपी को निर्देश दिया है। पीड़ित पक्ष के वकील रवि शुक्ला ने बताया कि पांच साल पूर्व हुए हत्याकांड में मो. शकील, एकलाख और रोहित तिवारी अब भी फरार हैं जिन पर गिरफ्तारी वारंट का तामीला पुलिस नहीं कर पाई है।

### पुलिस के हमलावर की रिहाई का आदेश

**सुलतानपुर।** दोस्तपुर थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बीते 13 अगस्त को पुलिस पर हमला करने के आरोपी विशाल सिंह को एडीजे संतोष कुमार ने जमानत दी है। वकील अरविन्द पाण्डेय ने अर्जी पेश कर कहा कि आरोपी का रोल स्पष्ट नहीं है और किसी को गम्भीर चोट नहीं आई थी।

## शेम्फोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल के डांडिया महोत्सव आयोजित

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**सुलतानपुर।** शहर के शेम्फोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल में शुक्रवार को सांस्कृतिक विविधता और उत्साह से परिपूर्ण डांडिया महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ.अजय कुमार तिवारी ने प्रेरक संबोधन में साहित्य और संस्कृति की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अभिभावकों की बच्चों के चरित्र निर्माण में भूमिका पर चर्चा की। उन्होंने मोबाइल की लत छुड़ाने के व्यावहारिक उपाय सुझाए, जिन्हें उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों ने उपयोगी और प्रेरणादायक बताया। औपचारिक कार्यक्रम की शुरुआत रैम्प वॉक से हुई,जिसमें माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके बाद डांडिया नृत्य, हाउज़ी, म्यूजिकल चेयर और डांस ऑन पेपर जैसे मनोरंजक खेल आयोजित हुए।

डांडिया नृत्य में शानदार प्रदर्शन के लिए विवान की माताजी को 'डांडिया क्वीन' घोषित किया गया, जबकि कीर्ति, मोनिका, आनय और अक्षांश की माताओं को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। सभी विजेताओं को स्मृति-चिह्न स्वरूप फोटो फ्रेम भेंट किए गए। विद्यालय की शिक्षिकाओं ने भी अपनी प्रतिभा का मनमोहक प्रदर्शन कर सबका दिल जीता। उनके योगदान के लिए 16 शिक्षिकाओं को सांत्वना पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की पृष्ठभूमि में विद्यालय की उपप्राचार्या दीक्षा श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा।

संचालन जसप्रीत कौर ने किया, जिनकी ऊर्जावान प्रस्तुति ने समारोह को यादगार बना दिया। अंत में अभिभावक, शिक्षक और छात्र-छात्राओं ने सामूहिक नृत्य और संगीत का भरपूर आनंद लिया। अभिभावकों ने विद्यालय की इस पहल की सराहना की और ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों को निरंतर जारी रखने की इच्छा जताई।

## एक नजर

### भाजपा का दूसरा नाम 'पेपर चोर सरकार' : राहुल



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने उत्तराखंड में पेपर लीक की ताजा घटना को लेकर भारतीय जनता पार्टी सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए शुक्रवार को कहा कि बार-बार पेपरलीक होने की घटनाओं से युवाओं का सपना तबाह करने वाली भाजपा सरकार 'पेपर चोर' सरकार बन गयी है। राहुल ने कहा कि अब तक भाजपा वोट चोरी करवाकर सत्ता में आने के षड्यंत्र में लिप्त रही है लेकिन अब इससे भी आगे निकल कर देश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने उत्तराखंड में यूकेएसएसएससी के हाल में हुए पेपर लीक का हवाला दिया और कहा कि पेपर चोर हो चुकी भाजपा युवाओं की मेहनत पर पानी फेर रही है। उन्होंने भाजपा को पेपर चोर नाम देते हुए कहा, 'आज भाजपा का दूसरा नाम है-पेपर चोर। देशभर में बार-बार होने वाले पेपर लीक ने करोड़ों मेहनती युवाओं की जिंदगी और सपनों को तबाह कर दिया है। राहुल ने कहा, ₹युवा सड़कों पर हैं और नारा दे रहे हैं -'पेपर चोर, गद्दी छोड़।' यह सिर्फ़ युवाओं की नौकरी की लड़ाई नहीं है, यह न्याय और लोकतंत्र की लड़ाई है। मैं हर छात्र और युवा के साथ इस न्याय की लड़ाई में मजबूती से खड़ा हूं। पेपर चोर गद्दी छोड़।

### छत्तीसगढ़ में गिरा स्टील प्लांट, 6 की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में स्टील प्लांट का बड़ा हिस्सा गिर गया है। इसमें छह लोगों की मौत की खबर है। घटना रायपुर के एक प्राइवेट स्टील प्लांट की है। यहां शुक्रवार को प्लांट का एक हिस्सा गिर गया। इसकी चपेट में आने से कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई है जबकि कई अन्य घायल बताए जा रहे हैं। घटना छत्तीसगढ़ की राजधानी के बाहरी इलाके सिलतारा औद्योगिक क्षेत्र में स्थित गोदावरी इस्पात लिमिटेड के कारखाने में हुई। जानकारी के मुताबिक प्लांट में मेंटेनेंस कार्य के बाद जांच करने पहुंचे कर्मचारियों पर अचानक सिल्ली गिर गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हादसे के तुरंत बाद बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। हादसे के घायलों की स्थिति और हादसे के कारणों की जानकारी फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है। घटना ने सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। रायपुर एएसपी लखन पटले ने बताया कि हादसे में 6 लोगों की दर्दनाक मौत हो चुकी है। कुछ लोगों के दबे होने की आशंका के तहत राहत और बचाव कार्य किया जा रहा है।

### पीएम मोदी ने मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को उनकी 93वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी और देश के लिए उनके योगदान को याद किया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। हम उनके लंबे सार्वजनिक जीवन के दौरान राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को याद करते हैं। कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा- भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की जयंती पर उन्हें मेरा सादर नमन। राष्ट्र निर्माण के प्रति उनकी अटूट निष्ठा, गरीबों और वंचितों के लिए उनके साहसिक निर्णय, और मजबूत अर्थव्यवस्था के निर्माण में उनका ऐतिहासिक योगदान हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे।

### खौलते दूध के बर्तन में गिरी बच्ची, मौत

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले के बुक्करायसमुद्रम गांव स्थित अंबेडकर गुरुकुल स्कूल में रसोई में रखे गर्म दूध में गिरने से 17 महीने की बच्ची की मौत हो गई। बच्ची की पहचान अक्षिता के रूप में हुई है। उसकी मां कृष्णवेणी स्कूल में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में काम करती है जो अपनी बेटी को स्कूल लेकर आई थी। घटना 20 सितंबर की है इसका वीडियो अब सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि बच्ची बिल्ली का पीछा करते हुए रसोई में आती है और दूध के बर्तन से टकराकर उसमें गिर जाती है। रोने की आवाज सुनकर मां रसोई में आती है। बच्ची को बर्तन से निकालकर तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### दुकानदार-स्टाफ ने महिला को लातों से पीटा

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में एक साड़ी शॉप के दुकानदार और उसके स्टाफ ने साड़ी चुराने के आरोप में एक महिला की बेरहमी से पिटाई की। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो सामने आया है, जिसमें दुकानदार और उसके स्टाफ लातों से महिला की पिटाई करते दिखे। एक वीडियो में दिखा कि महिला एक दुकान के सामने बेसुध बैठी थी। दुकानदार ने उसका हाथ पकड़ा और घसीटते हुए सड़क पर ले आया। फिर महिला की पीठ पर जोर से लात मारी। इससे महिला जमीन पर गिर गई। फिर आरोपी ने महिला के प्राइवेट पार्ट पर लात मारी। दुकानदार ने जूते पहन रखे थे। उसने महिला को फिर से घसीटा। पीठ पर मुक्का मारा। इसके बाद उसके सीने पर दो बार लात मारी। इस दौरान महिला मदद के लिए चिल्लाती रही। उसके आस-पास कई लोग थे, जो तमाशबीन बने रहे। कुछ तो फोन से घटना का वीडियो बनाते दिखे। ये पूरी घटना बेंगलुरु के एवेन्यू रोड पर हुई। यहां स्थित माया सिल्क साड़ी स्टोर के मालिक उमेद राम ने आरोप लगाया कि महिला ने उसकी दुकान से 61 साड़ियों का एक बंडल चुरा लिया। साड़ियों की कीमत 91,500 रुपए बताई गई।

### बेल पर बाहर आये नाबालिग ने फिर की हत्या

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के सीलमपुर इलाके में गुरुवार शाम बेल पर आए 14 साल के नाबालिग ने 15 साल के करण नामक लड़के की चाकू मारकर हत्या कर दी। सीलमपुर पुलिस चौकी के पास, पीड़ित मैकेनिक का काम करता था। आरोपी नाबालिग को नरेला इंडस्ट्रियल एरिया में पिछले साल हुई दोहरी हत्या के मामले में 4 महीने पहले जमानत मिली थी। गुरुवार शाम दोनों लड़कों के बीच झगड़ा होने पर उसने करण को चाकू मार दिया। पुलिस ने करण को जेपीसी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। आरोपी को गिरफ्तार करके हत्या में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया गया है।

### दिल्ली में कांग्रेस नेता की गोली मारकर हत्या

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मालवीय नगर में 55 साल के कांग्रेस नेता और प्रॉपर्टी डीलर लखपत सिंह कटारिया को बाइक सवार हमलावरों ने गोली मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार सुबह 9.53 बजे बेगमपुर के पास बाइक पर आए दो लोगों ने पार्क के निकट कटारिया को रोका, उन पर गोलियां चलाईं और मौके से भाग गए।

### बंगाल के पूर्व मंत्री को हाईकोर्ट से जमानत

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री और टीएसी विधायक पार्थ चटर्जी को जमानत दे दी। जस्टिस शुभ्रा घोष की बेंच ने जेल की शर्तों के अनुसार चटर्जी को अपना पासपोर्ट जमा करने और निचली अदालत के अधिकार क्षेत्र से बाहर न जाने का निर्देश दिया। जस्टिस घोष ने यह भी कहा कि चटर्जी को मुकदमे के लंबित रहने तक किसी भी सार्वजनिक पद पर नियुक्त नहीं किया जाएगा। चटर्जी पर प्राइमरी स्कूल शिक्षकों, असिस्टेंट स्कूल शिक्षकों और शिक्षा विभाग में अन्य पदों पर अयोग्य उम्मीदवारों की अवैध नियुक्तियां करने वाले एक रैकेट में शामिल होने का आरोप है। ईडी ने शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामल में पार्थ चटर्जी को 25 अप्रैल 2023 में गिरफ्तार किया था। 22 जुलाई को पार्थ और उनकी करीबी अर्पिता के 18 ठिकानों से ED ने रेड में 20 करोड़ कैश बरामद किया था। गिरफ्तारी के बाद से ही पार्थ जेल में हैं।

### ईरान-रूस में 25 अरब डॉलर की न्यूक्लियर डील

**मास्को।** ईरान ने रूस की सरकारी एटमी कंपनी रोसाटॉम के साथ एक बड़ा समझौता किया है। इस समझौते के तहत रूस ईरान में 4 नए न्यूक्लियर पावर प्लांट बनाएगा। इसमें करीब 25 अरब डॉलर का निवेश होगा। ईरानी मीडिया इरना ने साफ किया है कि यह प्रोजेक्ट दक्षिण-पूर्वी ईरान के होर्मोज्गान प्रांत के सिरिक इलाके में होगी। यहां लगभग 500 हेक्टेयर जमीन पर तीसरी पीढ़ी के एडवांस न्यूक्लियर प्लांट बनाए जाएंगे। इन प्लांट्स से करीब 5,000 मेगावाट बिजली मिलने की उम्मीद है। फिलहाल ईरान के पास केवल एक न्यूक्लियर पावर प्लांट है, जो बुशहर शहर में है। यह प्लांट भी रूस ने बनाया था और इसकी क्षमता लगभग 1 गीगावाट है।

# स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जायेगा मिग-21 का इतिहास

## कई मौके आये जब इसने अपनी निर्णायक क्षमता को साबित किया : राजनाथ

एजेंसी

**चंडीगढ़।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वायु सेना के लड़ाकू बेड़े से विदा किये गये मिग -21 लड़ाकू विमान को शौर्य और पराक्रम का प्रतीक बताते हुए कहा है कि इस विमान ने छह दशक तक भारत की सुरक्षा सुनिश्चित की और सैन्य विमानन की यात्रा में इसका इतिहास स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जायेगा। वायु सेना में 62 वर्षों तक सेवा देने वाले मिग-21 विमान को विदाई देने के लिए शुक्रवार को यहां एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

राजनाथ सिंह ने इस अवसर पर वायु सेनाकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी से लेकर अब तक के देश के वीरता के इतिहास में मिग -21 का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि इस विमान के लंबे इतिहास में ऐसे कई मौके आये जब इसने अपनी निर्णायक क्षमता को साबित किया। उन्होंने कहा, ₹ जब हम मिग-21 को, उसकी संचालन यात्रा से विदाई दे रहे हैं, तो मुझे लगता है, हम एक ऐसे अध्याय को विदा करने जा रहे हैं, जो न केवल भारतीय वायु सेना के इतिहास में, बल्कि हमारी पूरे सैन्य विमानन की यात्रा में स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जाएगा। ₹ उन्होंने कहा कि मिग-21 केवल एक विमान या मशीन भर नहीं है, बल्कि यह भारत और रूस के बीच गहरे संबंधों का भी एक प्रमाण है।



मिग -21 को वायु सेना के परिवार का अभिन्न हिस्सा बताते हुए उन्होंने कहा कि इसने हमारा आत्मविश्वास बढाने के साथ साथ हमें विश्व स्तर पर नयी पहचान दिलायी। उन्होंने कहा, हम सबके लिए यह सिर्फ एक लड़ाकू विमान नहीं, बल्कि एक परिवार के सदस्य जैसा है, जिसके साथ हमारा जुड़ाव बहुत गहरा है। मिग-21 ने हमारे विश्वास को आकार दिया, हमारी रणनीति को मज़बूत किया और हमें वैश्विक मंच पर अपने आपको स्थापित करने में मदद की है। अपनी इतनी लंबी यात्रा में इसने हर चुनौती का सामना किया और हर बार अपनी काबिलियत साबित की।

रक्षा मंत्री ने मिग -21 को लेकर आम धारणा को गलत बताते हुए कहा कि वायु सेना 60 वर्ष पुराने विमान नहीं उडा रही है बल्कि इन्हें निरंतर उन्नत किया गया है। उन्होंने कहा, जब मिग21 की बात होती है, अक्सर यह कहा जाता है, कि भारतीय वायुसेना 60 साल पुराने विमान उड़ा रही थी। मैं इस अवसर पर एक जरूरी तथ्य स्पष्ट कर देना चाहता हूँ। 1960 और 1970 के दशक में जो मिग-21 विमान हमारी सेनाओं के पास आए थे, वे बहुत पहले ही सेवा से बाहर हो चुके हैं। जो मिग-21 विमान आज तक हम उड़ा रहे थे, वे अधिकतम 40 वर्ष पुराने हैं। 40 साल का जीवन चक्र ऐसे विमान के मानक में, बिल्कुल सामान्य है। कई देशों में ऐसे विमान को इतने ही समय तक सक्रिय रखा जाता है।

उन्होंने कहा कि मिग-21 की एक ख़ास बात यह है कि इसे तकनीकी रूप से हमेशा उन्नत रखा गया। उन्होंने इसके लिए एचएएल की भी सराहना की। उन्होंने कहा, एक इंटरसेप्टर के तौर पर मिग-21 ने दुश्मन को रोकने का काम किया। ग्राउंड अटैक में इसने अपनी आक्रामक क्षमता दिखाई। लड़ाकू विमान के रूप में, इसने हवाई सीमाओं की रक्षा की और सिर्फ इतना ही नहीं, इसने एक ट्रैनर विमान के तौर पर भी असंख्य पायलटों को तैयार किया। कहने का मतलब यह है कि मिग-21 ने हर उड़ान के साथ, भारत के भविष्य को और भी मजबूत किया है।

# कसूरी बोला- हिंदुस्तान और हिंदुओं का सफाया होगा

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** लश्कर-ए-तैयबा का डिप्टी चीफ सैफुल्लाह कसूरी का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो भारत से हिंदुओं का सफाया करने की धमकी देता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये वीडियो 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले से पहले का है। कसूरी इस हमले के मास्टरमाइंड में से एक है।

वीडियो में वह कहता है, ₹हमारे काफिले न रुकेंगे, न थमेंगे और तब तक चैन से नहीं बैठेंगे जब तक पूरे हिंदुस्तान पर 'ला इलाहा इलल्लाह' (अल्लाह के अलावा कोई दूसरा नहीं) के परचम लहरा नहीं देते।₹ कसूरी आगे कहता है, 'ये वक्त आने वाला है, कोई नाउम्मीदी नहीं। हम जिस मैदान में खड़े हुए हैं, अपने दुश्मन को चारो खाने चित्त किया है। ये हिंदू हमारे सामने क्या है। हिंदुस्तान का हिंदू मिट जाएगा और इस्लाम का राज आने वाला है।'



» लश्कर डिप्टी चीफ ने भारत में इस्लामी राज लाने की दी धमकी

कसूरी वीडियो में कहता है कि ये भाषण वो लश्कर के मुरीदके हेडक्वार्टर से दे रहा है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान लश्कर के इस हेडक्वार्टर पर हमला बोला था। बाद में पाकिस्तानी सेना ने झूठा दावा किया था कि यह आतंकवादी अड्डा नहीं, बल्कि एक मस्जिद है। कसूरी ने पाकिस्तान को 'अल्लाह की दी हुई पनाहगार' बताया। उसने कहा- पाकिस्तान सलामती और अमन की सरजमीं है, ये दुनियाभर के मुस्लिमों का हमदर्द और मददगार है। इसके अलावा कसूरी ने दुनिया से पाकिस्तान की कद्र करने और जुड़ने को कहा।

इससे पहले 17 सितंबर को कसूरी ने टेलीग्राम पर वीडियो जारी कर भारत और पीएम मोदी को अंजाम भुगतने की धमकी दी थी। वीडियो में, कसूरी ने चेतावनी दी कि जम्मू-कश्मीर में भारतीय बांधों, नदियों और इलाकों पर कब्जा करने की कोशिशें की जाएगी।

# आठ साल में जो हुआ, पहले सिर्फ सपना था

## ग्राम प्रधानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सुनाई बदलाव की कहानी

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के गाँव अब सिर्फ बदलाव की उम्मीद नहीं कर रहे, बल्कि बदलाव की जीती-जागती मिसाल बन गए हैं। विकसित यूपी@2047 संवाद श्रृंखला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हुए वर्चुअल संवाद में ग्राम प्रधानों ने बताया कि बीते आठ वर्षों में जिस विकास को उन्होंने देखा, वह कभी सिर्फ एक सपना था। आज वही सपना हकीकत बनकर गाँव-गाँव में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास भर रहा है।





श्रावस्ती जिले के इकौना विकास खंड की ग्राम पंचायत टड़वा महंत के प्रधान शिवकुमार राजभर ने कहा कि मुख्यमंत्री के अभियान से पूरा गांव जुड़ गया है। उन्होंने उत्साहित होकर बताया कि मुख्यमंत्री अगले दिन उनके गांव आ रहे हैं और हर घर में उल्लास का माहौल है।

इसी उत्साह की झलक कौशांबी जिले में भी दिखी। मंझनपुर विकास खंड की ग्राम पंचायत उखैया खास की प्रधान सीमा निर्मल ने बताया कि स्वयं सहायता समूहों ने महिलाओं की जिंदगी बदल दी है। उन्होंने कहा कि पंचायत की बैठकों का संचालन वह स्वयं करती हैं और बीसी सखी गांव-गांव जाकर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही हैं।

बरेली जिले की बिथरी चैनपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत भरतौल की प्रधान प्रवेश ने कहा कि उनके गांव में सबसे पहले मॉडल राशन की दुकान खोली गई थी। आज भरतौल मॉडल ग्राम के रूप में जाना जाता है और गांव की महिलाएं आत्मनिर्भरता की दिशा में लगातार काम कर रही हैं। इसके बाद अलीगढ़ जिले की गोंडा ब्लॉक की ग्राम पंचायत तलेसरा के प्रधान गजेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री को अपने गांव की ऐतिहासिक विरासत से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि उनके गांव से 13 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जुड़े हैं और उनकी स्मृति में स्टेडियम व अमृत सरोवर बने हैं। साथ ही ग्राम सचिवालय, बैंक्वेट हॉल और स्कूल में स्मार्ट क्लास जैसी आधुनिक सुविधाएं भी मौजूद हैं।

अयोध्या जिले के सोहावल विकास खंड की ग्राम पंचायत सनाहा की प्रधान रीना पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा संचालित सभी योजनाएं उनके गांव में लागू हैं। उन्होंने विशेष रूप से कूड़ा निस्तारण व्यवस्था का उल्लेख किया, जिस पर मुख्यमंत्री ने इसे विकसित यूपी की ठोस नींव बताया। बाँदा जिले के बड़ोखर खुर्द ब्लॉक की ग्राम पंचायत दुरेड़ी के प्रधान देवीदयाल सिंह ने गर्व से बताया कि उनकी पंचायत को मुख्यमंत्री पंचायत पुरस्कार योजना के तहत 36 लाख रुपये का पुरस्कार मिला है। उन्होंने उत्साहपूर्वक विकसित यूपी के तीन आयाम 'अर्थ शक्ति, जीवन शक्ति और सृजन शक्ति' के बारे में भी मुख्यमंत्री को बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि पंचायत के सभी आठ विद्यालयों में स्मार्ट क्लास चल रहे हैं। शाहजहाँपुर जिले की भवालखेड़ा ग्राम पंचायत के प्रधान जय प्रकाश ने कहा कि उनके गांव को दो बार मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार मिला है। उन्होंने गांव में स्वयं सहायता समूहों की उपलब्धियों की जानकारी दी और कहा कि इन समूहों ने गांव की अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है।

# सोनार बंगला के लिए मां दुर्गा से की कामना : शाह

## देवी मां से बंगाल में चुनाव के बाद नयी सरकार का आशीर्वाद मांगा

एजेंसी

कोलकाता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यहां संतोष मित्रा स्क्वायर में दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन किया और देशवासियों विशेषकर पश्चिम बंगाल के निवासियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होंने मां दुर्गा से सोनार बंगला के लिए कामना की है। अमित शाह ने कहा कि उन्होंने मां दुर्गा की पूजा की और 2026 के विधानसभा चुनावों के बाद बंगाल में एक नयी सरकार के लिए उनका आशीर्वाद मांगा, जो राज्य के खोये हुए सोनार बंगला (स्वर्णिम बंगाल) के गौरव को बहाल करेगी। उन्होंने कहा, ₹मैंने मां दुर्गा से प्रार्थना की है कि इस विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेश में एक ऐसी सरकार हो जो राज्य को सोनार बंगला बना सके।₹ नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के दृष्टिकोण पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि बंगाल एक बार फिर सुरक्षित, समृद्ध, शांतिपूर्ण और उपजाऊ बने। बंगाली दुर्गा पूजा की वैश्विक मान्यता पर प्रकाश डालते हुए अमित शाह ने कहा, ₹यह त्योहार न केवल पश्चिम बंगाल या भारत में मनाया जाता है, बल्कि दुनिया भर में भी प्रसिद्ध है। नौ दिनों तक बंगाल के नागरिक इस दिव्य ऊर्जा की पूजा में खुद को समर्पित करते हैं, और ये दिन राज्य के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं।₹ उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह त्योहार शुभ शुरुआत लेकर आएगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परिकल्पित समृद्ध भारत के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप बंगाल के विकास में योगदान देगा।



इस अवसर पर गृह मंत्री ने प्रसिद्ध शिक्षाविद् एवं समाज सुधारक ईश्वर चंद्र विद्यासागर को भी श्रद्धांजलि दी तथा शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और बंगाली संस्कृति में उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा, ₹मैं अपनी और भारतीय जनता पार्टी की ओर से ईश्वर चंद्र विद्यासागर के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ।₹

अमित शाह ने बंगाल में हाल ही में हुई भारी बारिश के दौरान जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा, ₹मैं बंगाल में वर्षाजनित घटनाओं में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ।₹ उन्होंने पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। गौरतलब है कि 23 सितंबर को बारिश से जुड़ी घटनाओं में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गयी थी।

अमित शाह ने संतोष मित्रा स्क्वायर पंडाल का उद्घाटन करने से पहले दक्षिणी कोलकाता के कालीघाट मंदिर में पूजा-अर्चना की।

# हमारी सरकार में बिहार से आईएएस निकलते थे, अब मजदूर

## मोतिहारी में प्रियंका बोलीं- यहां 20 सालों से वोट चोरों का राज

विश्ववार्ता ब्यूरो

**मोतिहारी।** कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी ने मोतिहारी के गांधी मैदान में शुक्रवार को 'हर घर अधिकार यात्रा' को संबोधित किया। बिहार में अपनी पहली सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने बिहार और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा।

प्रियंका ने मंच से लोगों से पूछा- का हाल बा, हाल बदलने का समय आ गया है। बदलाव का वक्त है। बदलाव लाओ।' उन्होंने कहा, कांग्रेस ने 70 साल में जनता के अधिकारों को मजबूत किया। आपकी शक्ति को मजबूत किया। हमारी सरकार में यहां से IAS निकलते थे, आज यहां से सिर्फ मजदूर निकल रहे हैं। इस दौरान कांग्रेस सांसद ने अडाणी, अंबानी को मोदी का दोस्त बताया। कहा- आज देश में बड़े-बड़े उद्योग अडाणी और अंबानी के हैं। ये किसके दोस्त हैं। पीएम मोदी के दोस्त हैं। इनका एक और दोस्त है जिसने आपके मखाने पर टैक्स लगाया है। मोदी उनके हाथ पकड़कर चलते हैं। कभी वो आपके हाथ पकड़कर चले हैं।' अपने भाषण के दौरान उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप और मोदी के रिश्तों का भी जिक्र किया। प्रियंका ने ये भी कहा, 'सत्ता में 20 सालों से वोट चोर बैठे हुए हैं।'



प्रियंका ने कहा कि भाजपा हमसे पूछती है कि कांग्रेस ने 70 सालों में क्या किया। मैं जवाब देती हूं कि कांग्रेस ने आपके अधिकारों को मजबूत किया है। आपका वोट मजबूत किया। जब बिहार में कांग्रेस सत्ता में थी, तब बड़े शिक्षण संस्थान बने। उद्योग लगे। कई बड़े बांध और सड़कें बनीं। मेरी सरकार में यहां से लोग सबसे ज्यादा आईएएस और आईपीएस बने। यह एक शिक्षित समाज था। उन्होंने कहा कि बिहार में, देश में रोजगार नहीं है। मैं पूरे देश में घूमती हूं। हिमाचल प्रदेश में मेरा घर बन रहा था। मजदूर कहां से थे? दिल्ली में जितनी भी इमारतें बन रही हैं, उनमें मजदूर कहां से हैं? केरल में मैं सड़क पर चल रही थी। मैंने रुककर एक मजदूर से पूछा, जो सड़क खोद रहा था कि वह कहां से है? पूरी आबादी पलायन कर रही है। यहां आपके लिए एक भी नौकरी नहीं बची है।

प्रियंका ने कहा कि 20 साल की एनडीए सरकार चुनाव से कुछ दिन पहले पैसे देकर खरीदने की कोशिश कर रही है। यह सम्मान नहीं है, सम्मान तब होगा जब सही मानदेय मिलेगा, बेटियां सुरक्षित महसूस करके पढ़ने जाएंगी, लेकिन मोदी-नीतीश यह सम्मान नहीं दे सकते। आज यहां का किसान उसी परिस्थिति में है जिस परिस्थिति में गांधी जी आए थे। चुनाव पास हैं, अब देखिएगा ये लोग कैसे-कैसे ऐलान करेंगे। 10 हजार रुपए महिलाओं को देने का वादा किया। उनकी सरकार 20 साल से सत्ता में है, 20 सालों में उन्होंने महिलाओं के लिए क्या किया?

प्रियंका ने कहा कि भाजपा की निकम्मी सरकार को भगाओ और नई सरकार लाओ, जो आपके लिए काम करे। आप गर्व से कह सको कि मैं बिहारी हूं। मुझे बिहार में नौकरी मिले। मेरा परिवार बिहार से बाहर ना जाए। प्रियंका ने लोगों से कहा, 'महागठबंधन को ही जिताना। इसमें आपका ही फायदा है।'

# ट्रंप के बाद अब नाटो चीफ को भारत ने दिया टका सा जवाब

## भारत को धमका रहे पश्चिमी देश, एमईए ने करारे जवाब से कर दी बोलती बंद

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार ऐसे फैसले ले रहे जिसे लेकर हर कोई सवाल उठ रहा है। पहले उन्होंने भारत पर 25 फीसदी का टैरिफ लगाया फिर रूस से तेल खरीदने को लेकर 25 फीसदी का एक्स्ट्रा टैरिफ ऐड कर दिया। इसके बाद एच-1बी वीजा की सालाना फीस में इजाफा किया गया। मामला इतना भर नहीं अब ट्रंप ने एक और बड़ी घोषणा करते हुए ब्रांडेड दवाइयों के आयात पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया। सवाल ये कि आखिर ट्रंप भारत से इतना नाराज क्यों हैं? ट्रंप ही नहीं रूस से तेल खरीदे जाने को लेकर अब नाटो चीफ ने भी भारत के संदर्भ में चौंकाने वाला दावा कर दिया। उन्होंने क्या कहा वो आगे बताते हैं लेकिन इससे सवाल ये उठ रहा कि क्या पश्चिमी देश भारत को धमकाने की कोशिश कर रहे।

पूरा विवाद उस समय शुरू हुआ जब यूएस राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने दावा किया कि भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में हुए सैन्य संघर्ष को रोकने में उन्होंने अहम रोल निभाया। उनके कई बार ये दावा किए जाने बावजूद भारत लगातार इसे सिरे नकारता रहा है। इसी बात से नाराज ट्रंप ने पहले भारत पर 25 फीसदी का टैरिफ बढ़ाने का ऐलान किया। फिर इसमें 25 फीसदी का और इजाफा कर दिया। टैरिफ वॉर के बाद दोनों देशों के रिश्ते पहले जैसे सामान्य नहीं रहे। हालांकि, दोनों ही पक्ष लगातार वार्ता में जुटे हैं। इस बीच पश्चिमी सैन्य संगठन नाटो के महासचिव मार्क रूटे ने चौंकाने वाला दावा किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका की ओर से लगाए टैक्स की वजह से भारत ने रूस से यूक्रेन युद्ध की रणनीति स्पष्ट करने को कहा है। मार्क रूटे ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मामले पर सीधे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात की है।





न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान रूटे ने कहा कि भारत पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से लगाए गए टैरिफ का रूस पर बड़ा असर पड़ रहा है। भारतीय प्रधानमंत्री ने पुतिन से फोन पर बात की है और उनसे यूक्रेन पर अपनी रणनीति स्पष्ट करने को कहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि अमेरिकी टैरिफ से भारत प्रभावित हो रहा है। जब उनसे पूछा गया कि क्या अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप रूस पर और भी कड़े प्रतिबंध लगाएंगे, तो नाटो महासचिव मार्क रूटे ने सीधा जवाब दिया। रूटे ने कहा कि ट्रंप ने पहले ही ऐसा कर दिया है। हमने देखा है कि उन्होंने क्या किया। जब इस बात पर जोर दिया गया कि भारी टैरिफ अभी तक लागू नहीं किए गए हैं, तो रूटे ने फिर से ट्रेड वॉर का ही जिक्र किया। रूटे ने तर्क दिया कि इस कदम का सीधा असर रूस पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली से अब पुतिन को मॉस्को में फोन किया जा रहा। पीएम मोदी उनसे पूछ रहे हैं कि मैं आपका समर्थन करता हूं, लेकिन क्या आप मुझे यूक्रेन युद्ध को लेकर अपनी रणनीति समझा सकते हैं? ऐसा इसलिए क्योंकि अब भारत पर संयुक्त राज्य अमेरिका ने 50 फीसदी टैक्स लगाया है।

रूटे ने आगे कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप वही कर रहे हैं जो उन्होंने कहा था। हालांकि निश्चित रूप से रूस-यूक्रेन युद्ध में हम खुश नहीं हैं, क्योंकि अब तक हम पूरी तरह से युद्ध को समाप्त करने में सक्षम नहीं हुए हैं। हालांकि, वह इस पर काम कर रहे हैं। अमेरिका का कहना है कि यह कदम भारत को रूसी तेल खरीदने से रोकने के लिए उठाया गया।

**जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड** के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **मनोरंजन सिंह***, **उत्तराखंड कार्यालय**- जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com